
घत्ता—जे तपसूरा, संजमधीरा, सिद्धवधू अणुराईया।
रयणत्तयरंजिय, कम्महगंजिय, ते ऋषिवरमइ झाईया॥

ओं ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादिगुणविराजमानाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ देवशास्त्र गुरु की भाषा पूजा

अडिल्ल छंद ।

प्रथम देव अरहंत सुश्रुत सिद्धांत जू ।
गुरु निर्ग्रंथ महन्त मुकतिपुर पन्थजू ।।
तान रतन जगमांहि सो ये भवि ध्याइये ।
तिनकी भक्ति प्रसाद परमपद पाइये ।।

दोहा ।

पूजों पद अरहंत के, पूजों गुरुपद सार ।
पूजों देवी सरस्वती, नितप्रति अष्ट प्रकार ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह ! अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

गीता छंद ।

सुरपति उरगनरनाथ तिनकर, बन्दनीक सुपदप्रभा ।
अति शोभनीक सुवरण उज्ज्वल, देख छवि मोहित सभा ।।
वर नीर क्षीर समुद्र घट भरि, अग्र तसु बहुविधि नचूं ।
अरहंत श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूं ।।१।।

मलिनवस्तु हर लेत सब, जलस्वभाव मलछीन ।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा: ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जे त्रिजग उदरमँझार प्राणी, तपत अति दुद्धर खरे।
तिन अहिततहरन सुवचन जिनके, परम शीतलता भरे॥
तसु भ्रमरलोभित घ्राणपावन, सरस चंदन घसि सचूं।
अरहंत श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूं॥२॥

चंदन शीतलता करै, तपतवस्तु परवीन।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहाः।

यह भवसमुद्र अपार तारण, के निमित्त सुविधि ठई।
अतिदृढ़ परमपावन जथारथ, भक्ति वर नौका सही॥
उज्वल अखंडित शालि तंदुल, पुंज धरि त्रयगुण जचूं।
अरहंत श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूं॥३॥

तंदुल शालि सुगंधि अति, परम अखंडित बीन।
जासों पूजों परमपद, देव शास्त्र गुरु तीन॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहाः।

जे विनयवन्त सुभव्य उर, अंबुज प्रकाशन भान हैं।
जे एक मुख चारित्र भाषत, त्रिजगमांहि प्रधान हैं॥
लहि कुन्द कमलादिक पहुप, भव भव कुवेदनसों बचूं।
अरहंत श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूं॥४॥

विविध भाँति परिमल सुमन, भ्रमर जास आधीन।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा: ।।४।।

अति सबल मदकन्दर्प जाको, क्षुधा उरग अमान है।
दुस्सह भयानक तासु नाशनको, सुगरुड़ समान है।।
उत्तम छहों रसयुक्त नित, नैवेद्य करि घृत में पचूं।
अरहन्त श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूं।।५।।

नानाविधि संयुक्त रस, व्यञ्जन सरस नवीन।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा: ।।५।।

जे त्रिजग उद्यम नाश कीने, मोहतिमिर महाबली।
तिहिकर्मघाती ज्ञानदीपप्रकाशज्योति प्रभावली।।
इह भाँति दीप प्रजाल, कंचन के सुभाजन में खचूँ।
अरहन्त श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रंथ नित पूजा रचूँ।।६।।

स्वपरप्रकाशक जोति अति, दीपक तमकरि हीन।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा: ।।६।।

जो कर्म ईंधन दहन अग्निसमूह सम उद्धत लसै।
वर धूप तासु सुगन्धि ताकरि, सकल परिमलता हँसै।।
इह भाँति धूप चढ़ाय नित, भवज्वलनमांहि नहीं पचूँ।
अरहन्त श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रन्थ नितपूजा रचूँ।।७।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अग्निमांहि परिमल दहन, चन्दनादि गुणलीन ।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन ॥
ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहाः ।

लोचन सुरसना घ्राण उर, उत्साह के करतार हैं ।
मोपै न उपमा जाय वरणी, सकल फलगुणसार हैं ॥
सो फल चढ़ावत अर्थ पूरन, परम अमृतरस सचूँ ।
अरहन्त श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रन्थ नित पूजा रचूँ ॥८॥
जे प्रधान फल फल विषैं, पंचकरण रसलीन ।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन ॥
ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहाः ।

जल परम उज्ज्वल गन्ध अक्षत, पुष्प चरु दीपक धरूँ ।
वर धूप निरमल फल विविध, बहुजनमके पातक हरूँ ॥
इहभाँति अर्घ चढ़ाय नित भवि, करत शिवपंकति मचूँ ।
अरहन्त श्रुतसिद्धांतगुरुनिर्ग्रन्थ नित पूजा रचूँ ॥९॥
बसुविधि अर्घ संजोय कैं, अति उछाह मन कीन ।
जासों पूजों परमपद, देवशास्त्र गुरु तीन ॥
ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहाः ॥

अथ जयमाला ।

देवशास्त्र गुरु रतन शुभ, तीन रतन करतार ।
भिन्न भिन्न कहुँ आरती, अल्प सगुण विस्तार ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पद्धरी छन्द ।

कर्मन को त्रेसठ प्रकृति नाशि, जीते अष्टादशदोषराशि ।
जे परमसुगुण हैं अनन्तधीर, कहवतके छयालिस गुणगंभीर ।।
शुभसमवशरणशोभा अपार, शत इन्द्र नमत कर शीस धार ।
देवाधिदेव अरहन्तदेव, बन्दौं मनवचतनकरि सुसेव ।।३।।
जिनकी ध्वनि है ओंकाररूप, निरअक्षरमय महिमा अनूप ।
दश अष्ट महाभाषा समेत, लघुभाषा सात सतक सुचेत ।।४।।
सो स्याद्वादमय सप्तभंग, गणधर गूँथे बारह सु अंग ।
रवि शशि न हरैं सो तमहराय, सो शास्त्र नमों बहुप्रीतिलाय ।।
गुरु आचारज उवझाय साध, तननगन रतनत्रय निधि अगाध
संसारदेह वैराग्य धार, निरवांछि तपें शिवपद निहार ।।६।।
गुण छत्तिस पच्चिस आठबीस, भवतारनतरन जिहाज ईश ।
गुरुकी महिमा बरणी न जाय, गुरुनाम जपों मनवचनकाय ।।

सोरठा ।

कीजै शक्ति प्रमान, शक्ति बिना श्रद्धा धरै ।
'द्यानत' श्रद्धावान, अजर अमर पद भोगवै ।।८।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

(इति देवशास्त्रगुरु की भाषा पूजा समाप्त)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री तीस चौबीसीजी की पूजा

स्थापना ।

पांच भरत शुभ क्षेत्र पांच ऐरावते
आगत नागत वर्तमान जिन शास्वते ।
सो चौबीसी तीस जजूं मन लायके
आह्वानन विधि करूं बार त्रय गायके ।।

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरु-संबंधि भरतैरावतक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्राः विंशत्युत्तर सप्तशत संख्याकाः अत्र अवतर अवतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अष्टक ।

नीर दधि क्षीर सम ल्यायो, कनक की भृङ्ग भरवायो ।
अबै तुम चरण ढिग आयो, जनम जरा रोग नशवायो ।।
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिन राजे, पूजतां पाप सब भाजे ।।१।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

सुरभजुत चन्दनं ल्यायो, संग करपूर घसवायो ।
धार तुम चरण ढरवायो, भव आताप नशवायो ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिन राजे, पूजतां पाप सब भाजे ।।२।।

ॐ ह्रीं श्री पंचमेरु सबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो चन्दनं नि० ।

चंद सम तंदुलं सारं, किरण मुक्ता जु उनिहारं ।
पुंज तुम चरण ढिग धारं, अक्षयपद प्राप्त के कारं ।।
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ।।३।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु संवंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो अक्षतं नि० ।

पुष्प शुभ गंधजुत सोहै, सुगंधित नास मन मोहै ।
जजत तुम मदन क्षय होवै, मुक्ति पुर पलक में जोवै ।।
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ।।४।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो पुष्पं नि० ।

सरस व्यंजन लिया ताजा, तुरत बनवायकें खाजा ।
चरन तुम जजों हों महाराजा, क्षुधादिक पलक में भाजा ।।
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ।।५।।

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो नैवेद्यं नि० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दीप तम नाशकारी है, सरस शुभ जोतिधारी है।
होंय दशों दिशा उजारी हैं, धूम्र मिस पाप-छारी है ॥
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ॥६॥

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेद्रेभ्यो दीप नि० ।

सरस शुभ धूप दस अंगी, जलाऊँ अग्नि के संगी ।
करम की सैन चतुरंगी, चरन तुम पूजतें भंगी ।
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ॥७॥

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावत दशक्षेत्राणांत्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो धूपं नि० ।

मिष्ट उत्कृष्ट फल ल्यायो, अष्ट अरि दुष्ट नशवायो ।
चरण जिन भेंट धरवायो, कार्य मनवांछता पायो ॥
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजें ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ॥८॥

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो फलं नि० ।

द्रव्य आठों जु लीना है, अर्घ करमें नवीना है ।
पूजते पाप छीना है, 'भानुमल' जोर कीना है ॥
दीप अढ़ाई सरस राजे, क्षेत्र दस ता विषैं छाजे ।
सात शत बीस जिनराजे, पूजतां पाप सब भाजे ॥९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं पंचमेरु संबंधि भरतैरावतदशक्षेत्राणां त्रिकालवर्ति चतुर्विशतिजिनेन्द्रेभ्योऽर्घं नि० ।

आदि सुदर्शन मेरू तनी दक्षिण दिशा ।
भरत क्षेत्र सुखदाय सरस सुन्दर लसा ॥
तहाँ चौबीसी तीन यजूँ जिनराजजी ।
बहत्तर जिन सर्वज्ञ नमूँ शिर नायजी ॥१॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि दक्षिणभरतस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेद्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

याहि मेरू उत्तर ऐरावत सोहनो ।
आगत नागत वर्तमान मन मोहनो ॥
तहाँ चौबीसी तीन यजूँ जिनरायजी ।
बहत्तर जिन सर्वज्ञ नमूँ शिरनायजी ॥२॥

ॐ ह्रीं सुदर्शनमेरु संबंधि उत्तरैरावत क्षेत्रस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेद्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

कुसुमलता छन्द ।

खण्ड धात को विजय मेरु के, दक्षिण दिशा भरत शुभ जान ।
तहाँ चौबीसी तीन विराजे, आगत नागत अरु वर्तमान ॥
तिनकेचरणकमल को निशिदिन, अर्घचढ़ायकरूँ उर ध्यान ।
इस संसार भ्रमण तें तारो, अहो जिनेश्वर ! करुणावान ॥

ॐ ह्रीं धातकीखंड पूर्वविजयमेरु संबंधि दक्षिणभरतस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वं० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इसी दीप की प्रथम शिखिर की, उत्तर ऐरावत जु महान ।
आगत नागत वर्तमान जिन, बहत्तरि सदा सासते जान ।।
तिनकेचरणकमलको निशदिन,अर्घचढ़ाय करूं उर ध्यान ।
इस संसार भ्रमण तें तारो, अहो ! जिनेश्वर करुणावान ।।

ॐ ह्रीं धातकीखंड पूर्वविजयमेरु संबं उत्तरैरावत क्षेत्रस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्व०

खंड धातु की अचल सुमेर, दक्षिण तास भरत बहु घेर ।
तामें चौबीसी त्रय जान, आगत नागत और वर्तमान ।।५।।

ॐ ह्रीं धातकीखंड पश्चिमअचलमेरु सबंधि दक्षिणभरतस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्व० ।

अचल मेरु उत्तर दिश जान, ऐरावत शुभ क्षेत्र बखान ।
तामें चौबीसी त्रय जान, आगत नागत और वर्तमान ।।६।।

ॐ ह्रीं धातकीखंड पश्चिमअचलमेरु संबंधि उत्तरैरावतक्षेत्रस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

द्वीप पुष्कर की पूरव दिशा, मंदिर मेरुकी दक्षिण भरत-सा ।
ता विषैं चौबीसी तीन जू, अर्घलेय जजूं परवीन जू ।।७।।

ॐ ह्रीं पुष्कर द्वीप पूर्वमंदिरमेरु संबंधि दक्षिणभरतस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

गिरि सूं मंदिर उत्तर जानिये, क्षेत्र ऐरावत शुभ जानिये ।
ता विषें चौबीसी तीन जू, अर्घ लेय जजूं परवीन जू ।।८।।

ॐ ह्रीं पुष्करद्वीप पूर्वमन्दिरमेरुसम्बन्धि उत्तरैरावत क्षेत्रस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पश्चिम पुष्कर गिरि विद्यु तमाल, तासु दक्षिण भरत है विशाल ।
तामें चौबीसी हैं जु तीन, वसु द्रव्य लेय जजूं परवीन ।।९।।

ॐ ह्रीं पुष्करार्धद्वीप पश्चिमविद्यु न्मालीमेरुसम्बन्धि दक्षिण भरतस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति-जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

याही गिरि के उत्तर जु ओर, ऐरावत क्षेत्र बनो निहोर ।
तामें चौबीसी हैं जु तीन, वसु द्रव्यलेय जजूं परवीन ।।१०।।

ओं ह्रीं पुष्करद्वीप पश्चिम विद्यु न्मालीमेरुसम्बन्धि उत्तरैरावतक्षेत्रस्य त्रिकालवर्ति चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

दीप अढ़ाई के विषै, पंचमेरु है ताँह ।
दक्षिण उत्तर तासके, भरत ऐरावत भाय ।।
भरत ऐरावत भाय एक क्षेत्र के मांही ।
चौबीसी हैं तीन दसों दिशि ही के मांही ।।
दसों क्षेत्र के सर्व सातसैं बीस जिनेश्वर;
अर्घ ल्याय कर जोडि जजैं 'रविमल' सुमन कर ।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धि दश क्षेत्राणाम् त्रिकालवर्ति चतुर्विंशति जिनेन्द्रेभ्यः विंशत्युत्तरसप्तशतसंख्याकेभ्योऽर्घ्यं नि० ।

जयमाल ।

दोहा ।

चौबीसी तीसों नमों, पूजा परम रसाल ।
मन, बच, तन त्रय शुद्ध कर, अब वरणों जयमाल ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जय दीप अढ़ाई में जुसार, गिर पांच मेरु उन्नत अपार ।। ता गिर पूर्व-पश्चिम जु ओर, शुभ क्षेत्र विदेह बसै जु ठौर । ता दक्षिण क्षेत्र भरत जानि, है उत्तर ऐरावत महान । गिर पाँच तनें दश क्षेत्र जोय, ताको वरणन अब सुनो लोय । जो भरत तनो वरणन विशाल तैसो ही ऐरावत विशाल ।। इस क्षेत्र बीच विजियार्द्ध एक, वा ऊपर विद्याधर अनेक । इस क्षेत्र विषें षट खंड जानि, तहाँ छहों काल बरतैं महान । जहँ तीन काल में भोग भूमि, दस जाति कल्पतरु रहे झूमि । तब चौथो काल लगै जु आय, तब कर्म भूमि वर्ते सुहाय । जब तीर्थंकर को जन्म होय, सुरलेय जजैं गिर पर सुजोय । बहु भक्ति करें सब देव आय ताथेई थेई थेई थई तान ल्याय । हरि तांडव नृत्य करे अपार, सब जीवन मन आनन्द कार । इत्यादि भक्ति करि के सुरेन्द्र, निज थान जाय जुत देव वृन्द । इह विधि पाँचों कल्यान होय, हरि भक्ति करै अति हर्ष जोय ।। या काल विषें पुण्यवंत जीव, नर जन्म धार शिव लहै अतीव ।। तब त्रेसठ पुरुष प्रवीन होय, सब याही काल विषै जु होय ।। जब पंचम काल करे प्रवेश, मुनिधर्म तणों नहीं रहे लेश । विरले कोई दक्षिन देश मांहि, जिनधर्मी नर बहुते जु नाहिं । जब आवत है षष्ठमजु काल, दुख में दुख प्रगटे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अति कराल। जहां माँस भक्षी नर सर्व होय, तहां धर्म नाम सुनिये न कोय। दश क्षेत्रन में रचना समान, जिनवाणी भाष्यो सो प्रमाण। चौबीसी है इक क्षेत्र तीन, दश क्षेत्रनि में जानो प्रवीन। आगत नागत अरू वर्तमान, सत सात शतक अरु बीस जानि। सब ही महाराज नमूँ त्रिकाल, मम भवसागर तें लेहु निकाल॥ यह बचन हिये मैं धार लेहु, मम रक्षा करहु जिनेन्द्र देव। 'रविमल' की बिनती सुनहु नाथ, मैं पाँय परूँ जुग जोरि हाथ। मम बांछित कारज करौ पूर, यह अरज हृदय में धरि जरूर॥

घत्ता

शत सात जु बीसं, श्री जगदीशं, आगत नागत वर्तंतु हैं।
मन बच्च तन पूजै, सुध मन हूजै, स्वर्ग मुक्ति पद पावत हैं।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धि दश क्षेत्राणाम् त्रिकालवर्ति चतुर्विशति जिनेन्द्रेभ्यः विंशत्युत्तरसप्तशतसंख्याकेभ्योऽर्घ्यं नि०।

दोहा।

सम्वत् सत उन्नीस के, ता ऊपर पुनि आठ।
पोष कृष्ण तृतीया गुरु, पूरन भयो जु पाठ॥
अक्षर मात्रा की कसर, बुध जन शुद्ध करेय।
अल्प बुद्धि मो सोचकें, दोष कबहूं नहीं देय॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पढ़्यो नहीं व्याकरण मैं, पिंगल देख्यो नाहिं ।
जिनवाणी परसाद तें, उमंग भई घट माहिं ।।
मान बड़ाई ना चहूं, चहूं धर्म को अंग ।
नित प्रति पूजा कीजियो, मनमें धारि उमंग ।।

इत्याशीर्वादः इति ।

बीस तीर्थंकर भाषा पूजा ।

दीप अढ़ाई मेरु पन, अब तीर्थंकर बीस ।
तिन सबकी पूजा करूँ, मनवचतन धरि शीस ।।१।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्कराः अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्कराः अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्कराः अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

इंद्रफणींद्रनरेंद्र,-वंद्य पद निर्मलधारी ।
शोभनीक संसार, सार गुण है अविकारी ।।
क्षीरोदधिसम नीरसों (हो), पूजों तृषा निवार ।
सीमंधर जिन आदि दे, बीस विदेहमंझार ।।
श्रीजिनराज हो, भव तारणतरण जिहाज ।।१।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्करेभ्यो जन्ममृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामिति स्वाहाः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(इस पूजा में यदि वीस पुंज करने हों, तो इस प्रकार मंत्र वोलना चाहिये,)

ॐ ह्रीं सीमंधर-युगमंधर-बाहु-सुबाहु-संजात-स्वयंप्रभु-ऋषभानन-अनंतवीर्य-सूरप्रभू-विशालकीर्ति-वज्रधर-चन्द्रानन-चन्द्रबाहु-भुजंगम-ईश्वर-नेमिप्रभू-वीरसेण-महाभद्र देवयशोऽजितवीर्येति विंशतिविद्यमान तीर्थङ्करेभ्यो जन्ममृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामिति स्वाहा।

तीनलोक के जीव, पाप आतापसताये।
तिनको साता दाता, शीतल वचन सुहाये॥
बावन चंदनसों जजूँ (हो,) भ्रमनतपन निरवार।
सीमं० ॥२॥

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्करेभ्यो भवातापविनाशनाय चन्दनं०।

यह संसार अपार, महासागर जिनस्वामी।
तातें तारे बड़ीभक्ति-नौका जगनामी॥
तंदुल अमल सुगन्धसों (हो,) पूजों तुम गुणसार।
सीमं० ॥३॥

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्करेभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतं।

भविक-सरोज-विकाश, निंद्यतमहर रवि से हो।
जति श्रावकआचार, कथनको तुमही बड़े हो।
फूलसुवास अनेकसों (हो), पूजों मदन प्रहार।
सीमं० ॥४॥

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थङ्करेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कामनाग विषधाम, नाशको गरुड़ कहे हो ।
क्षुधा महादवज्वाल, तासुको मेघ लहे हो ।।
नेवज बहुघृत मिष्ठसों (हो) पूजों भूख विडार ।
सीमं० ।।५।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं० ।।

उद्यम होंन न देत, सर्व जगमांहि भरचो है ।
मोह महातम घोर, नाश परकाश करचो है ।।
पूजों दीपप्रकाश यों (हो), ज्ञानज्योति करतार ।
सीमं० ।।६।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं० ।।

कर्म आठ सब काठ, भार विस्तार निहारा ।
ध्यान अग्निकर प्रगट, सर्व कीनो निरवारा ।।
धूप अनूपम खेवतें (हो), दुःख जलैं निरधार ।
सीमं० ।।७।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्योऽष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं ।।

मिथ्यावादी दुष्ट, लोभऽहंकार भरे हैं ।
सबको छिनमें जीत जैनके मेर खरे हैं ।
फल अति उत्तम सों जजों (हो), वाञ्छितफल दातार ।
सीमं० ।।८।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यो मोक्षफल प्राप्तये फलं ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जल फल आठों दर्व,अरघ कर प्रीति धरी है। गणधर इन्द्रनिहूतैं, थुति पूरी न करी है। 'द्यानत' सेवक जानके (हो), जगतैं लेहु निकार। सीमं० ॥९॥

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्योऽनर्घपदप्राप्तये अर्घं ॥

अथ जयमाला आरती।

सोरठा।

ज्ञानसुधाकर चंद, भविकखेतहित मेघ हो।
भ्रमतमभान अमंद, तीर्थंकर बीसों नमों ॥१॥

चौपाई।

सीमंधर सीमंधर स्वामी। जुगमंधर जुगमंधर नामी। बाहु बाहु जिन जगजन तारे। कर्म सुबाहु बाहुबल दारे ॥१॥ जात सुजात केवलज्ञानं। स्वयंप्रभू प्रभु स्वयं प्रधानं। ऋषभानन ऋषि भाननदोषं। अनन्त वीरज वीरज-कोषं ॥२॥ सौरीप्रभ सौरीगुणमालं। सुगुण विशाल विशाल दयालं। वज्रधार भवगिरिवज्जर हैं। चन्द्रानन चन्द्रानन वर हैं ॥३॥ भद्रबाहु भद्रनिके करता। श्रीभुजंग भुजंगम हरता। ईश्वर सबके ईश्वर छाजैं। नेमिप्रभु जस नेमि विराजैं ॥४॥ वीरसेन वीरं जग जानै। महाभद्र महाभद्र बखानै। नमों जसोधर जसधरकारी। नमों अजित-वीरज बलधारी ॥५॥ धनुष पांचसै काय विराजै। आव

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोडिपूरब सब छाजै ।। समवशरण शोभित जिनराजा। भवजलतारन तरन जिहाजा ।।६।। सम्यक रत्नत्रयनिधि-दानी । लोकालोकप्रकाशक ज्ञानी ।। शत इन्द्रनिकरि बंदित सोहैं । सुरनर पशु सबके मन मोहैं ।।७।।

दोहा ।

तुमको पूजै बन्दना, करै धन्य नर सोय ।
'द्यानत' सरधा मन धरै, सो भी धरमी होय ।।८।।

ॐ ह्रीं विद्यमानविंशति तीर्थंकरेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

अकृत्रिम चैत्यालय पूजा ।

चौपाई ।

आठ करोड़ रु छप्पन लाख ।
सहस सत्यानव चतुशत भाख ।।
जोड़ इक्यासी जिनवर थान ।
तीन लोक आह्वान करान ।।१।।

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटि : षट्पंचाशल्लक्षसप्तनवति सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिमजिनचैत्यालयानि अत्रावतरवतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्र मम सन्निहितोभव भव वषट् ।

क्षीरोदधिनीरं उज्ज्वल सीरं,छान सुचीरं भरि झारी। अति मधुर लखावन परम सु पावन, तृषा बुझावन गुण

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भारी ॥ वसु कोटि सु छप्पन लाख सत्तावण, सहस चार- सत इक्यासी । जिनगेह अकृत्रिम तिहुँजग भीतर, पूजत पद ले अविनाशी ॥१॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति- सहस्रचतुःशतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो जलं नि० ।

मलयागिर पावन चन्दन बावन, ताप बुझावन घसि- लीनो । धरि कनक कटोरी द्वै करजोरी, तुमपद ओरी चित दीनो ॥ वसु ॥२॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति- सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो चन्दनं नि० ।

बहुभांति अनोखे तन्दुल चोखे, लखि निरदोषे हम लीने । धरि कंचनथाली तुमगुणमाली, पुञ्जविशाली कर- दीने ॥ वसु० ॥३॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति- सहस्रचतुःशतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो अक्षतान् नि० ।

शुभ पुष्प सुजाती है बहुभांती, अलि लिपटाता लेय वरं । धरि कनक रकेबी करगह लेवी, तुमपद जुगकी भेट धरं ॥ वसु० ॥४॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति- सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो पुष्पं नि० ।

खुरमा जु गिंदोड़ा बरफी पेड़ा, घेवर मोदक भरि थारी । विधिपूर्वक कीने घृतपयभीने, खाँड में लीने सुख- कारी ॥ वसु० ॥५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति-सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो नैवेद्यं नि०।

मिथ्यात महातम छाय रह्यो हम, निजपर परणति, नहिं सूझै। इहकारण पाकैं दीप सजा कैं, थाल धराकैं हम पूजैं ॥ वसु० ॥६॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्ष सप्तनवति-सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो दीपं नि०।

दशगन्ध कुटाकैं धूप बनाकैं, निजकर लेकैं धरि ज्वाला। तसु धूम्र उड़ाई, दशदिश छाई, बहु महकाई अति आला ॥ वसु० ॥७॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचा शल्लक्ष सप्तनवति-सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो धूपं नि०।

बादाम छुहारे श्रीफल धारे, पिस्ता प्यारे द्राखवरं। इन आदि अनोखे लखि निरदोषे, थाल पजोखे, भेंट धरं ॥ वसु० ॥८॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्टकोटिषट्पंचा शल्लक्ष सप्तनवति सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्यो फलं नि०।

जल चंदन तंदुल कुसुम रु नेवज, दीप धूप फल थाल रचौं ॥ जयघोष कराऊँ बीन बजाऊँ, अर्घ चढ़ाऊँ खूब नचूं ॥ वसु० ॥९॥

ॐ ह्रीं त्रिलोक संबंध्यष्ट कोटिषट्पंचा शल्लक्ष सप्तनवति-सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिन चैत्यालयेभ्योऽर्घ्यं नि०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ प्रत्येक अर्घ

चौपाई।

अधोलोक जिन आगमसाख। सात कोडि अरु बहतर लाख ।। श्रीजिनभवन महा छवि देह। ते सब पूजौं वसुविध लेई ।।१।।

ॐ ह्रीं अर्घालोकसंबंधि सप्तकोटि द्विसप्ततिलक्षाकृतिम श्रीजिनचैत्यालयेभ्योऽर्घ्यं।

मध्यलोक जिनमन्दिर ठाठ। साढे चारशतक अरु आठ ।। ते सब पूजौं अर्घ चढ़ाय। मनवच तन त्रयजोग मिलाय ।।२।।

ॐ ह्रीं मध्यलोक संबंधि चतुः शताष्टपंचाशत् श्रीजिनचैत्यालयेभ्योऽर्घ्यं।

अडिल्ल।

ऊर्ध्वलोकके मांहि भवनजिनजानिये।
लाखचुरासी सहस सत्याणव मानिये ।।
तापै धरि तेईस जजौं शिर नायकैं।
कंचन थाल मझार जलादिक लायकैं ।।

ॐ ह्रीं उर्ध्वलोकसम्बन्धिचतुरशीतिसप्तनवतिसहस्र त्रयोविंशति श्रीजिनचैत्यालयेभ्योऽर्घ्यं।

वसुकोटि छप्पनलाख ऊपर,सहस्र सत्याणव मानिये।
शतच्यारपै गिनले इक्यासी, भवन जिनवर जानिये ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तिहुँलोक भीतर सासते, सुर असुर नर पूजा करैं। तिन भवनकों हम अर्घ लेकैं, पूजि हैं जगदुख हरैं ॥

ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्ध्यष्टकोटिषट्पञ्चाशल्लक्षसप्नवति सहस्र-चतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यः पूर्णार्घ्यं ।

अथ जयमाला ।

दोहा।

अब वरणों जयमालिका सुनो भव्य चितलाय ।
जिनमंदिर तिहुँलोकके, देहु सकल दरसाय ॥१॥

पद्धरि छंद

जय अमल अनादि अनंत जान । अनिमित जु अकीर्तम अचल थान ॥ जय अजय अखंड अरूपधार । षटद्रव्य नहीं दीसै लगार ॥२॥ जय निराकार अविकार होय । राजत अनंत परदेश सोय ॥ जे शुद्ध सुगुण अवगाह पाय । दशदिशामांहि इहविध लखाय ॥३॥ यह भेद अलोकाकाश जान । तामध्य लोक नभ तीन मान ॥ स्वयमेव बन्यो अविचल अनंत । अविनाशि अनादि जु कहत संत ॥४॥ पुरषा अकार ठाढो निहार । कटि हाथ धारि द्वै पग पसार ॥ दच्छिन उत्तरदिशि सर्व ठौर । राजू जु सात भाख्यो निचौर ॥५॥ जय पूर्व अपर दिश घाटबाधि । सुन कथन कहूं ताको जु साधि ॥ लखि श्वभ्रतलैं राजू जु सात । मधिलोक एक राजू रहात ॥६॥ फिर ब्रह्मस्वर्ग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राजू जु पांच। भूसिद्ध एक राजू जु सांच ॥ दश चार ऊंच राजू गिनाय। षटद्रव्य लये चतुकोण पाय ॥७॥ तसु वातवलय लपटाय तीन। इह निराधार लखियो प्रवीन ॥ त्रसनाड़ी तामधि जान खास। चतुकोन एक राजू जु व्यास ॥८॥ राजू उतंग चौदह प्रमान। लखि स्वयंसिद्ध रचना महान ॥ तामध्य जीव त्रस आदि देय। निजथान पाय तिष्ठें भलेय ॥९॥ लखि अधो भागमें श्वभ्रथान। गिन सात कहे आगम प्रमान ॥ षट थान-माहिं नारकि वसेय। इक श्वभ्रभाग फिर तीनभेय ॥१०॥ तसु अधोभाग नारकि रहाय। फुनि ऊर्ध्वभाग द्वय थान पाय ॥ बस रहे भवन व्यंतर जु देव। पुर हर्म्य छजै रचना स्वमेव ॥११॥ तिहं थान गेह जिनराज भाय। गिन सातकोटि बहतरि जु लाख ते भवन नमों मन वचन काय। गति श्वभ्रहरनहारे लखाय ॥१२॥ पुनि मध्यलोक गोला अकार। लखि दीप उदधि रचना विचार ॥ गिन असंख्यात भाखे जु संत। लखि संभुर-मन सबके जु अंत ॥१३॥ इक राजुव्यासमें सर्व जान। मधिलोक तनों इह कथन मान ॥ सबमध्यदीप जंबू गिनेय त्रयदशम रुचिकवर नाम लेय ॥१४॥ इन तेरहमें जिनधाम जान शतचार अठावन है प्रमान ॥ खग देव असुर नर आय आय। पद पूज जांय शिर नाय नाय ॥१५॥ जय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऊर्ध्वलोक सुर कल्पवास। तिहँ थान छजैं जिन भवन खास॥ जय लाख चुरासीपै लखेय। जय सहससत्याणव और ठेय ॥१६॥ जय वीसतीन फुनि जोड़ देय। जिनभवन अकीर्तम जान लेय॥ प्रतिभवन एक रचना कहाय। जिनबिंब एकशत आठ पाय ॥१७॥ शतपंच धनुष उन्नत लसाय। पदमासनजुत वर ध्यान लाय॥ शिर तीनछत्र शोभित विशाल। त्रय पादपीठ मणिजडित लाल ॥१८॥ भामंडलकी छवि कौन गाय। फुनि चँवर ढुरत चौसठि लखाय॥ जय दुंदुभिरब अदभुत सुनाय। जय पुष्पवृष्टि गंधोदकाय ॥१९॥ जय तरु अशोक शोभा भलेय। विभूति राजत अमेय। घट तूप छजैं मणिमाल पाय। घटधूम्र धूम्र दिग सर्व छाय ॥२०॥ जयकेतुपंक्ति सोहै महान। गंधर्वदेवगुण करत गान॥ सुर जनमलेत लखि अवधि पाय। तिहँथान प्रथम पूजन कराय॥ जिनगेहतणो वरनन अपार। हम तुच्छबुद्धि किम लहत पार॥ जय देव जिनेश्वर जगत भूप। नमि 'नेम' मंगै निज देहरूप॥२२॥

दोहा।

तीन लोकमें सासते श्रीजिनभवनविचार।
मनवचतनकरि शुद्धता पूजौं अरघ उतार॥

ॐ ह्रीं त्रिलोकसंबंध्यष्टकोटिषट्पंचाशल्लक्षसप्तनवति सहस्रचतुः शतैकाशीति अकृत्रिम जिनचैत्यालयेभ्यः पूर्णार्घ्यं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तिहुं जगभीतर श्री जिनमंदिर, बने अकीर्त्तम अति सुखदाय। नर सुर खगकरि वन्दनीक जे तिनको भविजन पाठ कराय ॥ धनधान्यादिक संपति तिनके,पुत्रपौत्र सुख होत भलाय ॥ चक्री सुर खग इन्द्र होयकें, करम नाश शिवपुर सुख थाय ॥२३॥

(इत्याशीर्वाद—पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

अकृत्रिम चैत्यालयों का अर्घ

अथ कृत्रिम अकृत्रिम चैत्यालयों के अर्घ

कृत्याऽकृत्रिमचारुचैत्यनिलयान्नित्यं त्रिलोकीगतान्,
वन्दे भावनव्यन्तरान् द्युतिवरान् कल्पामरान् सर्वगान् ।
सद्‌गन्धाक्षतपुष्पदामचरुकैःसद्दीप धूपैः फलै र्नीराद्यै श्च
यजे प्रणम्य शिरसा दुष्कर्मणां शांतये ॥१॥

ॐ ह्रीं कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालयसम्बन्धि जिनविम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा: ॥

वर्षेषु वर्षान्तरपर्वतेषु नन्दीश्वरे यानि च मंदरेषु ।
यावंति चैत्यायतनानि लोके सर्वाणि बंदे जिनपुंगवानां ॥
अवनितलगतानां कृत्रिमाकृत्रिमाणां । वनभवनगतानां
दिव्यवैमानिकानां ॥ इह मनुजकृतानां देवराजार्चितानां ।
जिनवरनिलयानां भावतोऽहं स्मरामि ॥२॥ जम्बूधातकिपु-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ष्करार्द्धवसुधाक्षेत्रत्रये ये भवाश्चन्द्राम्भोजशिखंडिकण्ठ-कनकप्रावृड्घनाभाजिनः ॥ सम्यग्ज्ञानचरित्रलक्षणधराः दग्धाष्टकर्मेन्धनाः। भूतानागतवर्त्तमानसमये तेभ्यो जिनेभ्यो नमः॥३॥ श्रीमन्मेरौ कुलाद्रौ रजतगिरिवरे शाल्मलौ जम्बु-वृक्षे। वक्षारे चैत्यवृक्षे रतिकररुचिके कुण्डले मानुषांके। इष्वाकारेंऽजनाद्रौ दधिमुखशिखरे व्यंतरेस्वर्गलोके ज्योति-र्लोकेऽभिबन्दे भुवनमहितले यानि चैत्यालयानि ॥५॥ द्वौ कुन्देदुतुषारहार धवलौ द्वाविन्द्रनीलप्रभौ, द्वौ बन्धूकसमप्रभौ जिनवृषौ द्वौ च प्रियंगुप्रभौ। शेषाः षोड़श जन्ममृत्युरहिताः संतप्तहेमप्रभा-स्ते संज्ञानदिवाकरा सुरनुताः सिद्धिं प्रयच्छंतु नः ॥६॥

ॐ ह्रीं त्रिलोकसम्बन्धोकृत्याकृत्रिमचैत्यालयेभ्योऽर्घं निर्वपा० ॥

इच्छामि भन्ते—चेइयभत्ति काओसग्गो कओ तस्सा-लोचेओ। अहलोय तिरियलोय उड्ढलोयम्मि किट्टिमा-किट्टिमाणि जांणि जिणचेईयाणि ताणि सव्वाणि, तीसुवि लोयेसुभवणवासियवाणंवितरजोयसियकप्पवासियत्ति चउ-विहा देवा सपरिवारा दिव्वेण गन्धेण दिव्वेण पुप्फेण दिव्वेण धुव्वेण दिव्वेण चुण्णेण दिव्वेण वासेण दिव्वेण ह्वाणेण णिच्चकालं अच्चंति पुज्जंति बन्दन्ति णमस्संति। अहमवि इहसन्तो तत्थसन्ताइ णिच्चकालं अच्चेमि पुज्जेमि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बन्दामि णमस्सामि । दुक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं ।

(इत्याशीर्वाद: । परिपुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

अथ पौर्वाह्निक-माध्याह्निक-अपराह्निक देवबंदनायां पर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भावपूजाबंदनास्तवसमेतं श्रीचैत्यभक्तिकायोत्सर्गं करोम्यहम् ।

(कार्योत्सर्ग करना और णमोकार मन्त्र का नौ बार जाप करना । जप करते समय आठ दिशाओं में आठ पंखुडी (दल) वाले हृदय कमल की मन में कल्पना करना चाहिये । फिर उन पँखुडी और कर्णिका के बीच में प्रत्येक पर पहिले उच्छ्वास में 'णमो अरहंताणं णमो सिद्धाणं' ये दो पद, दूसरे उच्छ्वास में 'णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं' ये दो पद और तीसरे उच्छ्वास में 'णमो लोए सव्वसाहूणं' यह एक पद उच्चारण करना चाहिये इस तरह सत्ताईस उच्छ्वास में नौ बार जाप देना उचित है)

णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं । णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ।। (ताव कार्यं पावकम्मंदुच्चरियंवोस्सरामि)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ सिद्ध पूजा प्रारभ्यते

ऊर्ध्वाधोरयुतं सविन्दु सपरं ब्रह्मस्वरावेष्ठितं, वर्गापूरित-दिग्गताम्बुजदलं तत्संधितत्त्वान्वितं। अंतः पत्रतटेष्वनाहत-युतं ह्लींकारसंवेष्टितं। देवं ध्यायति यः स मुक्तिसुभगो वैरीभकण्ठीरवः ॥१॥

ॐ ह्लीं श्री सिद्धचक्राधिपते ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।

ॐ ह्लीं श्री सिद्धचक्राधिपते ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।

ॐ ह्लीं श्री सिद्धचक्राधिपते ! सिद्धपरमेष्ठिन् ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

द्रव्याष्टकं

निरस्तकर्मसम्बन्धं सूक्ष्मं नित्यं निरामयम्।
वन्देऽहं परमात्मान, ममूर्त्तमनुपद्रवम् ॥१॥
सकलामरेन्द्र सेव्यं, ज्ञानामृत पान तृप्त निजभावं।
संस्थापयामि सिद्धं, कर्मानलदाह मेघौघं ॥२॥

(सिद्धयन्त्र की स्थापना)

सिद्धौ निवासमनुगं परमात्मगम्यं
हीनादि भावरहितं भववीतकायम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रेवापगावरसरो–यमुनोद्भवानां
नीरैर्यजे कलशगैर्वरसिद्धचक्रम् ॥१॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने जन्ममृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥

आनन्दकन्दजनकं घनकर्ममुक्तं
सम्यक्त्वशर्मगरिमं जननार्तिवीतम् ।
सौरभ्यवासितभुवं हरिचन्दनानां
गन्धैर्यजे परिमलैर्वरसिद्धचक्रम् ॥२॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्व० ॥

सर्वावगाहनगुणं सुसमाधिनिष्ठं
सिद्धं स्वरूपनिपुणं कमलं विशालम् ।
सौगन्ध्यशालिवनशालिवराक्षतानां
पुंजैर्यजे शशिनिभैर्वरसिद्धचक्रम् ॥३॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्व० ॥२॥

नित्यं स्वदेहपरिमाणमनादिसंज्ञं
द्रव्यानपेक्षममृतं मरणाद्यतीतम् ।
मन्दारकुन्दकमलादिवनस्पतीनां
पुष्पैर्यजे शुभतमैर्वरसिद्धचक्रम् ॥४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने कामबाणविध्वंसनाय पुष्पम् निर्वं० ॥४॥

ऊर्द्धस्वभावगमनं सुमनोव्यपेतं
ब्रह्मादिबीजसहितं गगनावभासम् ।
क्षीरान्नसाज्यवटकै रसपूर्णगर्भै—
नित्यं यजे चरुवरैर्वरसिद्धचक्रम् ॥५॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने क्षुधारोगविध्वंसनाय नैवेद्यं निर्वं० ॥५॥

आतङ्कशोकभयरोगमदप्रशान्तं
निर्द्वन्दभावधरणं महिमानिवेशम् ।
कर्पूरवर्तिबहुभिः कनकावदातै—
र्दीपैर्यजे रुचिबरैर्वरसिद्धचक्रम् ॥६॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वं० ॥६॥

पश्यन्समस्तभुवनं युगपन्नितान्तं
त्रैकाल्यवस्तुविषये निविडप्रदीपम् ।
सद्द्रव्यगन्धघनसारविमिश्रितानां
धूपैर्यजे परिमलैर्वरसिद्धचक्रम् ॥७॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ॥७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिद्धासुराधिपतियक्षनरेन्द्रचक्रै–
ध्येयं शिवं सकलभव्यजनैः सुवन्द्यम् ।
नारिङ्गपूगकदलीफलनारिकेलैः
सोऽहं यजे वरफलैर्वरसिद्धचक्रम् ।

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ॥८॥

गन्धाढ्यं सुपयो मधुव्रतगणैः सङ्गं वरं चन्दनं
पुष्पौघं विमलं सदक्षतचयं रम्यं चरुं दीपकम् ।
धूपं गन्धयुतं ददामि विविधं श्रेष्ठं फलं लब्धये
सिद्धानां युगपत्क्रमाय विमलं सेनोत्तरं वाञ्छितम् ॥९॥

ॐ ह्रीं सिध्दचक्राधिपतये सिध्दपरमेष्ठिने अनर्घपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥९॥

ज्ञानोपयोगविमलं विशदात्मरूपं
सूक्ष्मस्वभावपरमं यदनन्तवीर्यम् ।
कर्मौघकक्षदहनं सुखशस्यबीजं
वन्दे सदा निरुपमं वरसिद्धचक्रम् ॥१०॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये सिद्धपरमेष्ठिने महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥१०॥

त्रैलोक्येश्वरवन्दनीयचरणाः प्रापुः श्रियं शाश्वतीं
यानाराध्य निरुद्धचण्डमनसः सन्तोऽपि तीर्थङ्कराः ।
सत्सम्यक्त्वविबोधवीर्यविशदाऽव्याबाधताद्यैर्गुणै–
र्युक्तांस्तानिह तोष्टवीमि सततं सिद्धान् विशुद्धोदयान् ॥११॥

(पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ जयमाला ।

विराग सनातन शांतनिरंश, निरामय निर्भय निर्मल हंस।
सुधामविबोधनिधानविमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥
बिदूरितसंसृतिभाव निरंग, समामृतपूरित देव विसंग।
अबंध कषायविहीन विमोह, प्रसीद विशुद्धसुसिद्धसमूह ॥
निवारितदुष्कृतकर्मविपाश, सदामलकेवलकेलिनिवास।
भवोदधिपारग शांत विमोह, प्रसीद विशुद्धसुसिद्धसमूह ॥
अनंतसुखामृतसागर धीर, कलंक रजोमल भूरिसमीर।
बिखण्डितकामविरामविमोह, प्रसीदविशुद्धसुसिद्धसमूह॥
विकारविवर्जिततर्जितशोक, विबोधसुनेत्रविलोकितलोक।
विहारविरावविरंग विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥
रजोमलखेदविमुक्तविगात्र, निरंतरनित्य सुखामृतपात्र।
सुदर्शनराजितनाथविमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥
नरामरबंदित निर्मलभाव, अनंतमुनीश्वरपूज्य विहाव।
सदोदय विश्व महेश विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥
विदंभ वितृष्ण विदोष विनिद्र, परापरशंकर सार वितंद्र।
विकोप विरूप विशंक विमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥
जरामरणोज्झितवीतविहार, विचिंतितनिर्मलनिरहंकार।
अचिन्त्यचरित्रविदर्पविमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह ॥
विवर्णविगंधविमानविलोभ, विमायविकायविशब्दविशोभ।
अनाकुल केवल सर्वविमोह, प्रसीद विशुद्ध सुसिद्धसमूह॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

घत्ता।

असमसमयसारं चारुचैतन्यचिह्नं, परपरणतिमुक्तं पद्मनंदीद्रवन्द्यम्। निखिलगुणनिकेतं सिद्धचक्रं बिशुद्धं, स्मरति नमति यो वा स्तौति सोऽभ्येति मुक्तिम् ॥१॥

ॐ ह्रीं सिद्धपरमेष्ठिभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अडिल्ल छन्द।

अविनाशी अविकार परमरसधाम हो, समाधान सर्वज्ञ सहज अभिराम हो। शुद्धबुद्ध अविरुद्ध अनादि अनंत हो, जगतशिरोमणि सिद्ध सदा जयवंत हो ॥१॥ ध्यानअग्निकर कर्म कलंक सबै दहे, नित्य निरंजन देव स्वरूपी हो रहे। ज्ञायक के आकार ममत्व निवारकैं, सो परमातम सिद्ध नमूं सिर नायकैं ॥२॥

दोहा।

अविचल ज्ञान प्रकाशते, गुण अनन्त की खान।
ध्यान धरै सो पाइए, परम सिद्ध भगवान ॥१॥

यहाँ सिद्ध भक्तिपूर्वक कायोत्सर्ग करे।

(इत्याशीर्वादः पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

अथ सिद्ध पूजा का भावाष्टक

निजमनोमणिभाजनभारया, समरसैकसुधा रसधारया।
सकलबोधकलारमणीयकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मोहि तृषा दुख देत, सो तुमने जीती प्रभू।
जल से पूजूं तोय, मेरो रोग निवारियो ।।१।। जलम् ।।

सहजकर्मकलंकविनाशनै रमलभावसुवासितचन्दनैः ।
अनुपमानगुणावलिनायकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ।।२।।

हम भव आतप मोहि, तुम न्यारे संसार से ।
कीज्यो शीतल छांह, चन्दन से :पूजा करूं ।।२।। चन्दनम् ।।

सहजभावसुनिर्मलतन्दुलैः सकलदोषविशालविशोधनैः ।
अनुपरोधसुबोधनिधानकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ।।३।।

हम अवगुण समुदाय, तुम अक्षय गुण के भरे ।
पूजूं अक्षत ल्याय, दोष नाश गुण कीजियो ।।३।। अक्षतम् ।।

समयसारसुपुष्पसुमालया सहजकर्मकरेण विशोधया ।
परमयोगबलेन वशीकृतं सहजसिद्धमहं परिपूजये ।।४।।

काम अग्नि है मोहि, निश्चय शील स्वभाव तुम ।
फूल चढ़ाऊँ तोय, मेरो रोग निवारियो ।।४।। पुष्पम् ।।

अकृतबोधसुदिव्यनैवेद्यकैर्विहित जातजरामरणान्तकैः ।
निरवधिप्रचुरात्मगुणालयं सहजसिद्धमहं परिपूजये ।।५।।

मोहि क्षुधा दुख भूर, ध्यान खड्ग करि तुम हती ।
मेरी बाधा चूर, नेवेज से पूजा करूँ ।।५।। नैवेद्यम् ।।

सहजरत्नरुचिप्रतिदीपकैः रुचिविभूतितमः प्रविनाशनैः ।
निरवधिस्वविकाशप्रकाशनैः सहजसिद्धमहं परिपूजये ।।६।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मोह तिमिर हम पास, तुमपै चेतन ज्योति है।
पूजों दीप प्रकाश, मेरो तिमिर निरवारियो ॥६॥ दीपम् ॥

निजगुणाक्षयरूपसुधूपनैः स्वगुणघातिमलप्रविनाशनैः।
विशदबोधसुदीर्घसुखात्मकं सहजसिद्धमहं परिपूजये ॥७॥

अष्टकर्म बन जाल, मुक्त मोहि स्वामी सुख करो।
खेऊँ धूप रसाल, अष्टकर्म निवारियो ॥७॥ धूपम् ॥

परमभावफला वलिसम्पदा सहजभावकुभावविशोधया।
निजगुणास्फुरणात्म निरंजनंसहजसिद्धमहंपरिपूजये ॥८॥

अन्तराय दुख टाल, तुम अनन्त थिरता लही।
पूजूँ फल धरसार, विघन टाल शिव फल करो ॥८॥ फलम् ॥

नेत्रोन्मीलिविकाशभावनिवहैरत्यंतबोधाय वै।
वार्गंधाक्षतपुष्प दामचरुकैः सद्दीपधूपैः फलैः ॥
यश्चिन्तामणि शुद्धभावपरमज्ञानात्मकैरर्चयेत्।
सिद्धं स्वादुमगाध बोधमचलं, संचर्चयामोवयम् ॥९॥

हममें आठों ही दोष, जजहुं अर्घ ले सिद्धजी।
दीज्यो वसु गुण मोय, कर जोड़े द्यानत खड़ा ॥९॥ अर्घम् ॥

अर्घावली।

सोलह कारण का अर्घ।

जल फल आठों द्रव्य चढ़ाय, 'द्यानत' वरत करों मनलाय।
परम गुरू हो जय जय नाथ परम गुरू हो ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दरश विशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकर पद पाय ।
परम गुरू हो, जय जय नाथ परम गुरू हो ।।

ओं ह्रीं दरशन विशुद्धयादि षोडश कारणेभ्यो अर्घं० ।

दश लक्षण का अर्घं ।

आठों द्रव्य सम्भार, द्यानत अधिक उछाह सों ।
भव आताप निवार, दश लक्षण पूजों सदा ।।

ओं ह्रीं उत्तमक्षमादि दशलक्षण धर्मेभ्यो अर्घं० ।।

रत्नत्रय का अर्घं ।

आठों द्रव्य निरधार, उत्तम से उत्तम लिये ।
जन्म रोग निरवार, सम्यक रत्नत्रय भजो ।।

ओं ह्रीं अष्टांग सम्यग्दर्शनाय अष्टविध सम्यग्ज्ञानाय त्रयोदश प्रकार सम्यक चारित्राय च अर्घं० ।।

पचमेरू का अर्घं ।

आठ दरव मय अर्घ बनाय, द्यानत पूजों श्री जिनराय
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।
पांचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमा को करूँ प्रणाम ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।

ओं ह्रीं पंचमेरू सम्बन्धि अशीति जिनालयेभ्यो अर्घं ।।

नन्दीश्वर द्वीप का अर्घं ।

यह अर्घं कियो निज हेत, तुमको अरपत हों ।
द्यानत कीनों शिव खेत, भूमि समरपत हों ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नन्दीश्वर श्री जिनधाम, बावन पूज करों।
वसुदिन प्रतिमा अभिराम, आनन्द भाव धरों ।।
ॐ ह्रीं नन्दीश्वर द्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयेभ्यो अर्घं० ।।

महाव्रतों का अर्घ ।

उदकचन्दन तन्दुल पुष्पकैः चरू सु दीप सु धूप फलार्घकैः।
धवल मंगल गान रवाकुले, जिनगृहे जिन व्रत महं यजे ।।
ॐ ह्रीं श्री १०८ महाव्रतेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहाः।

कविवर वृन्दावनजी कृत

समुच्चय चौबीसी जिनपूजा

छन्द कवित्त ।

वृषभ अजित संभव अभिनन्दन, सुमति पद्म सुपार्श्व जिनराय । चन्द पुहुप शीतल श्रेयाँस नमि,वासुपूज पूजित सुरराय ।। विमल अनंत धरम जस उज्जवल, शांति कुंथु अर मल्लि मनाय । मुनि-सुव्रत नमि नेमि पार्श्व प्रभु, वर्द्धमान पद पुष्प चढ़ाय ।।1।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरान्तचतुर्विंशतिजिनसमूह ! अत्र अवतर अ०
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतचतुर्विंशतिजिनसमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतचतुर्विंशतिजिनसमूह ! अत्र मम सन्नि०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(चाल—द्यानतरायकृत नंदीश्वरद्वीपाष्टक की तथा गर्भाराग आदि अनेक चालों में)

मुनिमन सम उज्ज्वल नीर, प्रासुक गन्ध भरा ।
भरि कनक कटोरी धीर, दीनी धार धरा ॥
चौबीसों श्री जिनचन्द, आनन्द कन्द सही ।
पदजजत हरत भवफन्द, पावत मोक्ष मही ॥१॥

ॐ ह्रीं वृषभादिवीरान्तेभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि०

गोशीर कपूर मिलाय, केशर रंग भरी ।
जिन चरनन देत चढ़ाय, भव आताप हरी ॥चौ० २॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो भवातापविनाशनाय चन्दनं नि० ॥

तंदुल सित सोम समान, सुन्दर अनियारे ।
मुकताफल की उनमान, पुञ्ज धरौं प्यारे ॥चौ० ३॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वं० ॥

वरकंज कदंब कुरंड, सुमन सुगन्ध भरे ।
जिन अग्र धरों गुणमंड, काम कलंक करे ॥चौ० ४॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं नि० ॥

मन मोदन मोदक आदि, सुन्दर सद्य बने ।
रसपूरित प्रासुक स्वाद, जजत क्षुधारि हने ॥चौ० ५॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो क्षुधारोग विनाशनाय नैवेद्यं नि० ॥

तमखंडन दीप जगाय, धारों तुम आगै ।
सब तिमिरमोह क्षय जाय, ज्ञानकला जागै ॥चौ० ६॥

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं नि०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दशगंध हुताशन मांहि, हे प्रभु खेवत हों।
मिस धूम करम जरि जांहि, तुम पद सेवत हों ।।चौ० ७।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं० निर्वपामी० ।।

शुचिपक्वसरस फल सार, सब ऋतु के ल्यायो।
देखत दृगमनको प्यार, पूजत सुख पायो ।। चौ० ८।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरांतेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामी० ।।

जल फल आठों शुचिसार, ताको अर्घ करों।
तुमको अरपों भवतार, भव तरि मोक्ष वरों।।
चौबीसों श्रीजिनचंद, आनंदकंद सही।
पद जजत हरत भवफंद, पावत मोक्षमही ।।९।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिचतुर्विंशतितीर्थंकरेभ्योऽनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा: ।।

जयमाला।

श्रीमत तीरथ नाथ पद, माथ नाय हित हेत।
गाऊँ गुणमाला अबै, अजर अमर पद देत ।।१।।

छन्द घत्तानन्द।

जय भवतम भंजन जनमनकंजन, रंजन दिन मनि स्वच्छकरा। शिव मग परकाशक,अरिगण नाशक चौबीसों जिनराज वरा ।।२।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

छन्द पद्धरी ।

जय रिषभदेव रिषिगन नमंत, जय अजित जीत वसुअरि तुरंत ।
जय संभव भवभय करत चूर, जय अभिनंदन आनंदपूर ॥
जय सुमति सुमति दायक दयाल, जय पद्म पद्मदुति तन रसाल ।
जय जय सुपास भवपास नाश, जय चंद चंदतनदुति प्रकाश ॥
जय पुष्पदंत दुतिदंत सेत, जय शीतल शीतल गुननिकेत ।
जय श्रेयनाथ नुतसहजभुज्ज, जय वासवपूजित वासुपुज्ज ॥
जय विमल विमलपद देनहार, जय जय अनंत गुनगन अपार ।
जय धर्म धर्म शिव शर्म देत, जय शांति शांति पुष्टी करेत ॥
जय कुंथु कुंथुवादिक रखेय, जय अरजिन वसुअरि छय करेय ।
जय मल्लि मल्ल हत मोहमल्ल, जय मुनिसुव्रत व्रतशल्ल दल्ल ॥
जय नमि नित वासवनुत सप्रेम, जय नेमिनाथ वृषचक्रनेम ।
जय पारसनाथ अनाथनाथ, जय वर्द्धमान शिवनगर साथ ॥

छन्द घत्तानन्द ।

चौबीस जिनंदा आनँदकंदा, पापनिकंदा सुखकारी ।
तिनपद जुगचंदा उदय अमंदा, वासववंदा हितकारी ॥१॥

ॐ ह्रीं वृषभादिचतुर्विंशतिजिनेभ्यो महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा: ॥

सोरठा ।

भुक्ति मुक्ति दातार, चौबीसौं जिनराजवर ।
तिनपद मनवचधार, जो पूजै सो शिव लहै ॥१॥

इत्याशीर्वाद: ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ श्रीसप्तऋषि पूजा ।

छप्पय ।

प्रथम नाम श्रीमन्व दुतिय स्वरमन्व ऋषीश्वर ।
तीसर मुनि श्रीनिचय सर्वसुन्दर चौथो वर ।।
पंचम श्रीजयवान विनयलालस षष्टम भनि ।
सप्तम जय मित्राख्य सर्व चारित्रधाम गनि ।।
ये सातौं चारणऋद्धिधर, करूं तासु पद थापना ।
मैं पूजूं मनवचकायकरि, जो सुख चाहूं आपना ।।

ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरा:! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरा: ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ: ।

ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरा: अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

गीता छन्द

शुभतीर्थ उद्भव जल अनूपम, मिष्ट शीतल लायके ।
भव तृषा कंद निकंद कारण, शुद्ध घट भरवायके ।।
मन्वादि चारण ऋद्धिधारक, मुनिन की पूजा करूं ।
ता करें पातिक हरें सारे, सकल आनंद बिस्तरूं ।।

ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषिश्वरेभ्यो जलं नि० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीखण्ड कदलीनन्द केशर, मन्द मन्द घिसायके।
तसुगंध प्रसरति दिगदिगन्तर,भर कटोरी लायके।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो चन्दनं नि०।
अति धवल अक्षत खण्ड वर्जित, मिष्ट राजनभोगके।
कलधौत थारा भरत सुन्दर, चुनित शुभ उपयोगके।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो अक्षतान् नि०।
बहु वर्ण सुवरण सुमन आछे, अमल कमल गुलाबके।
केतकी चम्पा चारु मरुआ, चुने निजकर चावके।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो पुष्पं नि०।
पकवान नाना भांति चातुर रचित शुद्ध नये नये।
सदमिष्ट लाडू आदि भर बहु, पुरट के थारालये।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो नैवेद्यं नि०।
कलधौत दीपक जडित नाना, भरित गौघृत सारसों।
अतिज्वलितजगमगजोतिजाकि, तिमिरनाशनहारसों।।म०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्री सप्तऋषीश्वरेभ्यो दीपं नि०।
दिक्चक्र गंधित होत जाकर, धूप दशअँगी कही।
सो लाय मनवचकाय शुद्ध लगायकर खेऊं सही।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो धूपं नि०।
बर दाख खारक अमित प्यारे, मिष्ट चुष्ट चुनायके।
द्रावडी दाडिम चारु पुंगी, थाल भर भर लायके।। मन्वा०
ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्री सप्तऋषीश्वरेभ्यो फलं नि०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जल गन्ध अक्षत पुष्प चरु वर, दीप धूप सु लावना।
फल ललित आठों द्रव्य मिश्रित,अर्घ कीजे पावना।।मन्त्रा०

ॐ ह्रीं चारणादि ऋद्धिधर श्रीसप्तऋषीश्वरेभ्यो अर्घं नि० ।

अथ जयमाला ।

छन्द त्रिभंगी ।

बंदूं ऋषि राजा, धर्म जहाजा, निज पर काजा करत भले।
करुणाके धारी, गगन विहारी, दुख अपहारी, भरम दले ।।
काटत जमफंदा, भविजन वृन्दा, करत अनंदा चरणनमें।
जो पूजैं ध्यावैं, मंगल गावैं, फेर न आवैं भववन में ।।

पद्धरी छन्द ।

जय श्रीमनु मुनिराजा महंत, त्रस थावरकी रक्षा करंत ।
जय मिथ्यातम नाशक पतंग, करुणारसपूरित अङ्ग-अङ्ग ।।
जय श्रीस्वरमुनि अकलंक रूप,पदसेव करतनित अमर भूप।
जय पंच अक्ष जीते महान, तप तपत देह कंचन समान ।।
जय निचय सप्त तत्वार्थभास,तप रमातनौ तनमें प्रकाश ।
जय विषयरोध संबोधभान,परपरणतिनाशनअचलध्यान ।।
जयजयहि सर्व सुन्दर दयाल,लख इन्द्रजालवत जगतजाल।
जयतृष्णाहारी रमणराम,निजपरिणतिमें पायो विराम ।।
जय आनंदघन कल्याणरूप, कल्याण करत सबको अनूप ।
जयमदनाशन जयवान देव,निरमदविचरत सबकरत सेव।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जय जेय विनय लाल्लस अमान,सब शत्रु मित्र जानत समान।
जयकृशितकाय तप के प्रभाव,छवि छटा उड़ति आनंददाय।।
जयमित्रसकल जगके सुमित्र,अनगिनत अधम कीने पवित्र।
जय चंद्रवदन राजीवनैन, कबहूं विकथा बोलत न बैन ।।
जय सातौ मुनिवर,एक संग,नित गगन-गमन करते अभंग।
जय आये मथुरापुर मंझार,तहँ मरी रोगको अति प्रचार।।
जय जय तिन चरणनि के प्रसाद, सब मरी देवकृत भई बाद।
जयलोक करे निर्भय समस्त,हम नमत सदा नितजोरि हस्त।।
जय ग्रीषमऋतु पर्वत मंझार,नित करत अतापन योगसार।
जय तृषा परीषह करत जेर,कहुँ रंचचलत नहिं मन-सुमेर।।
जय मूल अठाइस गुणनधार, तप उग्र तपत आनंदकार ।
जय वर्षाऋतु में वृक्षतीर, तहँ अति शीलल झेलत समीर ।।
जय शीतकाल चौपट मंझार,कै नदी सरोवर तट विचार।
जय निवसत ध्यानारूढ होय,रंचत नहिं मटकतरोम कोय।।
जय मृतकासन वज्रासनीय, गोदूहन इत्यादिक गनीय ।
जय आसन नाना भाँतिधार,उपसर्ग सहित ममता निवार।।
जय जपत तिहारो नाम कोय,लख पुत्रपौत्र कुलवृद्धि होय।
जय भरे लक्ष अतिशय भंडार,दारिद्रतनो दुख होय छार।।
जयचोर अग्नि डांकिन पिशाच,अरुईति भीतिसब नसतसांच।
जयतुमसुमरतसुखलहत लोक,सुरअसुर नवत पद देत धोक।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रोला।

ये सातौं मुनिराज महातप लक्ष्मीधारी।
परम पूज्य पद धरैं सकल जगके हितकारी।
जो मनवचतन शुद्ध होय सेवै औ ध्यावै।
सो जन मनरंगलाल अष्ट ऋद्धिन कौं पावै॥

ॐ ह्रीं श्री मन्वादि सप्तर्षिभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा:॥

दोहा।

नमन करत चरनन परत, अहो गरीब निवाज।
पंच परावर्तन नितैं, निरवारौ ऋषिराज॥

इत्याशीर्वाद:

चतुर्विंशति तीर्थंकर निर्वाणक्षेत्र पूजा

सोरठा।

परम पूज्य चौबीस, जिहँ जिहँ थानक शिव गये।
सिद्ध भूमि निशदीस, मनवचतन पूजा करौं॥१॥

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्राणि ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्राणि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ:।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्राणि ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गीता छन्द ।

शुचि क्षीर दधि सम नीर निरमल, कनकझारी में भरौं ।
संसार पार उतार स्वामी, जोर कर विनती करौं ।।
सम्मेदगढ़ गिरिनार चंपा, पावापुरि कैलाशकौं ।
पूजों सदा चौबीसजिन निर्वाण भूमि निवासकौं ।।१।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशति तीर्थंकर निर्वाणक्षेत्रेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा: ।।१।।

केशर कपूर सुगंध चन्दन, सलिल शीतल विस्तरौं ।
भवताप को संताप मेटो, जोर कर विनती करौं ।।सम्मेद।।२।।
(चन्दनम्)

मोती समान अखंड तंदुल, अमल आनन्द धरि तरों ।
औगुण हरौ गुण करौ हमकों, जोर कर विनतीकरों।।सम्मेद।।
(अक्षतान्)

शुभफूलरास सुवासवासित, खेद सब मन की हरों ।
दुखधामकामविनाशमेरो, जोरिकर विनती करों।।सम्मेद।।
(पुष्पम्)

नेवज अनेक प्रकार जोग, मनोग धरि भय परिहरों ।
यह भूखदूषण टारप्रभुजी, जोर कर विनती करों ।।सम्मेद।।
(नैवेद्यम्)

दीपक प्रकाश उजास उज्जल, तिमिरसेती नहीं डरों ।
संशयविमोहविभ्रर्म तमहर, जोरकर विनती करों।।सम्मेद।।
(दीपम्)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुभ धूप परम अनूप पावन, भाव पावन आचरों।
सब करम पुंज जलाय दीजो, जोर कर बिनती करों॥ सम्मेद॥
(धूपम्)

बहुफल मंगाय चढ़ाय उत्तम, चार गतिसों निरवरों।
निश्चै मुकति फल देहु मोकों, जोर कर बिनती करों॥ सम्मेद॥
(फलम्)

जल गंध अक्षत पुष्प चरु वर, दीप धूपायन धरों।
'द्यानत' करो निरभय जगततैं, जोर कर बिनती करों॥ सम्मेद॥
(अर्घम्)

अथ जयमाला।

सोरठा।

श्री चौबीस जिनेश, गिरि कैलासादिक नमो।
तीरथ महा प्रदेश, महापुरुष निरवान तें॥१॥

चौपाई १६ मात्रा।

नमों रिषभ कैलाश पहारं, नेमिनाथ गिरनार निहारं।
वासुपूज्य चंपापुर बंदों, सनमति पावापुर अभिनंदों॥
बंदों अजित अजित पददाता, बंदों संभव भव दुखघाता।
बंदों अभिनंदन गणनायक, बंदों सुमति सुमतिके दायक॥
बंदों पदम मुकति पदमाधर, बंदों सुपार्श्व आशपासाहर।
बंदों चन्द्र प्रभ प्रभु चंदा, बंदों सुविधि सुविधि निधिकंदा॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बंदों शीतल अघतप शीतल,बंदों श्रियांस श्रियांस महीतल।
बंदों विमल विमल उपयोगी, बंदों अनंत अनंत सुखभोगी ।।
बंदों धर्म धर्म विसतारा, बंदों शांति शांति मनधारा ।
बंदों कुंथु कुंथु रखवालं, बंदों अर अरिहर गुनमालं ।।
बंदों मल्लि काममल्ल चूरन, बंदों मुनिसुव्रत व्रत पूरन ।
बंदों नमि जिननमितसुरासुर, बंदों पार्श्व पार्श्व भ्रमजगहर।।
बीसों सिद्ध भूमि जा ऊपर, शिखर समेद महागिरि भूपर।
भाव सहित बंदै जो कोई१, ताहि नरक पशुगत नहिं होई ।।
नरगति नृप सुर शक्र कहावै, तिहुँ जग भोगि भोग शिव पावै।
विघन विनाशन मंगलकारी, गुण विलास बंदौं भवतारी ।।

छन्द घत्तानन्द ।

जो तीरथ जावै, पाप मिटावै, ध्यावै गावै भगत करै ।
ताको जस कहिये, संपति लहिये, गिरि के गुणको बुध उचरै।।
ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंकरनिर्वाणक्षेत्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति० ।।

१ "एक बार बन्दे जो कोई" ऐसा भी पाठ है ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ पंचमेरु पूजा

गीताछन्द

तीर्थंकरोंके न्हवनजलतैं, भये तीरथ शर्मदा।
तातैं प्रदच्छन देत सुरगन, पंचमेरन की सदा॥ दो जलधि ढाईदीपमें सब गनत मूल विराजही। पूजों असी जिनधाम प्रतिमा, होहि सुख, दुख भाजही ॥१॥

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र अवतर अवतर, संवौषट्। ओं ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ। ठः ठः। ओं ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

चौपाई

शीतलमिष्टसुवास मिलाय, जलसों पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय॥
पांचों मेरु असी जिनधाम, सब प्रतिमाको करों प्रणाम।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ॥१॥

ॐ ह्रीं पंचमेरुसंबंधिजिनचैत्यालयस्थजिनबिंबेभ्यो जलं निर्वं०॥१॥

जलकेशरकरपूर मिलाय, गंधसौं पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय।पांचों०॥ चंदनं०॥
अमल अखंड सुगंध सुहाय, अच्छतसौं पूजौं जिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय।पांचों।अक्षतान्॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वरन अनेक रहे महकाय, फूलनसौं पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।पांचों०। पुष्पं ।।
मनवांछित बहु तुरत बनाय, चरुसौ पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।पांचों०। नैवेद्यं ।।
तमहर उज्ज्वल ज्योति जगाय, दीपसों पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ।पांचों०। दीपं ।।
खेऊं अगर अमल अधिकाय, धूपसों पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ।पांचों०। धूपं ।।
सुरस सुवर्ण सुगंध सुभाय, फलसों पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ।।पांचों०।। फलं ।।
आठ दरबमय अरघ बनाय, 'द्यानत' पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परमसुख होय ।।पांचों।।अर्घं ।।

अथ जयमाला ।

सोरठा ।

प्रथम सुदर्शन स्वामि, विजय अचल मंदिर कहा ।
विद्युन्माली नाम, पंचमेरु जगमें प्रगट ।। १ ।।
प्रथम सुदर्शन मेरु विराजै, भद्रशाल वन भूपर छाजै ।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मनवचतन बन्दना हमारी ।
ऊपर पंच शतकपर सोहै, नंदनवन देखत मन मोहै ।।
चैत्या० ।।३।। साढ़े बासठ सहस उंचाई, वन सौमनस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शोभै अधिकाई ।।चै०।।४।। ऊंचा जोजन सहस छत्तीसं, पांडुकवन सोहै गिरिशीसं ।।चै०।।५।। चारों मेरु समान बखाने, भूपर भद्रसाल चहुँ जाने। चैत्यालय सोलह सुख-कारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।६।। ऊंचे पांच शतक पर भाखे, चारों नंदनवन अभिलाखे ।।चैत्या०।।७।। साढे पचपन सहसउतंगा, वन सौमनस चार बहुरंगा ।। चैत्या० उच्चअठाइससहस बताये, पांडुक चारों वन शुभ गाये।। चैत्या० सुर नर चारन बंदन आवैं, सो शोभा हम किह मुख गावैं। चैत्यालय अस्सी सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी।।१०।।

दोहा ।

पंचमेरुकी आरती, पढ़ै सुनै जो कोय ।
'द्यानत' फल जानै प्रभू, तुरत महासुख होय ।।११।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनर्बिम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्वं०।।
(अर्घ के बाद विसर्जन करना चाहिये)

श्री नन्दीश्वर द्वीप [अष्टाह्निका] पूजा

अडिल्ल ।

सरब परब में बड़ो अठाई परब है,
नन्दीश्वर सुर जांहि लेय वसु दरब है।
हमें सकति सो नांहि इहां करि थापना,
पूजों जिन गृह प्रतिमा है हित आपना ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमा समूह ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् । ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमा समूह ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

कंचनमणिमय भृंगार, तीरथनीरभरा,
तिहुंधारदयी, निरवार जामन मरन जरा ।
नन्दीश्वरश्रीजिनधाम, बावन पुञ्ज करों,
वसुदिन प्रतिमा अभिराम,आनन्दभावधरों ।।

ॐ ह्रीं श्री नन्दीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिणे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि.र्वपामीति स्वाहा ।

भवतपहर शीतल वास, सो चन्दन नाहीं,
प्रभु यह गुन कीजे सांच, आयौ तुम ठांहीं ।।नंदी०।।चंदनं।।
उत्तम अक्षत जिनराज, पुञ्ज धरे सोहैं,
सब जीते अक्षसमाज,तुम सम अरुको है ।।नंदी०।।अक्षतान्।।
तुम कामविनाशकदेव, ध्याऊँ फूलनसौं,
लहि शील लक्ष्मी एव, छूटूं सूलनसौं ।।नंदी०।।पुष्पं।।
नेवज इन्द्रियबलकार, सो तुमने चूरा ।
चरु तुम ढिग सोहै सार,अचरज है पूरा ।।नंदी०।।नैवेद्यं ।।
दीपककी ज्योति प्रकाश, तुम तनमांहि लसै ।
टूटै करमनकी राशि, ज्ञानकणी दरसै ।।नंदी०।।दीपं।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कृष्णागरुधूपसुवास, दशदिशिनारि बरै।
अति हरषभाव परकाश, मानों नृत्य करै ॥नंदी०॥ धूपं॥
बहुविधफल ले तिहुँकाल, आनन्द राचत है।
तुम शिवफल देहु दयाल, तो हम जाचत है ॥नंदी०॥फलं।
यह अरघ कियो निज हेत, तुमको अरपतु हों।
'द्यानत' कीनों शिवखेत,-भूमि समरपतु हों ॥नंदी०॥ अर्घ्यं

अथ जयमाला।

दोहा।

कातिक फागुन साढ़के, अंत आठ दिनमाँहिं।
नंदीश्वर सुर जात हैं, हम पूजें इह ठाँहिं ॥१॥

एकसौ त्रेसठ कोडि जोजनमहा। लाख चौरासि एक एक दिशमें लहा॥ आठमो द्वीप नंदीश्वरं भास्वरं। भौन बावन्न प्रतिमा नमों सुखकरं ॥२॥ चारदिशि चार अंजनगिरी राजहीं। सहस चौरासिया एकदिश छाजहीं। ढोलसम गोल ऊपर तले सुंदरं। भौन० ॥३॥ एक इक चार दिशि चार शुभ बावरी। एक इक लाख जोजन अमल जलभरी। चहुंदिशा चार वन लाख जोजन वरं। भौन० ॥४॥ सोल वापीनमधि सोल गिरि दधि-मुखं। सहस दश महा जोजन लखत ही सुखं। बावरी-कोंन दोमांहि दो रतिकरं। भौन० ॥५॥ शैल बत्तीस इक सहस जोजन कहे। चार सोलह मिलैं सर्व बावन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लहे ।। एक इक सीसपर एक जिनमंदिरं । भौन० ।।६।।
बिंब आठ एकसौ रतनमइ सोंहही, देवदेवी सरव नयनमन मोहही। पांचसै धनुष तन पद्मआसन परं। भौन० ।।७।।
लाल नख मुख नयन स्याम अरु स्वेत हैं, स्यामरंग भोंह सिरकेश छवि देत हैं ।। वचन बोलत मनो हँसत कालुषहरं। भौन०।। कोटि शशि भानदुति तेज छिप जाता है, महावैराग परिणाम ठहरात । बयन नहिं कहैं लखिहोत लखि होत सम्यकधरं । भौन० ।।९।।

सोरठा ।

नंदीश्वर जिनधाम, प्रतिमामहिमाको कहै,
'द्यानत' लीनों नाम यहै भगति सब सुख करै ।:

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे पूर्वंपश्चिमोत्तरदक्षिणे द्विपञ्चाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो पूर्णार्घंनिर्वपामीति स्वाहा। (इत्याशीर्वादः)

अथ सोलहकारण पूजा

अडिल्ल

सोलहकारण भाय तीर्थंकर जे भये, हरषे इन्द्र अपार मेरुपै ले गये। पूजाकरि निजधन्यलख्यौ बहुचावसों, हमहू षोडशकारन भावें भावसौं ।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणानि ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्। ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणानि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणानि ! अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

चौपाई

कंचनझारी निरमल नीर, पूजौं जिनवर गुनगंभीर ।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥
दरशविशुद्धि भावना भाय, सोलह तीर्थंकरपदपाय ।
परमगुरु होय, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥१॥

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धयादिषोडशकारणेभ्यो जन्ममृत्युविनाशनाय जलं नि० ।

चंदन घसों कपूर मिलाय, पूजौं श्रीजिनवर के पाय ।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥चंदनं॥
तंदुल धवल सुगंध अनूप । पूजौं जिनवर तिहुँ जगभूप ।
परमगुरु हो,जयजय नाथ परमगुरुहो॥दरश०॥अक्षतान्॥
फूल सुगंध मधुपगुंजार । पूजौं जिनवर जगआधार ।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥पुष्पं॥
सदनेवज बहुविध पकवान । पूजौं श्रीजिनवर गुणखान ।
परमगुरु हो,जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥नैवेद्यं॥
दीपकजोति तिमिर क्षयकार, पूजूं श्रीजिन केवलधार ।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥दीपं॥
अगर कपूर गंध शुभखेय । श्रीजिनवर आगे महकेय ।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥धूपं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीफल आदि बहुत फलसार। पूजों जिन वांछितदातार।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥फलं॥
जल फल आठों दरब चढ़ाय। 'द्यानत' वरत करों मनलाय।
परमगुरु हो, जय जय नाथ परमगुरु हो ॥दरश०॥अर्घ्यं॥

अथ जयमाला।

दोहा।

षोडषकारण गुण करै, हरै चतुरगतिवास।
पाप पुण्य सब नाशकै, ज्ञानभान परकास ॥१॥

चौपाई।

दरशविशुद्धि धरै जो कोई। ताको आवागमन न होई॥ विनय महा धारै जो प्रानी। शिववनिता की सखी बखानी॥२॥शीलसदादिढ़ जो नर पालै। सोऔरनकी आपद टालै॥ ज्ञानाभ्यासकरै मनमाहीं। ताकै मोहमहातम नाहीं॥३॥ जो संवेगभाव विसतारै। स्वर्गमुकतिपद आप निहारै॥दान देय मन हरष विशेखै। इह भव जस परभव सुख देखै॥४॥ जोतप तपै खपै अभिलाषा। चूरै करमशिखर गुरु भाषा। साधुसमाधिसदा मन लावै। तिहुँजगभोग भोगि शिव जावै ॥५॥ निशदिन वैयावृत्य करैया। सो निहचै भवनीर तिरैया॥ जोअरहंतभगति मन आनै।सो जन विषयकषायन जानै॥६॥ जो आचारजभगति करैहै।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सो निर्मल आचार धरै है ।। बहुश्रुतवंतभगति जो करई । सो नर संपूरन श्रुत धरई।।७।। प्रवचनभगति करै जो ज्ञाता । लहै ज्ञान परमानंद दाता ।।षट्आवश्यक नित जो साधै। सो ही रत्नत्रय आराधै ।।८।। धरमप्रभाव करैं जे ज्ञानी । तिन शिवमारग रीति पिछानी।। वत्सल अंग सदा जो ध्यावै। सो तीर्थंकर पदवी पावै ।।९।।

दोहा ।

एही सोलह भावना, सहित धरै व्रत जोय ।
देव इंद्र नरवंद्यपद, 'द्यानत' शिवपद होय ।।१०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो: पूर्णार्घ्यं निर्व० ।

(इत्याशीर्वाद:)

अथ दशलक्षण धर्म पूजा

अडिल्ल ।

उत्तम छिमा मारदव आरजव भाव हैं। सत्य शौच संजम तप त्याग उपाव हैं ।। आकिंचन ब्रह्मचर्य धरम दश सार हैं। चहुँगतिदुखतैं काढ़ि मुकतिकरतार हैं ।।१।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठ: ठ: ।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सोरठा ।

हेमाचलकी धार, मुनिचित सम शीतल सुरभि ।
भवआताप निवार, दशलक्षन पूजौं सदा ॥१॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्य-ब्रह्मचर्यदशलक्षणधर्मेभ्यो: जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥

चंदन केशर गार, होय सुवास दशों दिशा । भव० ।
चन्दनम् ॥

अमल अखंडितसार, तंदुल चंद्रसमान शुभ । भव० ॥
अक्षतान् ॥

फूल अनेकप्रकार, महकैं ऊरधलोक लों । भव० ।
पुष्पम् ॥

नेवज विविध निहार, उत्तम षटरससंजुगत । भव० ॥
नैवेद्यम् ॥

वाति कपूर सुधार, दीपकजोति सुहावनी । भव० ।
दीपम् ॥

अगर धूप विस्तार, फैले सर्व सुगंधता । भव० ॥
धूपम् ॥

फलकी जाति अपार, घ्रान नयन मनमोहने । भव० ।
फलम् ॥

आठों दरब संवार, 'द्यानत' अधिक उछाहसों । भव० ॥
अर्घ्यं ॥

अंग पूजा ।

सोरठा ।

पीड़ैं दुष्ट अनेक, बांध मार बहुविधि करैं ।
धरिये क्षिमा विवेक, कोप न कीजे प्रीतमा ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चौपाई मिश्रित गीता छन्द ।

उत्तमक्षमा गहोरे भाई । इहभव जस परभव सुखदाई ॥
गाली सुनि मन खेद न आनो । गुनको औगुन कहै अयानो ॥
कहि है अयानो वस्तु छीनै, बांध मार बहुविधि करै ।
घरतैं निकारै तन विदारै, वैर जो न तहां धरै ॥
तैं करम पूरब किये खोटे, सहै क्यों नहिं जीयरा ।
अतिक्रोधअगनि बुझाय प्रानी, साम्य जल ले सीयरा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्माङ्गाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥

मान महाविषरूप, करहि नीचगति जगतमें ।
कोमल सुधा अनूप, सुख पावै प्रानी सदा ॥

उत्तम मार्दवगुन मनमाना । मान करनको कौन ठिकाना ।
वस्यो निगोदमाहितैं आया । दमरी रूँकन भाग बिकाया ॥
रूकन बिकाया भागवशतैं, देव इकइन्द्री भया ।
उत्तम मुआ चांडाल हूवा, भूप कीड़ों में गया ॥
जीतव्य-जोवन-धनगुमान कहा करै जलबुदबुदा ।
करि विनय बहुगुन बड़े जनकी ज्ञानका पावै उदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥२॥

कपट न कीजै कोय, चोरनके पुर ना बसै ।
सरल सुभावी होय, ताके घर बहु संपदा ॥

उत्तमआर्जवरीति बखानी । रंचक दगा बहुत दुखदानी ।
मनमें हो सो वचन उचरिये । वचन होय सो तनसौं करिये ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करिये सरल तिहुँजोग अपने, देख निरमल आरसी।
मुख करै जैसा लखै तैसा, कपटप्रीति अंगारसी ॥
नहिं लहै लछमी अधिक छलकरि, करमबंध विशेषता।
भय त्यागि दूध बिलाव पीवै, आपदा नहिं देखता ॥

ॐ ह्रीं उत्तमार्जवधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥३॥

कठिन वचन मति बोल, परनिंदा अरु झूठ तज।
सांच जवाहर खोल, सतवादी जगमें सुखी ॥

उत्तम सत्यवरत पालीजै, परविश्वासघात नहिं कीजै।
सांचे झूठे मानुष देखो, आपनपूत स्वपास न पेखो ॥
पेखो तिहायत पुरुष सांचेको, दरब सब दीजिये।
मुनिराज श्रावककी प्रतिष्ठा, सांचगुण लख लीजिये ॥
ऊँचे सिंहासन बैठि वसुनृप, धरमका भूपति भया।
वच झूठसेती नरक पहुँचा, स्वर्ग में नारद गया ॥

ॐ ह्रीं उत्तमसत्यधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥४॥

धरि हिरदै संतोष, करहु तपस्या देहसों।
शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में ॥

उत्तम शौच सर्व जग जाना। लोभ पापको बाप बखाना।
आसापास महादुखदानी। सुख पावै संतोषी प्रानी ॥
प्रानी सदा शुचि शीलजपतप, ज्ञानध्यानप्रभावतें।
नित गंगजमुन समुद्र न्हाये, अशुचिदोष सुभावतैं ॥
ऊपर अमल, मल भरचो भीतर, कौन विध घट शुचि कहै।
बहु देह मैली सुगुनथैली, शौच गुन साधू लहै ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं उत्तमशौचधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥५॥

काय छहों प्रतिपाल, पंचेन्द्री मन वश करौ ।
संजमरतन संभाल, विषय चोर बहु फिरत हैं ॥
उत्तम संजम गहु मन मेरे, भव भवके भाजैं अघ तेरे ॥
स्वर्ग नरकपशुगति में नाहीं, आलसहरन करन सुख ठाहीं।
ठाहीं पृथी जल आग मारुत, रूख त्रस करुना धरो ।
सपरसन रसना घ्रान नैना, कान मन सब वश करौ ॥
जिस बिना नहिं जिनराज रीझे, तू रुल्यो जगकीच में ।
इक घरी मत विसरो करो नित, आव जममुख बीच में ॥

ॐ ह्रीं उत्तमसंयमधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीतिं स्वाहा ॥६॥

तप चाहैं सुरराय, करमसिखर को वज्र है ।
द्वादशविधि सुखदाय, क्यों न करै निज सकति सम ॥
उत्तम तप सबमांहि बखाना । करमशैलको वज्र समाना॥
बस्यो अनादिनिगोदमंझारा । भूविकलत्रय पशुतन धारा॥
धारा मनुषतन महादुर्लभ, सुकुल आव निरोगता ।
श्रीजैनवानी तत्त्वज्ञानी, भई विषयपयोगता ॥
अति महादुरलभ त्याग विषय, कषाय जो तप आदरै ।
नरभव अनूपम कनक घर पर, मणिमयी कलसा धरै ॥

ॐ ह्रीं उत्तमतपोधर्मांगाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥७॥

दान चार परकार, चारसंघको दीजिये ।
धन विजुली उनहार, नरभवलाहो लीजिये ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्तमत्याग कह्यो जगसारा। औषध शास्त्र अभय आहारा॥
निश्चै रागद्वेष निरवारै। ज्ञाता दोनों दान संभारै॥
दोनों संभारै कूपजलसम, दरब घरमें परिनया।
निज हाथ दीजे साथ लीजे, खाय खोया बह गया॥
धनि साध शास्त्र अभयदिवैया, त्याग राग विरोधकों॥
विन दान श्रावक साध दोनों, लहै नाहिं बोधकों॥

ॐ ह्रीं उत्तमत्यागधर्मांगाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥८॥

परिग्रह चौबिस भेद, त्याग करैं मुनिराजजी।
तिसना भाव उछेद, घटती जान घटाइए॥
उत्तम आकिंचन गुण जानौ। परिग्रहचिंता दुख ही मानौ॥
फांस तनकसी तनमें सालै, चाह लंगोटीकी दुख भालै॥
भालै न समता सुख कभी नर, बिना मुनि मुद्रा धरैं।
धनि नगनपर तन-नगन ठाड़े, सुर असुर पायनि परैं॥
घरमांहि तिसना जो घटावै, रुचि नहीं संसारसों।
बहुधन बुरा हू भला कहिये, लीन पर उपगारसों॥

ॐ ह्रीं उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥९॥

शीलबाड़ नौ राख, ब्रह्मभाव अंतर लखो।
करि दोनों अभिलाष, करहु सुफल नरभा वसदा॥
उत्तम ब्रह्मचर्य मन आनौ, माता बहिन सुता पहिचानौ॥
सहै बानवरषा बहु सूरे। टिकैं न नैन बान लखि कूरे॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कूरे तियाके अशुचितनमें, कामरोगी रति करै ।
बहु मृतक सड़हिं मसानमाहीं, काक ज्यों चोंचैं भरै ॥
संसारमें विषबेल नारी, तजि गये जोगीश्वरा ।
'द्यानत' धरमदशपैंडि चढ़िकैं, शिवमहलमें पग धरा ॥
ॐ ह्रीं उत्तम ब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥१०॥

अथ समुच्चय जयमाला ।

दोहा ।

दशलक्षन बंदौं सदा, मनवांछित फलदाय ।
कहों आरती भारती, हमपर होहुं सहाय ॥१॥

वेसरी छन्द ।

उत्तमछिमा जहां मन होई, अंतरबाहिर शत्रु न कोई ।
उत्तममार्दव विनयप्रकासै, नानाभेद ज्ञान सब भासै ॥२॥
उत्तमआर्जव कपट मिटावै, दुरगति त्यागि सुगति उपजावै ।
उत्तम सत्यवचन मुख बोलै, सो प्रानी संसार न डोलै ॥
उत्तमशौच लोभपरिहारी, संतोषी गुणरतनभंडारी ।
उत्तमसंयम पालै ज्ञाता । नरभव सफल करै ले साता ॥
उत्तमतप निरवांछित पालै, सो नर करमशत्रु को टालै ।
उत्तमत्याग करै जो कोई, भोगभूमि-सुर-शिव सुख होई ॥
उत्तमआर्किचनव्रत धारै, परमसमाधि दशा विसतारै ।
उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावै, नरसुरसहित मुकतिफल पावै ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा ।

करै करमकी निरजरा, भवपींजरा, विनाशि ।
अजर अमरपदकों लहै, 'द्यानत' सुखकी राशि ।।७।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपत्यागाकिंचन्य-ब्रह्मचर्यदशलक्षणधर्माय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।।

अथ रत्नत्रय पूजा

दोहा ।

चहुँगतिफनिविषहरनमणि, दुखपावक जलधार ।
शिवसुखसुधासरोवरी, सम्यकत्रयी निहार ।।१।।

ॐ ह्रीं सम्यग्रत्नत्रय ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट् ।
ॐ ह्रीं सम्यग्रत्नत्रय ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं सम्यग्रत्नत्रय ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

सोरठा ।

क्षीरोदधि उनहार, उज्वल जल अति सोहनो ।
जनमरोग निरवार, सम्यकरत्नत्रय भजूं ।।१।।

ॐ ह्रीं सम्यग्रत्नत्रयाय जन्मरोगविनाशाय जलं निर्वपामीति हावा .

चंदन केसर गारि, परिमल महासुरं गमय। जन्म० ।। चंदनं
तंदुलअमल चितार,वासमतिसुखदासके।जन्म० ।। अक्षतान्
महकैं फूल अपार, अलि गुजैं ज्यों थुति करैं।जन्म०।। पुष्पं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लाडू बहु विस्तार, चीकन मिष्ट सुगंधयुत ।।जन्म०।।नैवेद्यं ।।
दीपरतनमय सार, जोत प्रकाशै जगतमें ।जन्म०।।दीपं।।
धूप सुवास विथार, चंदन अगर कपूरकी ।जन्म०।।धूपं।।
फल शोभा अधिकार,लोंग छुहारे जायफल ।जन्म०।।फलं।।
आठदरब निरधार,उत्तमसो उत्तम लिये ।जन्म०।।अर्घ्यं।।

सम्यकदरशनज्ञान, व्रत शिवमग तीनों मयी ।
पार उतारन जान, 'द्यानत' पूजों व्रतसहित ।।१०।।

दर्शनपूजा ।

दोहा ।

सिद्ध अष्टगुनमय प्रगट, मुक्तजीवसोपान ।
जिहविन ज्ञानचरित अफल,सम्यकदर्श प्रधान ।।१।।

ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शन ! अत्रावतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शन ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शन ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

सोरठा ।

नीर सुगंध अपार, त्रिषा हरै मल क्षय करै ।
सम्यकदर्शनसार, आठअंग पूजों सदा ।।१।।

ॐ ह्रीं अष्टांगसम्यग्दर्शनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।।१।।

जल केसर घनसार, ताप हरै शीतल करै । सम्य० ।
चंदनम् ।।
अक्षत अनूप निहार, दारिद्र नाशै सुख भरै । सम्य० ।
अक्षतान् ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पहुप सुवास उदार, खेद हरै मन शुचि करै। सम्य०।
पुष्पम् ।।

नेवज विविधप्रकार, क्षुधा हरै थिरता करै। सम्य०।
नैवेद्यम् ।।

दीपज्योति तमहार, घटपट परकाशै महा। सम्य०।
दीपम् ।।

धूप घ्रानसुखकार, रोग विघन जड़ता हरै। सम्य०।
धूपम् ।।

श्रीफलआदि विथार, निश्चै सुरशिवफल करै। सम्य०।
फलम् ।।

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फलफूल चरु। सम्य०।
अर्घं ।।

अथ जयमाला।

दोहा।

आप आप निश्चै लखै, तत्त्वप्रीति व्योहार।
रहितदोष पच्चीस है, सहित अष्ट गुण सार ।।१।।

चौपाई-मिश्रित गीताछन्द।

सम्यकदरशन रतन गहीजै, जिनवचमें संदेह न कीजै।
इहभव विभवचाह दुखदानी, परभवभोग चहै मत प्रानी ।।
प्रानी गिलान न करि अशुचि लखि, धरमगुरुप्रभु परखिये।
परदोष ढकिये धरम डिगतेको, सुथिर कर हरषिये ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चहुसंघको वात्सल्य कीजे, धरमकी परभावना ।
गुन आठसों गुन आठ लहिकैं, इहां फेर न आवना ॥२॥

ॐ ह्रीं अष्टांगसहितपंचविंशतिदोषरहितायसम्यग्दर्शनाय पूर्णार्घ्यं०॥

ज्ञानपूजा ।

दोहा ।

पंचभेद जाके प्रगट, ज्ञेयप्रकाशन भान ।
मोह-तपन-हर-चन्द्रमा, सोई सम्यकज्ञान ॥१॥

ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञान ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञान ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञान ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्

सोरठा ।

नीरसुगंध अपार, त्रिषा हरै मल क्षय करै ।
सम्यकज्ञान विचार, आठभेद पूजों सदा ॥१॥

ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञानाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥

जलकेसर घनसार, ताप हरै शीतल करै । सम्य० ।
चन्दनं ॥

अक्षत अनूप निहार, दारिद्र नाशै सुख भरै । सम्य० ।
अक्षतान् ॥

पहुपसुवास उदार, खेद हरै मन शुचि करै । सम्य० ।
पुष्पं ॥

नेवज विविधप्रकार, क्षुधा हरै थिरता करै । सम्य० ।
नैवेद्यं ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दीप ज्योति तमहार, घटपट प्रकाशै महा। सम्य०।
दीपं ॥

धूप घ्रानसुखकार, रोग विघन जड़ता हरै। सम्य०।
धूपं ॥

श्रीफल आदि विथार, निश्चै सुरशिवफल करै। सम्य०।
फल ॥

जल गंधाक्षत चारु दीप धूप फल फूल चरु। सम्य०।
अर्घं ॥

अथ जयमाला।

दोहा।

आप आप जानै नियत, ग्रंथपठन व्योहार।
संशय विभ्रम मोह विन, अष्टभंग गुनकार ॥१॥

चौपाई-मिश्रित गीता छन्द।

सम्यकज्ञान रतन मन भाया, आगम तीजा नैन बताया।
अक्षर शुद्ध अरथ पहिचानो, अक्षर अरथ उभय संग जानौं॥
जानौं सुकालपठन जिनागम, नाम गुरु न छिपाइये।
तपरीति गहि बहु मान देकैं, विनयगुन चित लाइये॥
ये आठ भेद करम उछेदक, ज्ञान-दर्पन देखना।
इस ज्ञानही सों भरत सीझा, और सब पटपेखना ॥२॥
ॐ ह्रीं अष्टविधसम्यग्ज्ञानाय पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चारित्र पूजा ।

दोहा ।

विषयरोग औषध महा, दवकषायजलधार ।
तीर्थंकर जाकौं धरैं, सम्यकचारितसार ॥१॥

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठ ।
ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

सोरठा ।

नीर सुगंध अपार, त्रिषा हरै मल क्षय करैं ।
सम्यकचारितसार, तेरहविध पूजौं सदा ॥१॥

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।१।

जल केशर घनसार, ताप हरै शीतल करै । सम्यक० ।
चन्दनम् ॥

अक्षत अनूप निहार, दारिद्र नाशै सुख भरै । सम्य० ।
अक्षतान् ॥

पहुपसुवास उदार, खेद हरै मन शुचि करैं । सम्य० ।
पुष्पम् ॥

नेवज विविधप्रकार, क्षुधा हरै थिरता करैं । सम्य० ।
नेवैद्यम् ॥

दीपज्योति तमहार, घटपट परकाशै महा । सम्य० ।
दीपम् ॥

धूप घ्रान सुखकार, रोग विघन जड़ता हरै । सम्य० ।
धूपम् ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीफल आदि विथार, निश्चै सुरशिवफल करै। सम्य०
फलम् ॥

जल गंधाक्षत चारु, दीप धूप फल फूल चरु। सम्य०।
अर्घं ॥

अथ जयमाला।

दोहा।

आप आप थिर नियत नय, तपसंजम व्योहार।
स्वपर दया दोनों लिये, तेरहविध दुखहार ॥१॥

चौपाई-मिश्रित गीताछन्द।

सम्यकचारित रतन संभालौ, पांच पाप तजिकैं व्रत पालौ।
पंचसमिति त्रय गुपति गहीजै, नरभव सफल करहु तन छीजै।
छीजै सदा तनको जतन यह, एक संजम पालिये।
बहु रुल्यो नरक निगोदमाहीं, विषयकषायनि टालिये।
शुभकरम जोग सुघाट आया, पार हो दिन जात है।
'द्यानत' धरमकी नाव बैठो, शिवपुरी कुशलात है ॥२॥

ॐ ह्रीं त्रयोदशविधसम्यक्चारित्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥

अथ समुच्चय जयमाला।

दोहा।

सम्यकदरशन-ज्ञान-व्रत, इन विन मुकति न होय।
अंध पंगु अरु आलसी, जुदे जलैं दव-लोय ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चौपाई।

जापै ध्यान सुथिर बन आवै। ताके करमबंध कट जावै। तासों शिवतिय प्रीति बढ़ावै। जो सम्यकरतनत्रय ध्यावै।।१।। ताको चहुँगतिके दुख नाहीं। सो न परै भव-सागरमाहीं।। जनमजरामृतु दोष मिटावै। जो सम्यकरतन-त्रय ध्यावै।।३।। सोई दशलक्षनको साधै। सो सोलह कारण आराधै। सो परमातम-पद उपजावै। जो सम्यक रतनत्रय ध्यावै।।४।। सोई शक्रचक्रिपद लेई। तीनलोकके सुख विलसेई।। सो रागादिक भाव बहावै। जो सम्यकरतन त्रय ध्यावै।। सोई लोकालोक निहारै परमानंददशा विसतारै।। आप तिरे औरन तिरवावै। जो सम्यक-रतनत्रय ध्यावै।।

दोहा।

एकस्वरूपप्रकाश निज, वचन कह्यो नहिं जाय।
तीन भेद व्योहार सब, 'द्यानत' को सुखदाय।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनसम्यग्ज्ञानसम्यकचारित्रेभ्य: महार्घ्यं निर्वं०।।

(अर्घके बाद विसर्जन करना चाहिये)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रत्नत्रय पूजा

दरस सम्यक ज्ञान चारित तीन ये सुखदाय हैं :
त्रिय लोक पूजै भाव धरि फल ताहि पूज कहाय हैं ।।
इम जान भवि त्रिय रतन उर धरि ध्याय हर्ष बढ़ाइये ।
ताके सुफल सब कर्म आठौं नासकैं सिव जाइये ।।१।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि अत्र अवतरत अवतरत सवौष्ट ।
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि अत्र तिष्ठत तिष्ठत ठः ठः ।
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि अत्रमम सन्निहितानि भवत भवत वष्ट ।

कनकपात्र मणिजडित बनाऊं,छीरोदधिको नीर सु ल्याऊं ।
पूजों सम्यक् दर्शन भाई, ज्ञान चरित्र महा सुखदाई ।।
सुखदाय सबकौ रतन तीनौ नीर इन्हैं चढ़ाइए ।
तिस फलै जामन मरण नासै मुक्ति–रसनी पाइए ।।
इम जानि भवि उर हर्ष धरकै भगति इनकी कीजिये ।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ।।२।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः जलं नि० ।

पावनचंदन कर लै भाई, घसिकै निरमल नीर मिलाई ।
दर्शनज्ञान चरन सुधि आनौ,पूजौ नित प्रति हर्ष बढ़ानौ ।।
बड़ाय उरमें हर्ष ध्याऊं रतन तीनौ सुखकरा ।
ताफलै भव आताप नासै और कहा भाखों खरा ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इम जान भवि उरि हर्ष धरिकैं भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ॥३॥
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: चंदनं नि०।

बीन अखंडित अक्षत भाई, उज्ज़ल मुकताफलसम थाई।
ताकरि पूजौ मन बच आनौ,दर्शन ज्ञान चरण सुखदानी॥
सुखदाय सेऊं रतन तीनौ सुभग अक्षतसौं सही।
ताफलै पदवी अखय पावै वानि जिन ऐसे कही॥
इम जान भवि उर हर्ष धरिकैं भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसो मनुसभवफल लीजिये ॥४॥
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: अक्षतं नि०।

बहु विध सुरतरुके पुष्प आनौ, इष्ट वर्ण सुभ गंध सुथानौ।
तिन करि पूजौ दर्शन ज्ञानौ,चारित सम्यक सिवपद जानौ॥
जानौ सु सिवपद रतन इनकी सेव फूलनतैं करे।
सो विषयविरकत भव्य प्रानी काम-भटमदकौ हरैं॥
इम जान भवि उर हर्ष धरिके भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ॥५॥
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: पुष्पं नि०।

षट रज जुत नैवेद्य बनाऊं, मेवा बहुविध सार मिलाऊं।
खाजा फेनीमोदक आनौ, पूजा रतन तीन की ठानौ॥
ठानौ जु पूजा ज्ञान दर्शन अरु चरित सुखदा सही।
ताफलैं छुधा रोग नासै वानी जिन ऐसी कही॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इम जान भवि उर हर्ष धरिके भगति इनकी कीजिये ।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ।।६।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः नैवेद्यं नि० ।

दीपक रतनतनौ कर लीजे, कनकपात्र में ताहि धरीजे ।
तीनौगुण परिया विधि लावो, हरिष हरिष करताहि चढ़ावो।।
हरषे जु चित चढ़ाय दीपक आरती सुभ चित करौ ।
ताके सुफल मिथ्या-अधेरौ खेद विन निश्चै हरौ ।।
इम जान भवि उर हर्ष धरिके भगति इनकी कीजिये ।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ।७।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः दीपं नि० ।

धूप कपूर अगरकी आनी, सुगंध बसी तहां अलि भरमानी ।
ऐसी धूप आगिनमें खेऊं दर्शन ज्ञान चरण गुण सेऊं ।।
सेऊं जु तीनों रतन मन वच काय जो गलगायकै ।
ताफलै आठों करम-जरि छय होय सिव ले जायकै ।।
इम जान भवि उर हर्ष धरिके भगति इनकी कीजिये ।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये ।८।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः धूपं नि० ।

श्रीफल लौंग बदाम सुपारी, खारक पिस्ता अति सुखकारी ।
इत्यादिक फल बहु विध ल्याऊं, तीनों रतन पूज हरसाऊं ।।
हरषाय दर्शन ज्ञान चारित पूजिये हित लायजी ।
ताके फले सिवथान पावे अचल पदवी थायजी ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इम जान भवि उर हर्ष धरिकै भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये।९।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः फलं नि०।

जल चंदन अक्षत पुष्प लाए, सुभ नेवेद्य घिरत मिलवाय।
दीप धूप फल ले सुखकारी, अर्घ किया अरपौ भवतारी॥
तारी वसु विधि अर्घ सुखदा रतन तीनों पूजिये।
ताफलै सब अघ दूर भागे लोक त्रय सब सूझिये॥
इम जान भवि उर हर्ष धरिकै भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौमनुसभवफललीजिये।१०॥

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः अर्घं नि०।

ये तिय दर्शन ज्ञान चारिता, पूजौ मन वच तन करि सिता।
ये ही सिवमग जिनधुनि गाए, इन त्यागें सिववाट भुलाये।
भूले जु सिवमग छांड इनको खेद बहुतेरा सहा।
नहीं मोक्षमारग दृष्टि आवै भटक भव वन ही रहा॥
इम जान भवि उर हर्ष धरिके भगति इनकी कीजिये।
अब कठिन अवसर पाय ऐसौ मनुसभवफल लीजिये।११।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः अर्घं नि०।

मोक्ष-बटकौ बीज सम्यकदर्श जिनवानी कह्यो।
था विना चारित ज्ञान सिवदा नाहीं इम भवि सरदह्यो।
सो भाव सम्यंक मोक्षदाइक सकलकौ सुखदाय है।
तातैं जु द्रव्य मिलाय आठों जजौं अर्घ चढ़ाय है॥१॥

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनाय अर्घं नि०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञान सम्यक होय तब ही मोक्षमारग जानि है।
विन ज्ञान मारग मोक्ष नाहीं होय निज गुणहानि है।२।
तातै जु सुद्ध सरूप जानौ ज्ञान सम्यक चक्षुसम।
याकौ जे पूजै द्रव्य वसु लै ते गहैं सिवथल परम ।।२।।

ॐ ह्रीं सम्यक्ज्ञानाय अर्घं नि०।

संसार-सागर तार सम्यक धारि चारित जानिये।
या समा नौका अवर नाहीं जगतपूजित मानिये ।।
इस विना सम्यक ज्ञान दर्शन मोक्षथानक नहिं धरे।
तातै बसु द्रव्य लेय चारित पूजिहैं सो अब हरे ।।३।।

ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्राय अर्घं नि०।

नहिं एक सम्यक मोक्षदायक ज्ञान इक सिव ना करे।
सिवदाय चारित एकला नहिं तीन ही मिल अघ हरे ।।
तातै जु सम्यक ज्ञान दर्शन चारित त्रय सुखकरा।
वसु द्रव्य अर्घ बनाय सुन्दर पूजिहों जग-तिय-धरा ।।४।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: अर्घं नि०।

जयमाला।

दर्शन ज्ञान चरन त्रय भाई, सम्यक मिलै होय सिवदाई।
तिनमें सम्यक भाव न जानौ, ताकी होय नहीं सिवथानौ ।।
सो सम्यक दर्शन वसु भेवो, सम्यक ज्ञान पांच विधि सेवो।
त्रयोदश चारित सम्यक होई, अब सुनभेद कहौ भिन सोई ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्यकगुण निसंक सो जानौ धर्मविषैं नहिं संका आनौ।
साध इसे अंजन सिव पायौ, देव निरंजन सिद्ध कहायौ ॥
धर्म सेय फल इच्छे नाहीं, सो निकांछ गुण सम्यक पाहीं।
सेठसुता गुणवती सु पायौ, ताकौ जस जिनमारग गायौ ॥
निरविचिकितसित सो गुण कहिये, नहीं गिलान देख पर लहिये।
सो उद्यायन भूपने पायौ, ताकौ कथन वानि जिन गायौ ॥
दिष्टि अमूढ़ सुभग गुण वेवै, जो न कुदेव-धर्म-गुरु सेवै।
यह गुण रानी रेवति पायौ, सो भी जिनधुनि प्रगटैं गायौ ॥
उपगूहन गुण ताकौ कहिये, जात परका दोष न लहिये।
सेठ जिनेंद्रभक्त सो पायौ, ताकौ भी जस जग भरमायौ ॥
थितीकरण गुण सो पुन जानौ, डिगत धर्म राखै थिर थानौ।
सो मुनि वारिषेणने पायौ, सो भी जिनधुनितैं दर्शायौ ॥
वाछल गुण सो जानौ भाई, लखि धर्मी अति नेह उपाई।
सो मुनि विष्णुकुमारने पायौ, बहु मुनिकेरौ कष्ट गमायौ ॥
धरमप्रभावन ताकौ कहिये, धर्म उद्योत जासतैं लहिये।
सो मुनि वज्रकुमारने पायौ, ताकौ भी वर्णन श्रुति गायौ ॥
ये वसु गुण सम्यकके गाए, अब सुनि पंच ज्ञान जिम थाए।
पंचेद्रिय मनसैं जो जानौ, सो मतिज्ञान जिनेस वखानौ ॥
देखि अर्थ अर्थांतर जानौ, श्रुतज्ञान ताकौ भवि मानौ।
अगली पिछली कहै सु भाई अवधिज्ञान जानौ सुखदाई ॥
जो परके मनकी सब पावै, मनपरजय सो ज्ञान कहावे।
तीन लोक त्रय काल सु जानै, ताकौ केवलज्ञान वखानै ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अब सुनि चारित दस तिय भाई, महाव्रत समिति पांच सु थाई।
तीन गुतति मिल सिवमग होई, अब सुन कथा इन्होंकी सोई।।
विरत अहिंसा ताकौ कहिये, जामें सब जिय निजसम लखिये।
सत्य महाव्रतसौ सत बोले, चोरी तज पर दाम न खोलै।।
ब्रह्मचर्यव्रत वाकौ कहिये, सब जगनारि मातसम लखिये।
परिग्रहत्यागविरत सो जानौ, अंतर बाहिर नगन बखानौ।।
समितिईरजातै भुवि चालै, भाषासमति वचन सुभ हालै।
देख कर खाय एषणा सोई, ग्रह-निक्षेप देखकर होई।।
प्रतिष्ठापना समिति सु जानौ, मल-मूत्रादि करें जोय थानौ।
मन वच काय आपबस राखै, ताकौ गुपति तीन मुनि भाखै।।
ये ही दर्शन ज्ञान चारित्ता, मोक्ष गमन का है सुभ पत्ता।
इन विन मुकति राह नहिं पावै, या मन लगे सकल सिव जावै।।

रतन तीन इनकी परख जानत सम्यक धार।
सो पावै सिव टेक तजि सुख अनंतकरतार ।।२०।।

ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्य: महार्घं नि०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री देवशास्त्रगुरु, विद्यमानबीसतीर्थङ्कर तथा श्रीसिद्ध परमेष्ठी की

संयुक्त भाषा पूजा

देव शास्त्र गुरु नमन करि, बीस तीर्थंकर ध्याय।
सिद्ध शुद्ध राजत सदा, नमूं चित्त हुलसाय ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवशास्त्रगुरुसमूह, श्री विद्यमानविंशतितीर्थङ्करेभ्यः श्री अनन्तानन्तसिद्धपरमेष्ठि नमः पुष्पांजलिं क्षिपेत्।

(चाल—करले करले तू नित प्रानी, श्रीजिनपूजन करलेरे)

अनादि काल से जगमें स्वामिन्, जलसे शुचिताको माना।
शुद्ध निजातम सम्यक्रत्नत्रय, निधिको नाहिं पहिचाना॥
अब निरमल रत्नत्रय जलसे, देवशास्त्रगुरु को ध्याऊँ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्ध प्रभु के गुण गाऊँ॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवशास्त्रगुरुसमूह श्रीविद्यमानविंशतितीर्थङ्करः श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो जलम्।

भव आताप मिटावन की, निज में ही क्षमता समता है।
अनजाने अब तक मैंने, पर में की झूंठी ममता है॥
चंदनसम शीतलता पाने, श्री देवशास्त्रगुरु को ध्याऊँ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभु के गुण गाऊँ॥

चन्दनम्

अक्षयपद बिन फिरा जगत को, लख चौरासी योनी में।
कर्मतुषाके नाश करनकी, अक्षत तुम ढिग लाया मैं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अक्षयनिधि निजकी पाने अब, देवशास्त्रगुरु को ध्याऊं ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभु के गुण गाऊँ ।।

अक्षतम्

पुष्पसुगन्ध से आतम ने, शीलस्वभाव नशाया है ।
मन्मथवाणोंसे विध करके, चहुँगति दुख उपजाया है ।।
स्थिरता निज में पानेकी श्री देवशास्त्रगुरु को ध्याऊं ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभु के गुण गाऊँ ।।

पुष्पम्

षट्रसमिश्रित भोजनसे ये, भूख न मेरी शान्त हुई ।
आतम रस अनुपम चखने, इन्द्रिय मन इच्छा शमन हुई ।।
भूख सर्वथा मेटन को, श्री देवशास्त्रगुरु को ध्याऊँ ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थङ्कर, सिद्धप्रभु के गुण गाऊँ ।।

नैवेद्यम्

दीप विनश्वर जड़ को अब तक समझा था मैने उजियारा ।
निजगुण द्योतक ज्ञान दीपसे, मिटा मोह का अंधियारा ।।
ये दीप समर्पित करके मैं श्री, देवशास्त्रगुरुको ध्याऊं ।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर सिद्धप्रभुके गुण गाऊं ।।

दीपम्

ये धूप अनिल में खेनेसे, कर्मों को नहीं जलायेगी ।
निजमें निजकी शक्ती ज्वाला, जो राग द्वेष नसायेगी ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उस शक्ति दहन प्रगटाने को, श्री देवशास्त्र गुरु को ध्याऊं।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभुके गुण गाऊं ॥
धूपम्

पिस्ताबदाम श्रीफललवंग, चरणन तुमढिग मैं ले आया।
आतमरस भीने निजगुणफल, मम मन अब उनमें ललचाया।
अब मोक्ष महाफल पाने को, श्रीदेवशास्त्रगुरुको ध्याऊं।
विद्यमान श्री बीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभुके गुण गाऊं ॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह श्रीविद्यमानविंशति तीर्थङ्कर
श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यो फलम्

अष्टमवसुधा पीने को, कर में ये आठों द्रव्य लिये।
सहज शुद्ध स्वाभाविकता से, निजमें निजगुण प्रकट किये ॥
ये अर्घ्य समर्पण करके मैं, श्रीदेवशास्त्रगुरु को ध्याऊं।
विद्यमान श्रीबीसतीर्थंकर, सिद्धप्रभु के गुण गाऊं ॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह श्रीविद्यमानविंशतितीर्थङ्कर
सिद्धपरमेष्ठिभ्यो अर्घ्यम् :

जयमाल (स्तवन)

हनें घातिया कर्म अरिहंत देवा,
करें सुरअसुरनरमुनी नित्य सेवा।
दरश ज्ञान सुखबल अनन्तों के स्वामी,
छियालीस गुणयुत महाईश नामी ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेरी दिव्य वाणी सदा भव्यमानी, महामोहविध्वंसिनी मोक्षदानी। अनेकान्तमय द्वादशांगी बखानी, नमों लोकमाता श्री जैनवाणी॥ बिरागी अचारज उवज्झाय साधू, दरशज्ञान भण्डार समता के स्वादू। नगन वेशधारी सुएकाबिहारी, निजानन्दमण्डित मुकतपथ प्रचारी॥ विदेहक्षेत्र में बीसतीर्थंकराजें, बिहरमान बन्दूं सभी पाप भाजें। नमूं सिद्धनिर्भय निरामय सुधामी, अनाकुल समाधान महजाभिरामी॥

देव शास्त्र गुरु बीस तीर्थंकर, सिद्ध हृदयचित धरले रे।
पूजन ध्यान गान गुन करके, भवसागर जिय तरले रे॥

ॐ ह्रीं श्रीदेवशास्त्रगुरुसमूह श्रीविद्यमानविंशति तीर्थंकर श्रीसिद्धपरमेष्ठिभ्यः अर्घ्यम्।

देवशास्त्रगुरु पूजन

(पं० हुकमचन्दजी कृत)

शुद्ध ब्रह्म परमात्मा शब्द ब्रह्म जिनवाणि।
शुद्धातम साधकदशा नमो जोड़ जुग पाणि॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुसमूह अत्रावतरावतर सवौषट् इति आह्वाननं। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् इति सन्निधिकरणम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथाष्टक

आशा की प्यास बुझाने को,अब तक मृग तृष्णामें भटका।
जलसमझ विषय विषभोगोंको, उसकीममता मेंथाअटका।।
लख सौम्य दृष्टि तेरी प्रभुवर, समता रस पीने आया हूं।
इस जल ने प्यास बुझाई ना, इसको लौटाने आया हूँ ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो जन्म जरा मृत्यु विनाशनाय जलम् निर्वपामीति स्वाहा ।

क्रोधानल से जब जला हृदय, चन्दन ने कोई न काम किया । तन को तो शान्त किया इसने, मन को न मगर आराम दिया ।। संसार ताप से तप्त हृदय, सन्ताप मिटाने आया हूँ । चरणों में चन्दन अर्पण कर,शीतलता पाने आया हूं ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो चन्दनम् ।

अभिमान किया अब तक जड़ पर, अक्षय निधि को ना पहिचाना । मैं जड़ का जड़ मेरा है, यह सोच बना था मस्ताना ।। क्षत में विश्वास किया अब तक, अक्षत को प्रभुवर ना जाना । अभिमान की आन मिटाने को, अक्षय निधि तुमको पहिचाना ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो अक्षतम् ।

दिन रात वासना में रह कर, मेरे मन ने प्रभु सुख माना । पुन्सत्व गमाया पर प्रभुवर, उसके छल को न

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पहिचाना ।। माया ने डाला जाल प्रथम, कामुकता ने फिर बांध लिया । उसका प्रमाण यह पुष्प बाण, लाकरके प्रभुवर भेंट किया ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो पुष्पम् ।

पर पुद्गल का भक्षण करके, यह भूख मिटाना चाही थी । इस नागिन से बचने को प्रभु, हर चीज बनाकर खाई थी ।। मिष्ठान्न अनेक बनाये थे, दिन रात भखे न मिटी प्रभुवर । अब संयम भाव जगाने को, लाया हूँ ये सब थाली भर ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो नैवेद्यम् ।

पहिले अज्ञान मिटाने को, दीपक था जग में उजियाला । उससे न हुआ कुछ तब युग ने, बिजली का बल्ब जला डाला ।। प्रभु भेद-ज्ञान की आँख न थी, क्या कर सकती थी वह ज्वाला । यह ज्ञान है कि अज्ञान कहो, तुमको भी दीप दिखा डाला ।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो दीपम् ।

शुभ कर्म कमाऊं सुख होगा, मैंने अब तक यह माना था । पाप कर्म को त्याग, पुण्य को चाह रहा अपनाना था ।। किन्तु समझ कर शत्रु कर्म को, आज जलाने आया हूँ । लेकर दशांग यह धूप, कर्म की धूम उड़ाने आया हूं ।।

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो धूपम् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भोगों को अमृत फल जाना, विषयों में निश दिन मस्त रहा। उनके संग्रह में हे प्रभुवर मैं, व्यस्त त्रस्त अभ्यस्त रहा॥ शुद्धात्म प्रभा जो अनुपम फल मैं उसे खोजने आया हूं। प्रभु सरस सुवासित ये जड़फल, मैं तुम्हें चढ़ाने लाया हूं॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो फलम्।

बहु मूल्य जगत का वैभव यह, क्या हमको सुखी बना सकता। अरे पूर्णता पाने में क्या, इसकी है आवश्यकता॥ मैं स्वयं पूर्ण हूं अपने में, प्रभु है अनर्घ मेरी माया। बहु मूल्य द्रव्य मय अर्घ लिये, अर्पण के हेतु चला आया॥

ॐ ह्रीं देवशास्त्रगुरुभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जयमाला।

समय सार जिनदेव है, जिन प्रवचन जिनवाणि। नियमसार निर्ग्रन्थगुरु, करें कर्म की हानी॥ हे वीतराग सर्वज्ञ प्रभो, तुमको ना अब तक पहिचाना। अतएव पड़ रहे हे प्रभुवर, चौरासी के चक्कर खाना॥ करुणानिधि तुमको समझ नाथ, भगवान भरोसे पड़ा रहा। भरपूर सुखी कर दोगे तुम, यह सोचे सन्मुख खड़ा रहा॥ तुम वीतराग हो लीन स्वयं में, कभी न मैंने यह जाना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुम हो निरीह जग से कृत-कृत, इतना ना मैंने पहिचाना ।। प्रभु वीतराग की वाणी में, जैसा जो तत्व दिखाया है। जो होना है सो निश्चित है केवल ज्ञानी ने गाया है ।। उस पर तो श्रद्धा ला न सका, परिवर्तन का अभिमान किया। बनकर पर का कर्ता अब तक, सत् का न प्रभो सम्मान किया ।। भगवान तुम्हारी वाणी में, जैसा जो तत्व दिखाया है। स्याद्वाद नय अनेकान्त मय, समयसार समझाया है ।। उस पर तो ध्यान दिया न प्रभो, विकथा में समय गमाया है। शुद्धात्म रुचि न हुई मन में, ना मन को उधर लगाया है ।। मैं समझ न पाया था अब तक जिनवाणी किसको कहते हैं। प्रभु बीतराग की वाणी में, कैसे क्या तत्व निकलते हैं ।। राग धर्म मय धर्म राग मय, अब तक ऐसा जाना था। शुभ कर्म कमाते सुख होगा, बस अब तक ऐसा माना था ।। पर आज समझ में आया है, कि वीतरागता धर्म अहा। राग-भाव में धर्म मानना, जिन मत में मिथ्यात्व कहा ।। वीतरागता की पोषक ही, जिनवाणी कहलाती है। यह है मुक्ति का मार्ग निरंतर, हमको जो दिखलाती है ।। उस वाणी के अन्तर्तम को, जिन गुरुओं ने पहिचाना है। उन गुरुवर्यों के चरणों में, मस्तक बस हमें झुकाना है ।। दिन रात आत्मा का चिंतन,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिद्ध चक्र पूजा

(श्री द्यानतराय कृत)

परं ब्रह्म परमात्मा, परम जोति परवीन।
परम निरंजन परम पर, नमो सिद्ध जगदीश॥

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं सिद्ध परमेष्ठिन् अत्रावतरावतर संवौषट् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

पुष्पांजलि क्षिपेत।

मोहि तृषा दुख देय सो तुमने जीते प्रभु,
जलसो पूजो तोय मेरो रोग मिटाइये॥

ॐ ह्रीं सिद्ध परमेष्ठिभ्यो जन्मजरा मृत्युरोग विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा॥१॥

हम भव आतप माहि, तुम न्यारे संसारते।
कोजे शीतल छांहि, चंदन सो पूजा करो॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय चंदनं॥२॥

हम ओगुन समुदाय, तुम अक्षित सब गुन भरे।
पूजौं अक्षित ल्याय, दोष नास गुन कीजिये॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय अक्षतान्॥३॥

काम अगनि है मोह, निश्चय शील स्वभाव तुम।
फूल चढाऊं तोय, सेवक की पावक हरो॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय पुष्पं॥४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हम क्षुधा दुख भूर, ज्ञान खडग सों तुम हती ।
मेरी बाधा चूर, नेवज सो पूजो तुम्हें ॥
ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय नैवेद्यं ॥५॥

मोह तिमिर हम पास, तुम पर चेतन जोत है ।
पूजौ दीप प्रकास, मेरी तम निरवारियो ॥
ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय दीपं ॥६॥

रुल्यो करम वनजाल, मुकति माहि तुम सुख करो ।
खेऊं धूप रसान, मरन काल वन जालिये ॥
ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय धूपं ॥७॥

अंतराय दुःखकार, तुम अनंत थिरता लिये ।
पूजौ फलधर सार, विघनटार शिवफल करो ॥
ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय फलं ॥८॥

हम में आठों दोष, भजो अरघ सो सिद्धजी ।
दीजो वसुगुन मोहि, कर जोड़े 'द्यानत' कहो ॥
ॐ ह्रीं सिद्धचक्राय अर्घं ॥९॥

ज्ञानवरणी नाशक सिद्ध आरती

। दोहा ।

मूरत ऊपर पट करो, रूप न जाने कोय,
ज्ञानावरनी करम तें, जीव अज्ञानी होय ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

। चौपाई ।

तिय से छत्तिस विध मतिवरनी, ताहर के मति ज्ञानावरनी । द्वादस विध श्रुत ज्ञान न होवे, श्रुत ज्ञानावरनी है सोवे ॥२॥ तिय विधि षट विधि अवधि खिपावै, अवधिज्ञान अवारन कहावै । दो बिध मनमर्यय नहिं हो है, मनपरयय आवरनी सो है ॥३॥ केवलज्ञान अनंतानंता, केवल ज्ञानावरनी हंता । उदै अनाउदै मूरख ठानै, कुमति कुश्रुति कुअवधि पिछानै ॥४॥ क्षय उपशम कर सम्यकधारी,चारों ज्ञान लहे अधिकारी । ज्ञानावरनी सर्व विनासै, केवल ज्ञान रूप परकासै ॥५॥

दोहा ।

ज्ञानावरनी पंचहत, प्रगटो केवल ज्ञान ।
द्यानत मन वच काय सो, नमों सिद्ध भगवान ॥अर्घं॥

दरसना वरनी नाशक सिद्ध आरती

दोहा ।

जैसे भूपतिदर्श कूं, होन न देय दरवान ।
तैसे दर्शनावरन को, देखन देह सुजान ॥१॥

चौपाई ।

जाके उदय आंख नहीं होई, चक्षु दर्शनावरनी होई ।
नहीं मुखनास फरस मुख करनं,उदय अचक्षु दर्शनावरण ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवधि दर्स पर मान विलोके, अवधि दर्सनावरनी रोके।
केवल लोकालोक निहारे, केवल दर्श आवरण निवारे ।।
निद्रा उदय सुचेतन सोवे, थोड़ी नींद सुरति कछु होवे।
प्रचालबल सो आंख खुली है, अर्ध मुदीसी अर्ध खुली है ।।
निद्रा निद्रा उदय वखानी,पलक उधार सके नहिं प्रानी।
प्रचला प्रचला उदै कहावै, लार बहे मुख अंग चलावे ।।
उठै चलै बोले सुध नाहीं, जोर विशेष बड़े तनमाही।
काम प्रचंड तास ते होवे, स्त्यानगृद्धि निद्रा जु सोवै ।।

दोहा।

दर्शन आवरनी हती, केवल दर्शन रूप।
'द्यानत' सिद्ध नमों सदा, अमल अचल चिद्रूप ।।अर्घं।।

वेदनीय नाशक सिद्ध आरती

सोरठा।

शहत मिली असिधार, सुख दुख जीवन को करै।
कर्म वेदनी सार, साता असाता देत है ।।१।।

चौपाई।

पुन्नी कनक महल में सोवै, पापी राह पड़ो दुख रोवे।
पुन्नी वांछित भोजन पावै पापी मांगें टुक नहिं पावै ।।
पुन्नी जड़िय जवाहर सोवे, पापी फाटे टुकड़े ओढ़े।
पुन्नी कंचन थार कटोरा, पापी के कर प्याला कोरा ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुन्नी गज पर चल चाढंता, पापी नागे पग धावंता ।
पुन्नी के सिर क्षत्र फिरावै, पापी सीस बोझु ले धावै ।।
पुन्नी हुक्म जगत पर होई, पापी बात सुने नहिं कोई ।
पुन्नी भौन दरव नित आवै, पापी धन देखन नहिं पावै ।।
पुन्नी को सब देखन जावे, पापी जन को मुँह न लखावे ।
पुन्नी कबही रोग न आवै,पापी को नित व्याधि सतावै ।।
पुन्नी शील रूप जुत नारी, पापी न लहै कानी कारी ।
पुन्नी के सुत करैं कमाई, पापी तरसे होय दुखदाई ।।
पुन्नी वस्तु गई फिर आवै, पापी के कर सो गिर जावै ।
पुन्नी षटरितु के सुख विलसै,पापी राह परो दुख किलसे ।।

सोरठा ।

पुन्य पाप दोऊ डार, कर्म वेदनी वृक्ष के ।
सिद्ध जलावन हार, द्यानत निरबाधा करो ।।अर्घं।।

मोहनीय कर्म नाशक सिद्ध आरती

। दोहा ।

जैसे मदिरा पानते, सुध बुध सबै विलाय ।
तैसे मोह करम उदै, जीव गहल हो जाय ।।१।।

। चौपाई ।

दरसन मोह तीन परकारं, नास करे सम्यक गुनसारं ।
मिथ्या जुरी उदै जब आवै, धर्म मधुर रस मूलन आवै ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिश्र भाव सिखरन सम ख्यातं, एक समें सम्यक मिथ्यातं।
समय प्रकृति मिथ्यातसतावै, चलमल शिथिल दोषउपजावे।।
चारित मोह पचीस प्रकारं, जो मेटै चारित्र आचारं।
क्रोध मान माया अरु लोभं, चारों चार चार विधि शोभं।।
अनंतानुबधी चैकड़िया, जिनने निरमल समकित हरिया।
अप्रत्याख्यानी चारों भाखै, श्रावक व्रतविधि वसकर राखै।
प्रत्याख्यान चोकड़ी सोई जाके उदै न मुनि व्रत होई।
सो संज्वलन चतुष्क बखानी यथाख्यात पावै नहीं प्रानी।।
हास्य उदयतें हांसी ठानै, रतिके उदय जीवरत मानै।
अरति उदय तें कछु न सुहावै शोक उदै सेति बिललावै।।
भयतें डरै जु गुप्त गिलानं पुरुष भाव तिन पावक जानं।
गोसे की पावक समनारी संढ पजावा अगनि निहारी।।

। दोहा ।

अठाइस सौ मोहकी तुम नासक भगवान।
अटल सिद्ध अवगाहना नमौं सिद्ध गुनखान।९।अर्घं।।

आयु करम नाशक सिद्ध आरती

। सोरठा ।

जैसे नर को पांव दियो काठ में थिर रहै।।
तैसे आयु स्वभाव, जिय को चहुंगति थिर करे।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

। चौपाई ।

नरक आयुतें नरक लहै है, तेतीस सागर तहां रहें है ।
वाडा में आरे सो चीरे, कोल्हू मांहि डार के पेरे ।।
वैतरनी दुरगंध लहावे, पुतरी अगन्न माँहि गल ल्यावे ।
सूलि देही कडाही तावे, सालमलीतल मांहि सुलावे ।।
सीस तले कणी रस डारे, नीचैं वज्र मुष्टि सो मारे ।
भूख प्यास तप सीत सम्हारी, पंचप्रकार सहै दुख भारी ।।
पशुकी आयु करैं पशुकाया, बिना विवेक सदा बिलल्लाया ।
जनम वैर जीयत दुख पावै, बांध मारकी कौन चलावें ।।
मानुष आयु करे नरतेई, इष्ट वियोग लहै दुख जेई ।
धन सम्पत्ति को सदा भिखारी, प्रभुता मांहि पचे संसारी ।।
देव आयुतें देव कहाया, पर का विभव देख सुनसाया ।
मरन चिन्ह लखि अति दुखदानी, इन चारों गति भटके प्रानी

। दोहा ।

'द्यानत' चारों आयुके, तुम नासक भगवान ।
अटल सुध अवगाहना, नमों सिद्ध भगवान ।।अर्घं।।

नाम करम नाशक सिध्द आरती

दोहा ।

चित्रकार जैसे करै, नाना चित्र अनूप ।
नाम करम तैसे करै, चेतन के बहुरूप ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चौपाई।

गति के उदै चहुँगति जानी, जात पंच इंद्री सब प्रानी।
आनुपूर्वी गति ले जाई, दोय विहाय दोचाल बताई ।।
पंच शरीर पंच विधि काया, बंधन पंच-पंच दिढलाया।
बंधे सदन सो पंच संघतं, अंग उपंग तीन ही गातं ।।
वरन पंच तन रंग बखाने, पाँचों रस तिनके जाने।
गंध दोय तन मांहि कहे है, आठ फरस तन मांहि लहे है।।
षट संठान देह आकारं, हाड़ छै भेद संहनन धारं।
उदैगुड़े न अगुरु लघुकाया,स्वासउस्वास नाक सुरगाया ।।
निज दुख दे उपघात शरीरं, तनपर घात करै पर पीरं।
चंद्रबिब जिय देह उद्योतं, भानुविबि जिय आताप होतं ।।
थावर उदै सुथिर न चले है,त्रस के उदैते चलि है हलि है।
परजापति पूरा जब होई, खिरे बीच अपरजापति सोई ।।
थिरकै उदे सुथिर तनगाया, अथिर उदे ते कपे काया।
तन प्रत्येक जिय एक भनंतं, साधारण तन जीव अनतं ।।
मारे मरे रहे आधारं, दीसे अर लोकल में सारं।
बादर जिय बहु विध इसरंतं, सूक्षम जीवन ते विपरंतं ।।
शुभके उदय होय शुभकाया,अशुभ उदेतन अशुभ बताया।
सुभग उदे भाग का पूरा, दुर्भग उदे अभाग हजूरा ।।
सुस्वर उदे कोकिला वानी, दुस्वर गर्धभ धुनि समजानी।
आदरतैं बहु आदर पावै, उदे अनादर तेंन सुहावे ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जसके उदे सुजस जगमांहि, अजस उदे अपजस जगमाही ।
थान प्रमान दुविध निर्मानं,तीर्थंकर है पुन्य प्रधानं ।:१२।।

दोहा ।

ब्यालिस अर तेरानवे, तथा एक सौ तीन ।
'द्यानत' नाम प्रकृति हरी, सिद्ध अमूरत लीन ।।अर्घं।।

गोत्र करम नाशक सिद्ध आरती

दोहा ।

ज्यौं कुम्हार छोटो बड़ो, भांडो, घड़ा जनेय ।
गोत्र करम त्यों जीवको, ऊंच नीच कुल देय ।।१।।

चौपाई ।

नीच गोत्र पशु नेक निहारं, ऊंच गोत्र सब देव कुमारं ।
मानुख माहि दो गोत बखाने, नीच गोत्र सूद्र परमाने ।।
ब्राह्मण क्षत्री वैश्य मझार, मद्य मांस जो करे अहार ।
जो पंचन ते बाहिर होई, नीच गोत्र कहिये नरसोई ।।
परगुनको औगुनकर भाखे,निज औगुनको गुन अभिलाखे ।
परको निंदे आप बड़ाई, बांधे नीच गोत्र दुखदाई ।।
नीच गोत्र को मुनिव्रत नांही,क्योंकर जाय मुकति के मांही ।
नीच काज तज ऊंच समारें,दया धरमकर आतम तारे ।।

सोरठा ।

ऊंच नीच दो गोत, नास सब अगुरु लघु भये ।
'द्यानत' आतम जोति, सिद्ध शुद्ध बंदौ सदा ।।अर्घं।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अंतराय करम नाशक सिद्ध आरती

॥ दोहा ॥

भूप दिलावे, दरबकों, भंडारी दे नहिं।
होन देह नहिं संपदा, अंतराय जगमाँहि ॥१॥

॥ चौपाई ॥

छती वस्तु दे सके न प्रानी, दान अन्तराय विधिजानी।
उद्यम करे न होय कमाई, लाभ अन्तराय दुखदाई॥
भोजन त्यार खान नहीं पावे, भोग अन्तराय जब आवे।
पटभूषण है पहिरे नाहीं उपभोग अन्तराय की छांई॥
तन बहु पोखे बल नहीं होई, वीरज अन्तराय है सोई।
यह अन्तराय कहा विवहारी, निहचे बात सुनो मतिहारी॥
मिथ्या भाव त्याग सो दानं, समता भाव लाभ परधानं।
आत्मीक सुख भोग सयोगं, अनुभौभ्यास सदा उपभोगं॥
ध्यान ठानके करम विनासे, सो विरज निज भाव प्रकाशे।
पाँचों भाग जहाँ नहीं लहिये, निहचे अन्तराय सो कहिये॥

॥ दोहा ॥

अन्तराय पाँचों हते, प्रगटयौ सुबल अनन्त।
द्यानत सिद्ध नमों सदा ज्यों पाउं भव अंत ॥७॥

ॐ ह्रीं अन्तराय कर्मरहिताय सिद्धपरमेष्ठिने अर्घं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समुच्चय आरती

ज्ञानावरणी कर्म विनाशा, लोका लोक ज्ञान परकाशा। दर्शन आवरणी क्षय कीना, छदरब गुण परजय खल लीना ॥ करमवेदनी नाश गया है, निरवाधा गुण प्रगट भया है। मोह करम नशा दुखकारी निर्मल समकिह क्षायिक धारी ॥ आयु करम थिति सर्व विनाशी, अवगाहना अटल परगासी। नाम कर्म जीता जगनामी, चेतन ज्योति अमूरति स्वामी ॥ गोत्र करम नाशा वर-वीरं, सिद्ध अगुरुलघु गुन गम्भीरं। अन्तराय दुःखदाय हरा है, सुबल अनन्त प्रकाश करा है ॥ जा पदमाही सर्व पद छाजै, ज्यों दर्पन प्रतिबिंब विराजे। राग न दोष न मोह न भागं, अमर अजर अविचल शुभ भावं ॥ जाके गुन सुरमन सब गावें, जाको जोगीश्वर नित ध्यावें। जाके भगती मुकति पद पावें, सो शोभा किह भांति बतावें ॥ एगुन आठ थूल हम भाखे, गुन अनंत निज मनमें राखे। सिद्धन की थुति को कवि जाने, या मिससो शुभ नाम बखाने ॥

॥ सोरठा ॥

बहुविध नाम बखान, परमेश्वर सबही भजें।
ज्यों का त्यों सरधान, 'द्यानत' सेवें ते बड़े ॥९॥

ॐ ह्रीं अष्टकर्म रहिताय सिद्ध परमेष्ठिने पूर्णार्घं नि०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री बीस बिहरमाण पूजन

स्थापना ।

बंदौं श्री जिन बिहरमान, केवल युत राजे ।
देत धर्म उपदेश, सदा जीवन सुख काजे ।।
तिनकी पूजन हेत भयो चित हर्ष अपारा ।
धन्य घडी दिवस, आज धन भाग्य हमारा ।।
आव्हानन संस्थापना, सन्मुख कर उर ठान के ।
बाल बचन सम कहत हूँ, सन्मुख तिष्ठो आन के ।।

ॐ ह्रीं श्री विद्यमान विंशति तीर्थङ्करा अत्रावतर अवतर संवौषट् आव्हानन । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणं ।।

गंगादिक तीरथ जल लाय, जजौं जिनेश अमर पद पाय । नमूं कर जोड़, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।
पांचों मेरु विदेह सुथान, तीर्थंकर जिन बीस महान ।
नमूं कर जोड़, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।

भव अटवी भ्रमत, बहु जनम धरत, सहि मरण विपत, अति दुख पायो । तातैं जल धारा, तुम ढिग धारा, शान्ति सुधारस अब पायो ।। श्रीबीस जिनेश्वर, दया निधीश्वर, जजत महेश्वर मेरी विपत हरो । भव संकट खंडो, आनंद मन्डो, मोहि निराकुल सुखकरो ।।जलं।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

केसर संग कर्पूर मिलाय, चंदन ते अरचौं जिनराय । नमूं कर जोड़, नितप्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।पांचों।।

पर चाह अनल,मोहि दहत सहत,बहु विपति गहत, तुम ढिग आयो । तातें लै बावन तुम अति पावन, दाह बुझावन, घसिल्यायो । श्रीबीस. ।।चंदनम्।।

शालि अखंडित सुन्दर श्वेत, पूजौं पद अक्षय निधिहेत । नमूं कर जोड़, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।। पांचों ।।

बहु जनम धरत, अरू मरण करत, भव भ्रमत भ्रमत अति थकित भयो । भव भयकर तर्जित, अक्षत मर्जित, ल्याय चढ़ाऊं सुखित भयो ।।श्रीबीस. ।।अक्षतं।।

पंच वर्ण के कुसुम अनूप पूजौं जिनवर तिहूं जग भूप । नमूं कर जोड़, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।पांचों।। मोहिं काम ने सतायो, चारों गति भरमायो, बहु विपति गहायो, नाना विधकी । तापें लै फूल तुम निरशूल मोहि विशूल करो अबकी ।।श्रीबीस. ।।पुष्पम्।।

घेवर मोदक आदि अनूप, पूजूं क्षुधा हरण तुम भूप नमूं कर जोड़, नितप्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।पांचों।। मोहि क्षुधाने सताया, तब याचन करायो तोहु पेट न भरायो तातें अबही । चरू भर कर थारी, तुम ढिग धारी देहु निराकुल सुख अबही ।। श्रीबीस. ।। नैवेद्यम् ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दीप रतन मय ज्योति जगाय, मिथ्या तिमिर सकल नशजाय। नमूं कर जोड़, नितप्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।पांचों।। भयो मोह ते अचेत कियो जगहीसों हेत, भूल्यो आपा पर भेद, तुम शरण गही। दीपक उजियारा तिमिर बिदारा, स्वपर प्रकाशा नाथ सही ।।श्रीबीस.।।दीपम्।।

अगर तगर कृष्णागर चूर, खेबत ही कर्म चकचूर नमूं कर जोड़, नितप्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।। पांचों ।। कर्म इंधन हैं भारी, मोहि कियाजी दुःखारी, नेक सुध हुन धारी, तुम शरण गही। तातें लै धूपं तुम शिव भूपं कर शिव रूपं, नाथ सही ।। श्रीबीस. ।। धूपम् ।।

बादाम सुपारी मेवा मिष्ट, पूजौं पद फल दायक इष्ट। नमूं कर जोड़ नितप्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।। पांचों ।। अंतराय दुःखदाई,मेरी शक्ति छिपाई,मोसे दीनता कराई, बहू आजलों प्रभू। तातें फल लायो, तुम ढिग आयो, मोक्ष मोह फल देहु प्रभु ।। श्रीबीस. ।। फलम् ।।

जल फल आठों द्रव्य संभाल, रत्न जवाहर भर भर थाल। नमूं कर जोड़, नित प्रति ध्याऊं भोरहि भोर ।।पांचों।। आठों कर्मों ने सतायो, मोकूं दुःख उपजायो, तातें तुम ढिग आयो,अब बच जाऊंजी। बसु द्रव्य सम्हारी; कंचन थारी हो शिव कारी शिव पाऊंजी ।।श्रीबीस.।।अर्घं।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जयमाल।

दोहा।

बिहरमान जिन देव के, सुनो अनुपम नाम—
इन्द्र चन्द्र सेवैं सदा, राजत हैं सुख धाम ॥१॥

पद्धरी छन्द।

पहलो यह जंबू द्वीप जान, ता मध्य सुदर्शन मेरू मान। श्रीमंदर जुग मंदर जिनेंद्र, लख बाहु सुबाहु विदेह चंद्र ॥ २ ॥ जुग खंड धात की पूर्व एह, सोहत विजया नग जुत विदेह। संजात स्वयं प्रभु महा धार, बंदौ ऋषभानन अनंतवीर्य ॥३॥ भाख्यो पश्चिम दिशवाहि द्वीप, शुभ लसे अचल पर्वत्त महीप। सूरिप्रभ कीर्ति विशाल इन्द्र, वज्जर धर चन्द्रानन मुनिन्द्र ॥४॥ पुष्कर आधे ही द्वीप मांही, पूरव में मंदर शैलभाहिं। चन्द्रबाहू भूजंगम जगत भूर, ईश्वर नेमि प्रभु कर्म चूर ॥५॥ शुभ ताहि द्वीप पश्चिम जु ओर, विद्युन्माली गिर शिर जु मोर। तहां वीरसेन महाभद्र ईश, लखदेव यशोधर जिनसु बीस ॥६॥ श्री बिहरमान करूणा निधान, तुमरे पद सेवत देव आन। हमको पहुँचन की शक्ति नाहिं, वंदत परोक्ष जिन चैत्य मांहि ॥७॥ भव भव में सुख दायक निहार, पूजा ठानी आनंद कार। अब नृत्य करनको हिये चाव, उमग्यो है मेरे भक्ति भाव ॥८॥ ता थई थई थई

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

थई थई सुचाल, फिरि फिरि फिरि फिरि फिरि पग सम्हाल । टम टम टम टम टंकोर तंट, छम छम छम छम छम छुद्र घंट ।।९।। द्रुम द्रुम द्रुम द्रुम मिरदंग गाज, झननन ननन नूपुर सुजात । तन नननननननतान तोर, घननननन घंटा करत घोर ।।१०।। ऐसी विधि से जस गाय गाय, झुक झुक झुक झुक सिर नाय नाय । बिनती कीनी कर जोड़ जोड़, शिशु भाषत सुनियो तात मोर ।।११।। संसार विषम दुःख मेटमेट, शिव बनिता से कर भेट भेट । तुम चरनन को सेवक जुहार, यह जाचत हूँ मैं बार बार ।।१२।।

घत्ता ।

जय तीरथ ईशा, बीस जिनेशा, नमत सुरेशा, धरणेशा ।
जय जजत खगेसा अरु चक्रेशा, तुमपद वेसा नरशेसा ।।१३।।

ॐ ह्रीं विद्यमान विंशति तीर्थंकरेभ्यः पूर्णार्घं ।

दोहा ।

बिहरमान जिनदेवको, पुनि पुनि करूं प्रणाम ।
स्वर्ग संपदा भोगके, पाऊं शिवपुर धाम ।।

अथ श्री आदिनाथ जिनपूजा

नाभिराय मरुदेविके नंदन, आदिनाथ स्वामी महाराज ।
कर्मभूमिके आदि पधारे, मध्यम लोक मांहि जिनराज ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इन्द्रदेव सब मिलकर आये, जन्म महोत्सव करने काज।
आह्वानन सब विधि मिलकरके, अपने कर पूजें प्रभु पांय।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः
ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्

अथ अष्टक।

क्षीरोदधि को उज्ज्वल जल ले, श्रीजिनवर पद पूजन जाय।
जन्म जरा दुख मेटन कारन, ल्याय चढ़ाऊँ प्रभुजीके पाय।
श्रीआदिनाथके चरणकमलपर, बलिबलिजाऊँ मनवचकाय।
हो करुणानिधि भव दुख मेटो, यातें मैं पूजों प्रभु पाय।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं।

मलियागिरि चंदन दाह निकंदन, कंचन झारी मैं भर ल्याय।
श्रीजीके चरण चढ़ावो भविजन, भव आताप तुरत मिटि जाय।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं नि०

शुभशालि अखंडित सौरभमंडित, प्रासुक जलसों धोकर ल्याय। श्रीजीके चरण चढ़ावो भविजन, अक्षय पदकों तुरत उपाय।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतं निर्वपा०।

कमल केतुकी बेल चमेली, श्रीगुलाब के पुष्प मँगाय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीजी के चरण चढ़ावो भविजन, कामबाण तुरत नसि जाय ।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं नि० ।

नेवज लीना तुरत रस भीना, श्री जिनवर आगे धरवाय। थाल भराऊँ क्षुधा नसाऊं, जिन गुणगावत मन हरषाय।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं नि०

जगमग जगमग होत दशोदिस, ज्योति रही मंदिर में छाय । श्रीजीके सन्मुख करत आरती मोह तिमिर नासे दुखदाय ।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं नि०

अगर कपूर सुगंध मनोहर, चंदन कूट सुगंध मिलाय । श्रीजीके सन्मुख खेय धुपायन, कर्म जरे चहुँगति मिटि-जाय ।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामी० ।

श्रीफल और बदाम सुपारी, केला आदि छुहारा ल्याय । महामोक्ष फल पावन कारन, ल्याय चढ़ाऊँ प्रभुजीके पाय ।।श्री०।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामी० ।

शुचि निरमल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरू ले मन हर-षाय । दीप धूप फल अर्घ सुलेकर, नाचत ताल मृदंग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बजाय ॥ श्रीआदिनाथके चरण कमलपर, बलि बलि जाऊँ मनवचकाय । हो करुणानिधि भव दुख मेटो, यातें मैं पूजों प्रभु पाय ॥

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामी० ।

पंचकल्याणक ।

दोहा ।

सर्वारथ सिद्धि तैं चये, मरुदेवी उर आय ।
दोज असित आषाढ़ की, जजूँ तिहारे पाय ॥

ॐ ह्रीं श्रीआषाढ़कृष्णद्वितीयां गर्भकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

चैत बदी नोमी दिना, जन्म्यां श्री भगवान ।
सुरपति उत्सव अति करा, मैं पूजौं धरि ध्यान ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां जनकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिजिनाय अर्घं ।

तृणवत् ऋधि सब छांडिके तप धारचो वन जाय ।
नौमी चैत असेत की, जजूँ तिहारे पाय ॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णनवम्यां तपकल्याणकप्राप्ताय श्री आदिजिनाय अर्घं ।

फाल्गुन बदी एकादशी, उपज्यो केवलज्ञान ।
इन्द्र आय पूजा करी, मैं पूजों यह थान ॥

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णएकादश्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्री आदिजिनाय अर्घं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

माघ चतुर्दशि कृष्णकी, मोक्ष गये भगवान ।
भवि जीवोंको बोधिके, पहुंचे शिवपुर थान ।।

ॐ ह्रीं माघकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षकल्याणकप्राप्ताय श्रीआदिजिनाय अर्घं ।

अथ जयमाला ।

आदीश्वर महाराज मैं विनती तुमसे करूं, चारों गति के मांहि मैं दुख पायो सो सुनो । अष्ट कर्म मैं हूँ इकलौ यह दुष्ट महादुख देत हो, कबहूं इतर निगोदमें मोकूं पटकत करत अचेत हो ।। म्हारी दंनतनी वीनती ।।१।। प्रभु कबहूँक पटक्यो नरक में, जठे जीव महादुख पाय हो । निष्ठुर निरदई नारकी, जठे करत परस्पर घात हो ।। म्हारी० ।।२।। प्रभु नरकतणा दुख अब कहूँ जठे करत परस्पर घात हो, कोइयक बांध्यो खंभस्यो पापी दे मुद्गरकी मार हो, कोइयक काटें करोंतसों, पापी अंगतणी दोय फाड़ हो ।।म्हारी०।।३।। प्रभु इहविधि दुख भुगत्या घणा, फिर गति पाई तिरियंच हो। हिरण बकरा बाछला पशु दीन गरीब अनाथ हों। पकड़ कसाई जाल में, पापी काट काट तन खाय हो ।। म्हारी० ।।४।। प्रभु मैं ऊँट बलद भैंसा भयो, जापै लादियो भार अपार हो । नहीं चालो जब गिर पर्‌यो, पापीं दे सोटनकी मार हो ।। म्हारी० ।।५।। प्रभु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोइयक पुण्य संयोग सूं मैं तो पायो स्वर्गनिवास हो। देवांगना संग रम रह्यौ जठे भोगनि को परकास हो ॥ म्हारी ॥६॥ प्रभु संग अप्सरा रम रह्यो तामे कर कर अति अनुराग हो। कबहुँक नंदन वनविषैं, प्रभु कबहुंक वनगृह माँहि हो ॥ म्हारी० ॥७॥ प्रभु इहि विधि काल गमाइके फिर माल गई मुरझाय हो। देह क्रान्ति सब घट गई, फिर उपज्यो सोच अपार हो। सोच करत तन खिर पड्यो, फिर उपज्यो गरभ में जाय हो ॥ म्हारी० ॥८॥ प्रभु गर्भनणा दुख अब्र कहूं, जठे सकड़ाई की ठौर हो। हलन चलन नँहि करसक्यो जठे सघन कीच घनघोर हो। माता खावे चरपरो फिर लागे संताप हो ॥ म्हारी ॥९॥ प्रभु जो जननी तातो भखे, फेर उपजै तन सन्ताप हो ॥ औंधे मुख झूलो रह्यो फेर निकसन कौन उपाय हो। कठिन कठिन कर नीसरयो, जैसे निसरै जंत्री में तार हो ॥ म्हारी० ॥१०॥ प्रभु निकसत ही धरत्या पड्यो फिर लागी भूख अपार हो। रोय-रोय बिलख्यो घनो, दुख वेदन को नँहि पार हो ॥ म्हारी० ॥११॥ प्रभु दुख मेटन समरथ धनी, यातैं लागूं तिहारे पांय हो। सेवक अरज करै सुनो, मोकूं भवोदधि पार उतार हो ॥ म्हारी दीनतनी सुन वीनती ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

। दोहा ।

श्रीजिन महिमा अगम है, कोइ न पावै पार ।
मैं मति अल्प अज्ञान हो, कौन करे विस्तार ।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथजिनेन्द्राय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

विनती ऋषभ जिनेसकी, जो पढ़सी मन ल्याय ।
सुरगो में संशय नहीं, निश्चै शिवपुर जाय ।।

इत्याशीर्वादः ।

अर्घावलि ।

उदक चंदन तंदुल पुष्पकै चरु सुदीप सुधूप फलार्घकैं ।
धवल मंगलगान रवा कुले जिनगृहे जिननाथमहं यजे ।।

ॐ ह्रीं श्री अजितनाथ संभवनाथ अभिनन्दननाथ सुमतिनाथ पद्मप्रभु सुपार्श्वनाथ जिनेन्द्राय अर्घं निर्वंपामीति स्वाहा ।

अथ श्रीचन्द्रप्रभ जिन पूजा

अडिल्ल ।

शुभ अतिशय चौंतीस प्रातिहारिज अधिका ही,
अनन्त चतुष्टयजुक्त दोष अष्टादस नाहीं ।
आह्वानन विधि करूं नाय सिंर सुधकरि मनही,
लोक मोह तम हरन दीप अद्भुत ससि जिनही ।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्रावतर अवतर । संवौषट् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं चन्द्रप्रभजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

गीता छन्द ।

हिमशैल निरगत तोय सीतल मधुर स्वर्गथकी परै ।
भरि भृङ्ग जिनवर चरण आगैं धारदे भवमृति हरै ॥
श्रीचन्द्रप्रभु दुतिचन्दके पद कमल नखशशि लगि रह्यो ।
आतंकदाह निवारि मेरी, अरज सुनि मैं दुख सह्यो ।१।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय जन्ममृत्यु विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

भवताप दाह दहन्त मोकूं एक छिन न विसारही ।
घनसार मलय थकी जिनेश्वर पूजिहूं दुख टारही ।श्रीचंद्र०

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा ।

संसार उदधि अपार तारन भक्ति प्रभु तुमरी सही ।
शुभ सालि पुंज जिनाग्र करि हूं लहूं वसुगुण वसुमही ।श्री०

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

अति सुभट मार प्रचंड सरतें हने सुर नर पशु सबै ।
शुभ कुसुमसों पद पूजिहूँ जिन हरो मनमथ दुख अबै ।श्री०

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने कामबाण विध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यह क्षुधा मोकूं दहै नितही, नैंक सुख नहिं पावहीं।
चरु मिष्टतें पद पूजिहूं जिन ! क्षुधारोग नसावहीं ॥श्री०

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अति मोहतम मम ज्ञान ढाक्यो, स्वपर पद नहिं बेबही।
तुम चरण पूंजूं रतन दीपक, करो तमको छेवही ॥श्री०

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ मलय अगर सुगंध सौरभ, थकी अलिबहु आवहीं।
जिन चरन आगें धूप खेये, कर्म बसु जरि जावहीं ॥श्री०

ॐ ह्रीं श्री चंद्रप्रभस्वामिनेऽष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

शुभ मोक्ष मग अंतराय रोक्यो, मोहि निरबल जानिकैं।
जिन मोक्ष द्यौ तब चरण पूंजूं, फल मनोहर आनिकैं ।श्री०

ॐ ह्रीं श्री चंद्रप्रभस्वामिने मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामिति स्वाहा

जल गन्ध तन्दुल पुष्प चरु ले, दीप धूप फलौघही।
कन थाल अर्घ बनाय शिव सुख, 'रामचंद' लहै सही ॥

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति०।

अथ पंच कल्याण अर्घ

दोहा।

चैत असित पंचमि चये बैजयन्त तें इन्द्र
उदर सुलछना अवतरे, जजूं त्रिविधि गुणवृन्द ॥१॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णपं मंगलमंडिताय श्री चन्द्रप्रभ-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

असित पोह एकादसी, जनमें जुत त्रयज्ञान ।
वासव उत्सव करि जजे, जजूं जनम कल्यान ।।२।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां जन्मकल्याणसहिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

चन्द्रपुरी साम्राज्य तजि कृष्ण एकादशी पोह ।
धरचो उग्र तप बन विषै जजूं नाशहित द्रोह ।।३।।

ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां तपः कल्याणसहिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

फाल्गुन सप्तमी कृष्णही घाति हने लहिं ज्ञान ।
भव्यातम बोधे घने जजहुं ज्ञान कल्यान ।।४।।

ॐ ह्रीं फाल्गुनकृष्णसप्तम्यां ज्ञानकल्याणसहिताय श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

शुक्ल फाल्गुण सप्तमी, शेष कर्म हनि मोक्ष ।
गये समेदाचल थकी, जजूं गुणन के कोख ।।५।।

ॐ ह्रीं फाल्गुणशुक्लासप्तम्यां मोक्षकल्याणमंडिताय श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

अथ जयमाला ।

दोहा ।

बसुजिन बसु विधि हानिके, बसे धरा बसु जाय ।
हरो हमारे कर्म बसु, नमूं अङ्ग बसु नाय ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चाल अहो जगत गुरु की।

अहो चन्द्र दुतिनाथ, ज्ञायक अन्तरजामी।
सकल लोक तिरकाल, लखे जुगपद गुणधामी ॥
जे चर अचर अबार, अनागततीत उपायो।
लोकालोक निहारि, लखे कछु नाहिं छिपायो ॥२॥
भाख्या ज्यौं कर मांहि, सिधारथ धारि निहारे।
अथवा अंगुरी रेख, लखे कर जुत इकवारे ॥
ऐसो ज्ञान अपार, और कहुं नाहिं सुन्यो है।
दरसन को परताप, तुहे जिन माहिं भन्यौ है ॥३॥
मैं दुख पाये घोर, चतुरगति माहिं घनेरे।
तुमतें छाने नाहिं, कहा भाषूं जिन मेरे ॥
पय शिशुकी सब बात, ख्यात पितु जननी जाने।
मांग्या बिन नहिं देहि, तोय पयधाल न खाने ॥४॥
देखो करम अपार, सुभट जड़ चेतन नाहीं।
चेतनकूं करि रंक, चोर जिम बांधत जाहीं ॥
सातों अवनिमझारि, नरक दारुण दुख देही।
कोऊ सरनो नाहिं, धरम बिन निश्चै येही ॥५॥
तिरयंचगति दुख घोर, सहे बिन संजम धारे।
भूख प्यास लदि भार, आर दे पीठ मझारे ॥
मारत बधकर धाय, जाल मधि उड़न पखेरू।
पकरि कसाई लेय, सरत्ति ताहिं जिहिवेरू ॥६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानुष गति कुल नीच, विकल इन्द्री चखि नाहीं।
भूपति आगें दौरि, तुबक कांधे धरि जाहीं ॥
अहि निशि चौकी देय, मेह सिय घाम सहे ही।
बिन दरसन दुख येह, घने चिरकाल लहे ही ॥७॥
कोऊ पुन्यवसाय, बाल तपतें सुर थायो।
हस्ती घोटक बैल, महिष असवारी धायो ॥
पूरन आयु जु थाय, तबै माला मुरझानी।
आरत्ति तैं तजि प्रान, कुसुम भव पाय अज्ञानी ॥८॥
ऐसे दुःख अपार, सहे थिरता नहिं पाई।
क्रोध मान छल लोभ, थकी दिन दिन अधिकाई ॥
तुम करुणानिधि लेखि सरनि आयो ततकारी।
दुख को कर निरवार, अहो जगपति जगतारी ॥९॥
जगनायक जगदीश, जगोत्तम दृष्टि निहारो।
मोकूं दास विचारि, करो वपुतें निरवारो ॥
या वपुसंगति पाय, सहे दुख और न हेती।
यह निश्चै करि जानि, लखे तुम वानी सेती ॥१०॥
करम विचारे कौन, भूलि मेरी अधिकाई।
अगनि सहै घनघात, लोहकी संगति पाई ॥
ऐसे या वपुसंग सहे, दुख और न सेती।
धनि बानी तुम देव, सुनी गुरु के मुख एती ॥११॥
तुम अनुकंप पसाय, तजूं दुर ध्यान विकारो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वरनादिकतें भिन्न लखूँ चिद्रूप हमारो ॥
जोतिस्वरूपी देव, बसै याही घट माहीं।
ढूढूँ कौन सुथान, लखूँ तुम ध्यान उपाहीं ॥१२॥
तेरे ध्यान प्रताप, करम जरि जाय अनन्ता।
'रामचन्द' करि ध्यान, लहे सुख नर गुणवन्ता ॥
इह भव सुक्ख अपार, और भव सुर पद पावैं।
अनुक्रमतें निरवान, जिसके सुरनर गुण गावैं ॥१३॥

दोहा।

बसु द्रव्यले सुध भावतें, जजूँ तिहारे पाय।
देहु देहु शिव मुझ अबै, अहो चन्द दुति राय ॥१४॥

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभस्वामिने महार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

इति श्रीचन्द्रप्रभ पूजा समाप्त।

उदक चन्दन आदि बोलकर।

ॐ ह्रीं श्री पुष्पदन्त शीतलनाथ श्रेयांसनाथ जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अति निर्मल नीरं गन्ध गहीरं, तन्दुल पुष्प सु चरु लावैं।
पुनि दीपं धूपं फल सु अनूपं, अर्घ राम कर गुण गावैं।
चम्पापुर थानं शुभ कल्यानं, वासुपूज्य जिनराज वरं।
वसु विध कर अरचै भवदुख विरचै, परचै सब सुखतास धरं॥

ॐ ह्रीं श्री वासुपूज्य जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उदक चन्दन इत्यादि बोलकर।

ॐ ह्रीं श्री विमलनाथ अनन्तनाथ धर्मनाथ जिनेन्द्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री शीतलनाथ जिनपूजा

अडिल्ल

शीतल जुग क्रम नमूं धर्म दशधा इम भाख्यौ,
उतिम छिमा सु आदि अन्त ब्रह्मचर्य सु आख्यौ।
सुनि प्रतिबुध ह्वै भवि मोछि मारगकूं लागे,
आह्वानन विधि करूं चरण जुगकरि अनुरागे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर । संवौषट्
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

गीता छन्द।

ऋतु शरद इंदु समान अंगहु स्वच्छ शीतल अति घणो।
भरि हेम झारी धार देवे, नीर हिमवन गिरि तणो ॥
भवि पूजि शीतलनाथ जिनवर, नशें भवके ताप ही।
आतंक जाय पलाय शिव तिय, होय सनमुख आप ही ।१।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि० स्वाहा । ॥१॥

कर्पूर नीर सुगन्ध केसरि, मिश्र चन्दन बावना।
जिनराज पूजे दाह नासे, होय सुख रलियावना ॥
भवि पूजि० ॥

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेद्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्तम अखण्डित सालि उज्जल, दुरित खण्डनकार ही ।
करि पुञ्ज श्रीजिन चरण आगै, अखै पर करतार ही ।।
भवि पूजि० ।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

निरदोष अघ अनेक विधिके, कुसुम पावन ल्याय ही ।
जिन चरण चरचि उछाह सेती, समरबाण नसाय ही ।।
भवि पूजि० ।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

पकवान सुन्दर सुरहि घिव करि, षडरसके मिष्ट ही ।
धरि कनक भाजन पूजि जिनवर, छुधा नासै दुष्ट ही ।।
भवि पूजि० ।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

मणि दीप जोति उद्योत सुन्दर, कनक भाजन धारिये ।
जिन पूजि भवि जन मोह नासै, स्वपर तत्व निहारिये ।।
भवि पूजि० ।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री खंड अगर कपूर उत्तम, कनक धूपायन भरें ।
भवि खेय श्रीजिन चरन आगे, दुष्ट कर्म सबैं जरे ।।
भवि पूजि० ।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

फल लेहि उत्तिम मिष्ट मोहन, लौंग श्रीफल आदि ही।
जिन चरण पूजै मुक्तिके फल, लहै अचल अनादि ही॥
भवि पूजि०॥

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं

नीर गंध सुगंध तंदुल, पुष्प चरू अति दीप ही।
करि अर्घ धूप समैत फल ले, 'रामचंद्र' अनूप ही॥
भवि पूजि०॥

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथभगवज्जिनेन्द्रायऽनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं

पंच कल्याणक अर्घं।

दोहा।

चैत्र कृष्ण अष्टमि चये, अच्युततैं भगवंत।
उदर सुनन्दा अवतरे, जजूं मोक्षके कन्त॥१॥

ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णाष्टम्यां गर्भमंगलमण्डिताय श्रीशीतलनाथज्जिनेद्राय अर्घं नि०।

कृष्ण द्वादसी माघकी, जनमें श्रीजिनराय।
उत्सव करि * वासव जजे, मैं जजि हूं जुग पाय॥२॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णद्वादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीशीतलनाथज्जिनेन्द्राय अर्घं नि०।

असित माघ द्वादसि तजी, तृणवत भूति महान।
नगन दिगम्बर वन वसे; जजूं दसम भगवान॥३॥

ॐ ह्रीं माघकृष्णद्वादश्यां तपोमंगलमण्डिताय श्रीशीतलनाथज्जिनेन्द्राय अर्घं नि०।

* इन्द्र।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पौष चतुरदसि स्याम ही, कल ध्यान असि धारि ।
हने कर्म चउ घातिया, जजूं देव मुझ तारि ॥४॥

ॐ ह्रीं पौषकृष्णचतुर्दश्यां केवलज्ञानमंगलमण्डिताय श्रीशीतलनाथज्जिनेन्द्राय अर्घं नि० ।

अष्टमि सित आसोजकी, गये मोक्ष भगवान ।
वसु विधि पद पंकज जजूं, मोहि देहु शिवथान ।५।

ॐ ह्रीं आश्विनशुक्लाष्टम्यां मोक्षकल्याणकमंडिताय श्रीशीतलनाथज्जिनेन्द्राय अर्घं निर्वं० ।

जयमाला ।

दोहा ।

सीतल तुम पद कमलजुग, नमूं सीस धरि हाथ ।
भवदधि डूबत काढि मो, कर अवलम्ब दे हाथ ।१।

चाल मंगल की

सीतल पद जुग नमूं उभैकर जोरिही ।
भदलापुर अवतरे अच्युतपद छोरही ॥
दिढ़रथ तात विख्यात सुनन्दा मायजी ।
चैत कृष्ण वसु गर्भ लिये सुखदायजी ॥
सुखदाय गर्भकल्याण काजे आय सुरपति सब मिले ।
जननी सुसेवा राखि धनपति आप सुरलोकें चले ॥
षटमास ले नवमास दिनमें वार त्रिय मणि वर्षये ।
गर्भ कल्याण महंत महिमा देखि सब जन हर्षये ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूर्वाषाढ नछित्र माघ वदि द्वादसी ।
जनमे श्रीजिननाथ नभोगण सब हंसी ।।
चतुरनिकाय मझारि घंटादि बजे भले ।
नये मौलि फुनि पीठ सबै हरिके चले ।।
चले पीठ अवधितें जिन जन्म निश्चै हरि लखो ।
डगि सप्त चलि नुति ठानि बासव मेरु चलनेकूं अखो ।।
जिनलेय पांडुक वनविषैं अभिषेक करि पूजा करि ।
पित मात दे जन्मा कल्याणक ठानि थल चालो हरी ।३।

हेम वरण तन तुंग निवैं धनुको सही ।
लछिन श्रीवछ आयु पूर्व लखकी कही ।।
नीति निपुण करि राज तजौं तृणवत तवै ।
लौकांतिक सुर आय संबोधि चले सबै ।।
संबोधि आये माघ द्वादसि कृष्ण श्रीजिनवन गये ।
नमः सिद्धेभ्यः कहि लौंच कीनों उपधि तजि कर मुनिभये।
सुर असुर नृपगण ठानि पूजा धवल मंगल गायही ।
निःकर्म कल्याणक सुमहिमा सुनत सब सुख पायही ।४।

षष्टमि धरि निज ध्यानविषैं प्रभु थिर भये ।
पूरन करि अनिकाज सेयपुरमें गये ।।
क्षीरदान जुत भक्ति पुनर्वसुजो दिये ।
हरिष देन आश्चर्य पंच ततखिणकिये ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किये आश्चर्य रत्न वर्षे अर्घ द्वादस कोडि ही ।
धरि ध्यान सुकल उपाय केवल पाति चारो तोडि ही ।।
चर अचर लोक अलोक जुगपति देखि सबही वर्नियै ।
सुनि इंद्र ज्ञान कल्याण उत्सव पौषवदि चउदिसि किये

योजन साढा सात लसै समबादिही ।
लखि मुनिमै गण देव इकासी आदिही ।।
पूरव सहस पचीस हीन ब्रष तीन ही ।
विहरे केवल पाय आयु भई छीन ही ।।

भई छीन समेद गिरितैं आश्वनी सित अष्टमि सही ।
असि ध्यान सुकल थकी अघाते हनै मुक्तितिया लही ।
सब इंद्र आय कियो महोत्सव मोक्ष मंगलगायही ।।
हूं नमूं सीतलनाथके पद अमल गुणगण ध्यायही ।।६।।

बसु खित वसु क्रम हानि बसे वसु गुणमई ।
ज्ञानावरणजघाति विश्व जान्यो सही ।।
देखो लोक अलोक हने द्रशनावली ।
वेदनिको करि नाश अवाध भय वली ।।

फुनि बली सुद्ध चरित्रमें थिर मोह नाशथकी भये ।
अवगाह गुण छय आयुतें निरकाय नाम गये थये ।।
गुण अगुरलघु छय गोतके अंतराय छय बलनंत ही ।
सिध भये सीतलनाथजी तिरकाल बंदे संत ही ।।७।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वसु गुण ये विवहार नियत अनंत ही।
जाणै गणधरपै न बखानत अंतही ।।
ज्यों जलनिधि विस्तार कहें करते इतो।
बाल न मरम लहंत न जानत है कितो ।।

कितनौ न जानैं उदधि है, जिम तुहे गुण वरणन करूं।
मैं भक्तिवश वाचाल ह्वै कछु शंक मन नाहीं धरूं।
गुण देहु तेरी करूं विनती अहो सीतलनाथजी।
"चंद्रराम" सरनि तिहारी आयो जोरि करिके हाथजी

दोहा।

सीतलके पद कमल जुग, त्रिविध नमूं सुख पाय।
भव दुख ताप मिटाययो, अहो दसम जिनराय ।।१०।।

ॐ ह्रीं श्रीशीतलनाथज्जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।
इति श्रीशीतलनाथ जिनपूजा समाप्तम ।।

श्रीअनन्तनाथ जिनपूजा

अडिल्ल।

बाह्य अभ्यंतर त्यागि परिग्रह जति भजे।
बहुजन हित शिवपंथ दिखायो हरि नये ।।
ऐसे अनंत जिनेश पाय नमि हूं सदा।
आह्वाननविधि करूं त्रिविध करिके मुदा ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्

नाराच छन्द ।

क्षीर नीर हीर गौर सोम शीत धारया ।
मिश्र गंध रत्न भृंग पाप नाश कारया ॥
अनन्तनाथ पाय सेव मोक्ष सौख्य दाय है ।
अनन्तकाल श्रमज्वाल पूजतैं नसाय है ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय जन्ममृत्युविनाशनाय जलं नि० ॥

कुंकुमादि चंदनादि गंध शीत कारया । संभवेन अंतकेन भूरि ताप हारया ॥ अनंतनाथ० ॥चन्दनं॥

स्वेत इंदु कुंद हार खंड ना अखित्तही । दुरित खंडकार पुंज धारिये पवित्रही ॥ अनन्तनाथ० ॥अक्षतान्॥

सरोपुनीत पुष्पसार पंच वर्ण ल्यावही । गंध लुब्ध भृंग-वृंद शब्द धारि आवही ॥ अनन्तनाथ० ॥पुष्पं॥

मोदकादि घेवरादि मिष्ट स्वादसार ही । हेमथाल धारि भव्य दुष्ट भूख टारही ॥ अनतनाथ० ॥नैवेद्यं॥

रत्न दीप तेज भान हेमपात्र धारिये । भवांधकार दुःख-भार मूलतैं निवारिये ॥ अनन्तनाथ० ॥दीपं॥

देवदारु कृष्ण सार चंदनादि ल्यावही । दशांग धूप धूम्रगंध भृंगवृंद धावही ॥ अनंतनाथ० ॥धूपं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीफलादि खारिकादि हेमथालमें भरे। सुष्ट मिष्ट गंध-सार चक्षु नासिका हरे ।। अनन्तनाथ० ।।फलं।।

छप्पय ।

सलिल शीत अति स्वच्छ मिष्ट चंदन मलियागर। तंदुल सोम समान पुष्प सुरतरुके लाकर ।। चरु उत्तम अति मिष्टपुष्ट रसना मन भावन। मणि दीपक तमहरन धूप कृष्नागर पावन ।। लहि फल उत्तम कणथाल भरि, अरघ 'रामचंद' इम करै। श्रीअनंतनाथके चरन जुग, बहुविधि अरचे शिव बरै ।।

ॐ ह्रीं श्रीअनंतनाथजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति ।

पंचकल्याणक ।

दोहा ।

पुष्पोत्तरतैं चय लियो, 'सूर्यादे' उर आय ।
कातिक पडिवा कृष्ण ही जजहूं तूर बजाय ।।१।।

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णप्रतिपदायां गर्भमङ्गलमंडिताय श्रीअनंत० अर्घं

जेठ असित द्वादशिविषैं, जनम सुराधिप जान ।
सनपन करि सुरगिर जजे, जजहू जनमकल्यान ।।२।।

ॐ ह्रीं ज्येष्ठकृष्णद्वादश्यां जन्ममङ्गलमंडिताय श्रीअनंत० अर्घं ।।

जगतराज्य तृणवत् तज्यो, द्वादशि जेठ असेत ।
लौकांतिक सुरपति जजे, मैं जजहूं शिवहेत ।।३।।

ॐ ह्रीं ज्यैष्ठकृष्णद्वादश्यां तपोमङ्गलमंडिताय श्रीअनंत० अर्घं ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चैत्र अमावसि अरि हने, घातिकर्म दुखदाय ।
कह्यो धर्म केवलि भये, जजूं चरण सुखदाय ।।४।।
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णामावस्यायां ज्ञानमंगलमण्डिताय श्रीअनंत० अर्घं।।
चैत्र अमावसि शिव गये, हनि अघाति भगवान ।
सुरनरखगपति मिलि जजे, जजहुँ मोक्षकल्यान ।।५।।
ॐ ह्रीं चैत्रकृष्णामावस्यायां मोक्षमंगलमण्डिताय श्रीअनंत० अर्घं।।

जयमाला ।

दोहा ।

काळ अनंताअनंत भव, जीव अनंताअनंत ।
जिन उतपति व्यय ध्रुव कही, नमूऽनंत भगवंत ।।

(चाल—त्रिभुवनगुरु स्वामीजीकी)

जय अनंत जिनेस्वरजी, पुष्पोत्तरतैं सुरजी, सिंघसेन नरश्वरके चय सुत भये जी ।। 'सूर्योदे' माताजी जग पुण्य विख्याताजी, तिनके जगत्राता गर्भविषैं थये जी ।।२।। कार्तिक अंधियारीजी, परिवा अविकारीजी, साकेत मझारि कल्याणक हरि कियोजी । षटमास अगारेजी, मणि स्वर्ण घनेरेजी, वरषे नृपकेरे मंदिर धन जयोजी ।।३।। द्वादशि अंधियारीजी जनमे हितकारीजी, प्रभु जेठमझारि सुरासुर आयकैंजी । सुरगिरि लै आयेजी, भवि मंगल गायेजी, अभिषेक रचाये पूजे ध्यायकैंजी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥४॥ फिर पितुघर लायेजी, नचि तूर बजायेजी, लखि अंग नमाये माता पिता तबैजी। तन हेम महा छविजी, पंचास धनू रविजी, लक्षि तीस कहे कवि आयु भई सबैजी ॥५॥ नृपपदवी धारीजी, लखि पणदह सारीजी, सब अनिल विचारि तपोवनकूं गयेजी; बदि जेठ दुवादसिजी, तप देखि सुरा रिषिजी, पद पूजि नये नसि पाप सबै गयेजी ॥६॥ षष्ठम करि पूरोजी, भोजन हित सूरोजी, पुर धर्म सनूरो आवत देखिकैंजी। नव भक्तिथको पयजी, विसाख तहां दयजी, मणिविष्टि अक्षय करि सुरगण पेखिकैंजी ॥७॥ धरि ध्यान सुकल तबजी, चउ घाति हनै जबजी, सुर आय मिले सब ज्ञान कल्याण ही जी। वदि चैत अमावसिजी, जक्षि भुक्ति तुहे वसिजी, समवादि रच्यौ तसु उपमा भी नहींजी। समवादि जिते सुविजी, सुनि धर्म तिरे सबजी, प्रभु आयु रही जब मास तणी तबैजी। संमेद पधारेजी, सब जोग संघारेजी, समभाव विथारि वरी शिवतिय जबैजी ॥ वसु गुण जुत भूषितजी, भव छारि बसे तितजी, सुख मगन भये जित मावस चैतकीजी। सुर सब मिलि आयेजी, शिवमंगल गायेजी, बहु पुण्य उपाय चले तुम गुणत कीजी ॥१०॥ गुणवृन्द तुम्हारेजी, बुध कौन उचारेजी, गणदेव निहारेपै वचना कहै जी। "चंदराम" करै थुतिजी, वसु अंगथकी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नुतिजी, गुण पूरन ह्यो मति मर्म तुहे लहैजी ॥११॥ प्रभु अरज हमारी जी, सुनिज्यो सुखकारीजी, भवमें दुखभारी निवारौ हो धणीजी । तुम सरन सहाईजी, जगके सुखदाईजी शिवदे पितुमाई कहो कबलौं धणीजी ॥१२॥

घत्ता ।

इति गुण गण सारं,अमल अपारं,जिय अनंतके हिय धरई । हनि जरमरणावलि, नासिभवावलि, शिवसुन्दरि ततछिन वरई ॥१३॥

ॐ ह्रीं श्रीअनन्तनाथजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

बखतावरसिंह कृत

अथ श्रीशान्तिनाथ जिनपूजा

रोडक छन्द

स्थापना

सर्वारथ सुविमान त्याग गजपुर में आये ।
विश्वसेन भूपाल तासु के नन्द कहाये ॥
पंचम चक्री भये मदन द्वादस में राजै ।
मैं सेवूं तुम चरण तिष्ठये ज्यों दुःख भाजै ॥

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi.

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ अष्टक

कुसुमलता छन्द

पंचम उदधि तनो जल निरमल कंचन कलश भरे हरषाय।
धार देत ही श्रीजिन सन्मुख जन्म जरामृत दूर भगाय।।
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिन के चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय।।
जलम्।

मलियागिरचंदन कदली नंदन कुंकुम जल के संग घसाय।
भव आताप विनाशन कारण चरचूं चरण सबै सुख दाय।।
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरणकमलके पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय।।
चन्दनम्।

पुण्य राशि सम उज्ज्वल अक्षत शशि मरीचि तसु देखलजाय।
पुंज किये तुम चरणन आगे अक्षत पद के हेतु बनाय।।
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमलके पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय।।
अक्षतान्।

सुर पुनीत अथवा अवनी के कुसुम मनोहर लिए मंगाय।
भेंट धरत तुम चरणन के ढिग ततक्षिन काम बाण नस जाय।।
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमण के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय।।
पुष्पम्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भांति-भांति के सद्य मनोहर कीने मैं पकवान संवार।
भर थारी तुम सन्मुख लायो क्षुधाबेदनी रोग निवार ॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय ॥
नैवेद्यम्।

घृत सनेह करपूर लाय कर दीपक ताके धरे प्रजार।
जगमग जोत होत मन्दिर में मोह अन्ध को देत सुटार ॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय ॥
दीपम्।

देवदारु कृष्णागरु चन्दन तगर कपूर सुगन्ध अपार।
खेऊँ अष्ट करम जारन को धूप धनंजय माँहि सुडार ॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय ॥
धूपम्।

नारंगी बादाम सुकेला एला दाडिम फल सहकार।
कंचन थाल माँहि धर लायो अरचत ही पाऊं शिवनार ॥
शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय ॥
फलम्।

जल फलादि वसु द्रव्य संवारे अर्घ चढ़ाऊं मंगल गाय।
वखत रतन के तुम ही साहिब दीजे शिवपुर राज कराय ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शांतिनाथ पंचम चक्रेश्वर द्वादश मदन तनो पद पाय।
तिनके चरण कमल के पूजे रोग शोक दुःख दारिद जाय ॥

अर्घम् ।

अथ पंचकल्याणक।

छन्द उपगीत।

भाद्रव सप्तमि श्यामा, सर्वारथत्याग नागपुर आये।
माता ऐरा नामा, मैं पूजूं अर्घ सुभलाये ॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्राय भाद्रपद कृष्ण सप्तम्यां गर्भ कल्याणप्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

जन्मे तीरथ नाथं, वर जेठ असित चतुर्दशी सोहै।
हरिगण नावें माथं, मैं पूजूं शांतिचरण युग जोड़े ॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दश्यां जन्म कल्याण प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

चौदस जेठ अंधयारी, कानन में जाय योग प्रभू लीन्हा।
नवनिधिरत्न सुछांड़ी, मैं बन्दू आत्मसार जिन चीन्हा ॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्राय ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दश्यां तप कल्याण प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

पौष दसें उजियारा, अरिघात ज्ञान भानुजिन पाया।
प्रातिहार्य वसुधारा. मैं सेऊं सुर नर जासु यश गाया ॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्राय पौष शुक्ल दशम्यां ज्ञान कल्याण प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्मेदशैलभारी, हन कर अघाति मोक्ष जिन पाई ।
जेठ चतुर्दशिकारी, मैं पूजूं सिद्धथान सुखदाई ।।

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथ जिनेन्द्राय ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दश्यां मोक्ष कल्याण प्राप्ताय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

अथ जयमाला ।

छप्पय छन्द ।

भये आप जिनदेव जगत में सुख विस्तारे ।
तारे भव्य अनेक तिनों के संकट टारे ।।
टारे आठों कर्म मोक्ष सुख तिनको भारी ।
भारी विरद निहार लही मैं शर्ण तिहारी ।।
तिहारे चरणन को नमूं दुःख दारिद संताप हर ।
हर सकल कर्म छिन एक में शांति जिनेश्वर शांतिकर ।।१।।

दोहा ।

सारंग लक्षण चरण में, उन्नत धनु चालीस ।
हाटक वर्ण शरीर द्युति, नमूं शांति जग ईश ।।२।।

छन्द भुजंगप्रयात ।

प्रभु आपने सर्व के फन्द तोड़े, गिनाऊं कछू मैं तिन्हें नाम थोड़े । पड़ो अंबुधे बीच श्रीपाल राई, जपो नाम तेरो भए थे सहाई ।।३।। धरो रायने सेठ को सूलिका पै, जपी आपके नाम की सार जापै । भये थे सहाई तवै देव आये, करी फूल वर्षा सु विष्टर बनाये ।।४।। जबै

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लाख के धाम वन्हि प्रजारी, भयो पाण्डवों पै महाकष्ट भारी। जबै नाम तेरे तनी टेर कीनी, करी थी विदुर ने वही राह दीनी ॥५॥ हरी द्रौपदी धातु की खंड मांही, तुम्हीं व्हां सहाई भला और नाहीं। लियो नाम तेरो भलो शील पालो, बचाई तहां ते सबै दुःख टालो ॥६॥ जबै जानकी राम ने जो निकारी, धरे गर्भ को भार उद्यान डारी। रटो नाम तेरो सबै सौख्यदाई, करी दूर पीड़ा सु क्षणना लगाई ॥७॥ व्यसन्न सात सेवे करें तस्कराई, सुअंजन से तारे घड़ी ना लगाई। सहे अंजना चंदना दुःख जेते, गये भाग सारे जरा नाम लेते ॥८॥ घड़े बीच में सास ने नाग डारो, भलो नाम तेरो जु सोमा संभारो। गई काढ़ने को भई फूलमाला, भई है विख्याता सबै दुःख टाला ॥९॥ इन्हें आदि देके कहां लों बखानें, सुनो विरद भारी तिहूँ लोक जानें। अजी नाथ मेरी जरा ओर हेरो, बड़ी नाव तेरी रती बोझ मेरो ॥१०॥ गहो हाथ स्वामी करो वेग पारा, कहूँ क्या अबै आपनी मैं पुकारा। सबै ज्ञान के बीच भासी तुम्हारे। करो देर नाहीं मेरे शांति प्यारे ॥११॥

घत्ता।

श्री शांति तुम्हारी कीरत भारी सुर नरनारी गुणमाला।
बख्तावर ध्यावे रतन सु गावे मम दुख दारिद सब टाला ॥

ॐ ह्रीं श्रीशांतिनाथजिनेन्द्राय अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वं०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अजी एरा नन्दन छबि लखत ही आप अरणं ।
धरे लज्जा भारी करत सुख सो लाग चरणं ।।
करै सेवा सोई लहत सुख सो सार क्षण में ।
घणे दीना तारे हम चहत हैं बास तिन में ।।

इत्याशीर्वादः ।

श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनपूजा

अडिल्ल ।

सकल परीसै जीति ध्यान असितैं हने,
घाति चतुक लहि ज्ञान भव्य बोधे घने ।
मुनिसुव्रत जिन पाय नमूं सिर नायकैं,
आह्वानन विधि करूं चरण लव ल्यावकैं ।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथ जिनेंद्र ! अत्र अवतर अवतर संवोषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथ जिनेंद्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथ जिनेंद्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

चाल जोगीरासा ।

इन्दु सरद रितुका अगतैं सित, मुनि चित सम अविकारी ।
सीत सुगंध तृट परसत नासै, तीर्थोदक भरि झारी ।।
मुनिसुव्रत जिनके पद पूजे, दोष दुगुणनव नासै ।
लोक सकल कर रेख ज्यौं देखै, ऐसौ ज्ञान प्रकासै ।।१।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेंद्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

घसि मलियागर कुंकुमके संग कृस्नागर घनसारं ।
दाहनिकंदन परिमलतैं अलि, धावत वृंद अपारं ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय संसारतापविनाशनाय चंदनं ।

चंद किरन सम उज्जल दीरघ मनरंजन अनियारे ।
तंदुल औघ अखंडित लेकरि, पुंज करौं द्रिग हारे ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् ।

कुसुम मनोहर पंच वरण ही, सुरतरुके सुभ ल्यावैं ।
गंध सुगंधे घ्राणहि रंजन, गुंजत षटपद आवैं ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय कामबाणविनाशनाय पुष्पं ।

मोदक गूजा घेवर फैंनी, सुरही घृत्त बनावैं ।
रसना रंजन रसतैं पूरे कंचन थाल भरावैं ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं ।

दीप रतनमय जोति मनोहर, सुवरन भाजन धारैं ।
ध्वांत नसै जिम मेघ पवनतैं रवि आतम विसतारै ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतभगवज्जिनेंद्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं ।

कृस्नागर मलियागर चंदन धूप दसांग मगावैं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वर्ण धुपायन संग हुतासन, जारत मधुकर आवैं ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतभगवज्जिनेंद्राय अष्टकर्मदहनाय धूपं ।

फल उत्तम मनहर बहु नीके, श्रीफल दाख मगावैं ।
पूंगी खारिक आदि घनेरे घ्रानन चक्खि सुहावैं ।।
मुनिसुव्रत०।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतभगवज्जिनेंद्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं ।

जल चंदन तंदुल चरु दीपग, धूप कुसुम फल ल्यावैं ।
अर्घं करें 'चंद' वसुविधि ऐसे, सो सिवके सुख पावैं ।।
मुनिसुव्रत जिनके पद पूजे, दोष दुगुणनव नासैं ।
लोक सकल कर रेखज्यौं देखैं, ऐसो ज्ञान प्रकासैं ।।

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतजिनेंद्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

पंच कल्याणक अर्घ ।

प्राणत स्वर्ग थकी चये, श्यामा उर अवतार ।
सावण दोयज कृष्नही, लयो जजूं पद सार ।।१।।

ॐ ह्रीं श्रावणकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रतजिनेंद्राय अर्घं नि० ।

दसमी वदि वैशाख ही, जनमे जुत त्रय ज्ञान ।
सकल सुरासुर गिरि जजे, मैं जजहूं धरि ध्यान ।।२।।

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रतजिनेंद्राय अर्घं नि० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्रृष्न दसमि वैशाख तप, धरयौ परिग्रह त्याग।
नगन दिगम्बर बन वसे जजूं चरण जुतराग ॥३॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णदशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रत-जिनेंद्राय अर्घं नि० ।

नौमी वदि वैशाख ही, हने घाति दुखदाय।
कह्यौ धर्म केवलि भये जजूं चरण गुनगान ॥४॥

ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णनवम्यां ज्ञानमंगलमंडिताय श्रीमुनिसुव्रत जिनेंद्राय अर्घं नि० स्वाहा।

फागुन द्वादसि कृष्नही, हनि अघाति निरवाण।
गये सुरासुर पद जजे जजहूं मोक्ष कल्यान ॥५॥

ॐ ह्रीं फाल्गुणकृष्णद्वादश्यां मोक्षमंगलमडिताय श्रीमुनि-सुव्रतजिनेंद्राय अर्घं नि० ।

जयमाला ।

श्रीमुनिसुव्रत जिनतने, नमूं जुगल पद सार।
भवदधि तारनतरन हो, पतित उधारनहार ॥१॥

चाल—सीमंधरजिनवन्दिस्यां जगसार हो ।

मुनिसुव्रत जिनबंदिस्यां जगसारहो, नगर कुसागरभूप।
पिता नमूं सुहमित्तजी जगसारहो, श्रीहरिवंस अनूप ॥
अनूप श्रावण बीजकारी सुरग प्राणततैं चये।
तव मात स्यामा गर्भ आये लोकत्रयमें सुख भये ॥
सुर असुरके नय मुकुट कंपे पीठ सब हरि आयही।
गर्भाकल्यान महन्त महिमा ठानि मंगल गायही ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

षटनवमास त्रिकालही जगसारहो, वरषे रतन अपार ।
बदि दसमी वैशाखकी जगसार हो, जिनजनमें तिहबार ।।
तिहबार घंटा आदि बाजे, सबै सुर मिलि आयही ।
जिन लेय पांडुक वन नह्वाये, खीर जल सुभल्यायहि ।।
सिंगार करि पितु मात सोंपे, नृत्य तांडव हरि करयो ।
लखि हृदै हरषित भये दम्पति; नाम मुनसुव्रत धरयो ।।२।।

स्याम वरण तन तुंग है,जगसार हो, बीस धनुष परिमान ।
तीस सहस वृष आयु है जगसार हो, कछलांछिनसुभजान ।।
सुभराजपद दससहस कीनो त्यागि तृणवत बन गये ।
नमः सिद्धेभ्यः कहि लोंच कीनों, ध्यान में प्रभु थिरथये ।।
तबही भयो मदज्ञान सुरनर पूजि पद गुण गाइये ।
वैसाख दसमी कृष्ण चम्पकवृक्षतलि व्रत भाइये ।।३।।

करि षष्टम मिथुला गये जगसार हो,भोजन हित जिनराय
विश्वसेननृपजी दयो जगसार हो,पय लखि सुर हरषाय ।
हरषाय सुर आश्चर्य कीनों पंच फिरि वन जाय ही ।
तप करे ग्यारा वरष द्वादस भांति निरभय थाय ही ।।
वैसाख नवमी कृष्ण हरिये घाति चउ धरि ध्यान ही ।
लहि ज्ञान लोक अलोक पेख्यो, भयो बोध कल्यान ही ।४।

समोसरन धनपति रच्यो जगसार हो, मानसथम्भत्रिसाल ।।
चउ चउ गोपुर सोहने जगसार हो,खाई सजल मराल ।।
मराल वन वन कल्पतरु फुनि चैत चम्पक अम्बही ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धुज सैल सरित सतूप सुर तिय, नचैं हलत नितम्ब ही ।।
मधि सभा द्वादस सभामण्डप कमल आसन जिन ठये ।
चतु वक्त्र अंगुल च्यारि अन्तव भई धुनि सुनि हरषये ।।५।।
तरु असोक त्रिय छत्र हैं जगसार हो चवसठि चँवर ढुरंत ।
जोजन वानी मागधी जगसार हो दुंदुभि मधुर घुरन्त ।।
घुरन्त दुंदुभि सुमन वरषै तुङ्ग आसन त्रिय लसै ।
तमपटल भामण्डव विध्वंसै कोटिरविकी छवि नसै ।।
वसु प्रातिहारिज सहित आरिज देसके भवि बोधि ही ।
सम्मेदगिरि समभाल प्रणये भूरि जोग निरोधिही ।।६।।
फागुन द्वादसि कृस्नही जगसारहो ध्यान सुकल असिधार ।
हनि अघाति सिवपुर लयो जगसारहो सुख अनन्त भंडार ।।
भण्डार सुख अविकार अवपु सु हीनवृद्ध नहीं कदा ।
त्रैलोककी तिरकाल परणति ज्ञान गर्भित है सदा ।।
तित जनम मरन जरा न व्यापै नांहि सेवक भूपही ।
चिद्रूप वसुगुणमयी राजे सदा एक सरूप ही ।।७।।
तुम गुण सुरगुरु वरनवैं जगसारहो, जिह्वा सहस बनाय ।
तौऊ पार लहै नहीं जगसार हो, तो हम पै किम थाय ।।
किम थाय हमपै तुहे बरनन देवगुरु से थकि रहे ।
हो कृपानाथ अनाथके पति इहै भव दुख मैं सहे ।।
तुम तरन तारण दुखनिवारण तारि भवतें नाथजी ।
'चन्दराम' सरनि निहारि आयो जोरिकें जुग हाथजी ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा ।

श्रीमुनिसुव्रत देवकी, विनती परम रसाल ।
जो पढसी सुनिसी सदा पासी मोक्ष विसाल ॥९॥

ॐ ह्रीं श्रीमुनिसुव्रतनाथजिनेन्द्राय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्री नेमिनाथ जिनपूजा

छन्द लक्ष्मी तथा अर्घ लक्ष्मीधरा

जैति जै जैति जै जैति जै नेमिकी,
धर्म अवतार दातार श्यौचैन की ।
श्री शिवानंद भौफंद निकंदनं,
ध्यावैं जिन्हैं इन्द्र नागेन्द्र ओ मैनकी ।
पर्मकल्याण के देनहारे तुम्हीं,
देव हो एव तातैं करौं ऐनकी ।
थापि हौं बार त्रै शुद्ध उच्चार कैं,
शुद्धता धार भवपार कूं लेनकी ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्र ! अत्र अवतर-अवतर । संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्र ! अत्रमम सन्निहितो भव भव । वषट् ।

अष्टक

दाता मोक्षके श्रीनेमिनाथ जिनराय ॥ दाता० ॥टेक॥
निगम नदी कुश प्राशुक लीनों, कंचन भृंग भराय ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मनवचलनतैं धार देत ही, सकल कलंक नशाय ॥
दाता मोक्ष के, श्री नेमिनाथ जिनराय ॥ दाता० ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय जन्ममृत्युविनाशनाय जलं निर्वं० ।

हरिचन्दन जुत कदली नन्दन, कुंकुम संग घसाय ।
विघनताप नाशन के कारन, जजौं तिहारे पाय ॥दाता०॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चन्दनं निर्वं० ।

पुण्य राशि तुम जस सम उज्वल, तन्दुल शुद्ध मँगाय ।
अखय सौख्य भोगनके कारण, पुंज धरों गुनगाय ॥दाता०॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वं० ।

पुंडरीक तृण द्रुम को आदिक, सुमन सुगंधित लाय ।
दर्प्पक मनमथभंजनकारन जजहुं चरन लवलाय ॥दाता०॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वं० ।

घेवर बावर खाजे साजे, ताजे तुरत मँगाय ।
क्षुधावेदनी नाश करनको, जजहुं चरन उमगाय ॥दाता०॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वं० ।

कनकदीप नवनीत पूरकर, उज्वल जोति जगाय ।
तिमिरमोहनाशकतुमकोलखि, जजहुँचरनहुलसाय॥दाता०
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वं०

दशविधि गंध मंगाय मनोहर गुंजत अलिगन आय ।
दशोंबंध जारनके कारन, खेवोंतुम ढिगलाय॥दाता०॥७॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्राय मोहांधकारविनाशनाय दीपं निर्वं०।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुरसवरन रसना मन भावन, पावन फल सु मंगाय।
मोक्षमहाफलकारन पूजों हे जिनवर तुम पाय॥दाता०॥८॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति०

जल फल आदि साज शुचि लीने, आठौं दरब मिलाय।
अष्टमक्षितिके राज मरनकों, जजों अंग वसुनाय॥दाता०॥९॥
ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वं०।

पंचकल्याणक।

सित कातिक छट्ठ अमंदा। गरभागम आनन्द कन्दा।
शचि सेय शिवापद आई। हम पूजत मनवचकाई॥१॥
ॐ ह्रीं कार्तिक शुक्लषष्ठ्यां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीनेमिनाथ जिने०

सित सावन छट्ठ अमंदा जनमे त्रिभुवन के चन्दा।
पितु समुद महा सुख पायो। हम पूजत विघन नशायो।२।
ॐ ह्रीं श्रावण शुक्लषष्ठ्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्रीनेमिनाथ जिने०

तजि राजमती ब्रत लीनों। सित सावन छट्ठ प्रवीनो।
शिवनारि तबै हरिषाई। हम पूजैं पद शिरनाई॥३॥
ॐ ह्रीं श्रावणशुक्लषष्ठ्यां तपःकल्याणकप्राप्ताय श्रीनेमिनाथ जि०

सित आसिन एकम चूरे। चारों घाती अति कूरे।
लहि केवल महिमा सारा। हम पूजैं अष्टप्रकार॥४॥
ॐ ह्रीं आश्विनशुक्लप्रतिपदा केवलज्ञानप्राप्ताय श्रीनेमिनाथ जि०

सितषाढ़ अष्टमी चूरे। चारों अघातिया कूरे।
शिव उर्ज्जयंततैं पाई। हम पूजैं ध्यान लगाई॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं आषाढ़ शुक्लाष्टम्यां मोक्षमंगलप्राप्ताय श्रीनेमिनाथ जि०

अथ जयमाला ।

दोहा ।

श्याम छबी तन चाप दश, उन्नत गुण निधिधाम ।
शंख चिन्हपद मैं निरखी, पुनि पुनि करों प्रणाम ।।१।।

पद्धरी छन्द (१६ मात्रा लघ्वन्त. ।

जै जै जै नेमि जिनिंद चंद, पितु समुद देन आनंदकंद ।
शिवमात कुसुदमनमोददाय, भविवृन्द चकोर सुखी कराय ।।
जय देव अपूरव मारतंड, तुम कीन ब्रह्मसुत सहस खंड ।
शिवतियमुख जलजविकाशनेश, नहिं रही सृष्टि में तमअशेश ।।
भवि भीत कोक कीनों अशोक, शिवमग दरशायोशर्मथोक ।
जै जै जै जै तुम गुनगंभीर, तुम आगम निपुन पुनीत धीर ।।
तुम केवल जोति विराजमान, जै जै जै जै करुनानिधान ।
तुम समवसरनमें तत्वभेद, दरशायो जातें नशत खेद ।।
तित तुमको हरि आनंदधार, पूजत भगतीजुत बहु प्रकार ।
पुनि गद्यपद्यमय सुजस गाय, जै बल अनंत गुनवंतराय ।।
जय शिवशंकर ब्रह्मा महेश, जय बुद्धि विधाता विष्णुवेष ।
जय कुमतिवितंगनकोमृगेंद्र, जयमदनध्वांतकोरविजिनेन्द्र ।।
जय कृपासिंधु अविरुद्ध बुद्ध, जय ऋद्धसिद्ध दाता प्रबुद्ध ।
जय जगजनमनरंजन महान, जय भवसागर महं सुष्ट थान ।।
तुव भगति करै ते धन्य जीव, ते पावैं दिव शिवपद सदीव ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुमरो गुन देव विविध प्रकार, गावत नित किन्नरकी जुनार ।।
वर भगतमांहि लवलीन होय, नाचैं ताथेइ थेइ थेइ बहोय ।
तुम करुणासागर सृष्टिपाल, अब मोकों बेगि करो निहाल ।।
मैं दुख अनंत वसुकरमजोग, भोगे सदीव नहिं और रोग ।
तुमको जगमें जान्यों दयाल, हो वीतराग गुनरतनमाल ।।
तातैं शरना अब गही आय, प्रभु करो वेगि मेरी सहाय ।
यह विघन करम मम खंडखंड, मनवांछितकारज मंड मंड ।।
संसारकष्ट चकचूर चूर, सहजानँद मम उर पूर पूर ।
निज पर प्रकाशबुधि देह देह, तजिके विलंब सुधि लेह लेह ।।
हम जांचत हैं यह बार बार, भवसागरतें मों तार तार ।
नहिं सह्योजात यह जगत दुःख, तातैं विनवों हे सुगुनमुक्ख ।।

घत्तानन्द ।

श्रीनेमिकुमारं जितमदमारं, शीलागारं, सुखकारं ।
भवभयहरतारं, शिवकरतारं, दातारं धर्माधारं ।।१५।।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथ जिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।

मालिनी ।

सुख, धन, जस, सिद्धि पुत्रपौत्रादि वृद्धि ।
सकल मनसि सिद्धि होतु है ताहि ऋद्धि ।।
जजत हरषधारी नेमिको जो अगारी ।
अनुक्रम अरिजारी सो वरै मुक्ति नारी ।।१६।।

इत्याशीर्वादः ।

——

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीपार्श्वनाथ जिनपूजा

गीता

वर सुरग आनतको विहाय सुमात वामा सुत भये।
अश्वसेन के पारस जिनेश्वर चरन तिनके सुर नये॥
नव हाथ उन्नत तन विराजे उरग लच्छन अतिलसैं।
थापूँ तुम्हें जिन आय तिष्ठहु करम मेरे सब नसैं॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

छन्द।

क्षीर सोम के समान अम्बुसार लाइये। हेमपात्र धारके सु आपको चढ़ाइये॥ पार्श्वनाथदेव सेव आपकी करूँ सदा। दीजिये निवास मोक्ष भूलिये नहीं कदा॥

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं नि०

चन्दनादि केशरादि स्वच्छ गंध लीजिये।
आप चर्न चर्च मोहतापको हनीजिये॥पार्श्वनाथ०॥चंदनं॥

फेन चंदके समान अक्षतें मँगाइकैं।
पादके समीप सार पुंजकौं रचाइकैं॥पार्श्वनाथ०॥अक्षतान्॥

केबड़ा गुलाब और केतुकी चुनाइये।
धार चर्न के समीप कामको नसाइये॥पार्श्वनाथ०॥पुष्पं॥

घेवरादि बावरादि मिष्ट सर्पि में सने।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आप चर्नचर्चंतेक्षुधादि रोगको हने।।पार्श्वनाथ०।।नैवेद्यम्।।
लाय रत्न दीपको सनेह पूरकैं भरूँ।
वातिका कपूरवारि मोहध्वांतको हरूँ।।पार्श्वनाथ०।।दीपं।।
धूप गंध लेयके सु अग्नि संग जारिये।
तासु धूप के सुसंग अष्टकर्म बारिये।।पार्श्वनाथ०।।धूपं।।
खारिकादि चिर्भटादि रत्नथाल में धरूँ।
हर्षधारकेजजूं सुमोक्षसुक्खकूं वरूँ।।पार्श्वनाथ०।।फलं।।
नीर गंध अक्षतं सुपुष्प चरु लीजिये :
दीप धूप श्रीफलादि अर्घतैं जजीजिये।।पार्श्वनाथ०।।अर्घं।।

पंचकल्याणक।

छन्द जाल।

शुभ आनत स्वर्ग विहाये, वामा माता उर आये।
वैसाख तनी दुति कारी, हम पूजैं विघ्न निवारी।।१।।
ॐ ह्रीं वैशाखकृष्णद्वितीयायां गर्भमंगलप्राप्ताय श्रीपार्श्वनाथ० अर्घं
जनमे त्रिभुवन सुखदाता, एकादशि पौष विख्याता।
श्यामातन अद्भुत राजै, रविकोटिक तेजसु लाजै।।२।।
ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां जन्ममंगलमंडिताय श्रीपार्श्वनाथ० अर्घं
कलि पौष इकादशि आई, तब बारह भावन भाई।
अपने कर लोंच सुकीना, हम पूजैं चर्न जजीना।।३।।
ॐ ह्रीं पौषकृष्णैकादश्यां तपःकल्याणमंडिताय श्रीपार्श्वनाथ०अर्घं
कलि चैत चतुर्थी आई, प्रभु केवलज्ञान उपाई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रसुदत्तकूटतैं धर्मनाथजिनेंद्रादि-मुनिउन्नीसकोड़ाकोड़ीउन्नीसकोड़िनौलाखनौहजारसातसौपचानवे-सिद्धपदप्राप्तेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।१४।।

नं० २ शान्तिनाथ शान्तिप्रभकूट ।

सुगीतिका—छन्द ।

श्रीशांतिप्रभ है कूट सुन्दर अति पवित्र सु जानिये ।
श्रीशांतिनाथ जिनेंद्र जहँते पर धाम प्रमानिये ।।
नव जु कोड़ाकोड़ि मुनिवर लाख नव अब जानिये ।
नौ सहस नवसै मुनि निन्नानव हृदयमें धर मानिये ।।

दोहा ।

कर्म्मनाश शिवको गए, तिन प्रति अर्घ चढ़ाय ।
त्रिविधयोग करि पूज हैं, मनवांछित फलपाय ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रशांतिप्रभकूटतैं शांतिनाथजिनेंद्रादिमुनिनौकोड़ाकोड़ी नौलाखनौहजारनौसौनिन्नयानवेसिद्धपदप्राप्तेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्व० ॥१५॥

नं. २ कुन्थुनाथ ज्ञानधरकूट ।

गीतिका छंद ।

ज्ञानधर शुभकूट सुन्दर परम मन मोहन सही ।
जहतैं श्रीप्रभु कुन्थुस्वामी गए शिवपुरकी मही ॥
कोड़ा सु कोड़ीछ्यानवै मुनि कोड़िछ्यानव जानिये ।
अरु लाखबत्तिस सहसछ्यानव शतकसात प्रमानिये ॥

दोहा ।

और कहे व्यालीस मुनि, सुमिरों हियेमँझार ।
तिनपद पूजों भावसो, कर भवदधिसे पार॥१६॥

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रज्ञानधरकूटतैंश्रीकुंथुनाथजिनेंद्रादिमुनिछ्यानवेकोड़ाकोड़ी छ्यानवैकोड़िबत्तीसलाख छ्यानवेहजार सातसौव्यालीससिद्धपदप्राप्तेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥१६॥

नं. ४ अरनाथ नाटककूट ।

दोहा ।

कूट जु नाटक परमशुभ, शोभा अपरम्पार ।
जहतैं अरजिनराज जी, पहुचें मुक्तिमँझार ॥
कोड़िनिन्नयानवजानिमुनि लाखनिन्न्यानव और ।
कहे सहस निन्न्यानबै, बन्दौ कर जुग जोर ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अष्टकर्म्मको नष्ट करि, मुनि अष्टमक्षिति पाय ।
ते गुरु मम हृदयें बसों, भवधिपार लगाय ॥

सोरठा ।

तारण तरण जिहाज, भवसमुद्रके बीचमें ।
पकरो मेरी बांह डूबतसे राखो मुझे ॥
अष्टकरम दुख दाय, ते तुमने चूरे सबै ।
केवलज्ञान उपाय अविनाशीपद पाइयो ॥
मोतीसुत गुणगाय चरणन शीशनवायकें ।
मेटो भवभटकाय, मांगत अब वरदानयो ॥१७॥

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रनाटककूटतैं अरनाथजिनेंन्द्रादिमुनिनित्यानवेकोड़ि निन्यानवेलाखनिन्यानवेहजार सिद्धपदप्राप्तेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्व० ॥

नं. ५ मल्लिनाथ सम्बलकूट ।

सुन्दरी छन्द ।

कूट सम्बल परमपवित्र जू, गए शिवपुर मल्लिजिनेश जू ।
मुनि जु छ्यानवकोड़ि प्रमानिये, पदजजत हृदयें सुखआनिये

मोतीदाम छन्द ।

भजो प्रभुनाम सदा सुखरूप, जजौ मनमें धरभाव अनूप ।
टरें अघपातिक जाहिं सु दूर, सदा जनको सुख आनंदपूर ॥
डरें ज्यों नाग गरुड़कों देखि, भजें गजजुथ्थ जु सिंहयपेखि ।
तुमनाम प्रभु दुखहर्ण सदा, सुखपूर अनूपम होय मुदा ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुमदेव सदा अशरणशरणं, भट मोहवली प्रभु जी हरणं।
तुमशरणगही हम आय अबै, मुझ कर्म्मबली दिढ़ चूर सबै॥

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रसम्वलकूटतैं श्रीमल्लिनाथ जिनेंद्रादिमुनिछ्यानवेकोड़िसिद्धपदप्राप्तेभ्यःसिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घंनिर्वं० स्वाहा ॥१८॥

नं. ९ मुनिसुव्रतनाथ निर्जरकूट।

मदअवलिप्तकपोल छन्द।

मुनिसुव्रत जिननाथ सदा आनँदके दाई।
सुंदर निर्जरकूट जहांतैं शिवपुर जाई॥
निन्यानवकोड़ाकोड़िकहे मुनि कोडिसत्याना।
नौ लख जोड़ि मुनिन्द कहे नौसैनिन्न्याना॥

सोरठा।

कर्म्मनाश ऋषिराज, पंचमगति के सुख लहे।
तारणतरण जिहाज, मो दुखदूर करौ सकल॥

भुजंगप्रयात।

बली मोहकी भौज प्रभुजी भगाई,
जग्यो ज्ञानपंचम महासुक्खदाई।
समोशरण धरणेंद्रने तब बनायो,
तबैं देव सुरपति सबै शीशनायो॥
जय जय जिनेंद्रं सुशब्दं उचारी,
भए आज दर्शन सबै सुक्खकारी।
गए सर्व पातिक प्रभू मूरहीतैं, जबै दर्श कीने प्रभू दूरहीतैं॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुनी नाथ श्रवनन जु तेरी बढ़ाई,
गहो शरण हमने तुम्हारो सु आई ।।
बली कर्म्मनाशे जबै मुक्ति पाई,
तिन्हैं हाथजोरें सदा शीशनाई ।।१९।।

ॐ ह्रीं श्री सम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्र निर्जरकूटतैंमुनिसुव्रत नाथजिनेंद्रादिमुनिन्न्यानबेकोड़ाकोड़ी सत्तानवे कोड़ि नौ लाख नौसौनिन्यानवेसिध्दपदप्राप्तेभ्यः सिध्दक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।१९।।

नं. ३ नमिनाथ मित्रधरकूट ।

जोगीरासा ।

कूट मित्रधर परममनोहर, सुन्दर अति छबिदाई ।
श्रीनमिनाथ जिनेश्वर जहँतैं, अविनाशीपदपाई ।।
नौसै कोड़ाकोड़ी मुनिवर, एक अरब ऋषि जानो ।
लाखपैंतालिस सातसहस, अरु नौसैब्यालिस मानों ।।

दोहा ।

वसु करमनको नाश कर, अविनाशीपद पाय ।
पूजो चरणसरोजको, मनवांछितफलदाय ।।२०।।

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिध्दक्षेत्रमित्रधरकूटतैं नमीनाथ जिनेंद्रादिमुनि नौसौकोड़ाकोड़ीएकअरब पैतालीसलाखसातहजार नौसौब्यालीससिध्दपदप्राप्तेभ्यः सिध्दक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामी ति स्वाहा ।।२०।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नं० २६ पार्श्वनाथ सुवर्णभद्रकूट।

दोहा ।

सुवरणभद्र जु कूट पै, श्रीप्रभुपारशनाथ ।
जहँतैं शिवपुरको गए, नमो जोरिजुगहाथ ॥

त्रिभंगी छन्द ।

मुनि कोड़िबियासी लाखचौरासी शिवपुर सुखदाई ।
सहसपैंतालिस सातसौ ब्यालिस तजिकैं आलस गुणगाई॥
भवदधितैं तारण पतितउधारण सबदुखहारण सुखकीजै।
यहअरजहमारी सुनित्रिपुरारी शिवपदभारी मुहिदीजै ॥

पध्दरी छन्द ।

यह दर्शनकूट अनंत लह्यो, फल षोड़शकोटि उपास कह्यो।
जगमें यह तीर्थ कह्यो भारी, दर्शन तैं पाप कटैं सारी ॥

मोतीदाम छन्द ।

टरैं गति बंदत नर्क तिर्यंच, कबहुँ दुखको नाहि पावैं रंच ॥
यही शिवको जगमें है द्वार, अरे नर बन्दो कहत 'जवार'

दोहा ।

पारशप्रभुके नामतैं, बिघन दूर टरिजाय ।
ऋद्धिसिद्धिनिधि आनिकैं, मिलिहैं निशिदिनआय ।२१।

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रसुवर्णभद्रकूटतैं श्रीपार्श्वनाथ-जिनेन्द्रादिमुनिब्यासीकरोड़ चौरासीलाखपैंतालीसहजारसातसौ-ब्यालीससिद्धपदप्राप्तेभ्यः सिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अडिल्ल ।

जेनर परमसुभावनतैं पूजाकरैं,
हरिहलि चक्री होंय राज्यषटखंड करैं ।।
फेरिहोंय धरणेंद्र इंद्रपदवी धरैं,
नानाविधसुख भोगि बहुरि शिवतियवरैं ।।

आशीर्वादः (पुष्पांजलिक्षिपेत्)

अथ समुच्चयपूजा

दोहा ।

याविध बीस जिनेशके, बीशो शिखर महान ।
और असंख्य मुनीश जहँ, पहुँके शिवपदथान ।।

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिध्दक्षेत्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अथ अष्टक ।

गीतिका छन्द ।

पदमद्रहको नीर निरमल, हेमझारीमें भरों ।
तृषारोग निवारनेको, चरणतर धाराकरों ।।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजौं, तासु फल पुनिसंचये ।।१।।

ॐ ह्रीं असंख्यात मुनि सिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखर सिध्दक्षेत्रेभ्यो जलं निर्व० ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चंदन कपूर मिलाय केसर, नीरसों घसि लाइये ।
जिनराज पापविनाश हमरे, भवाताप मिटाइये ।।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजौं, तासु फल पुनिसंचये ।।२।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिध्द-क्षेत्रेभ्यः चन्दनं नि० ।।२।।

चंद्रके सम ल्याय तंदुल, कनकथारन में भरों ।
अक्षय सु पदके कारणे जिनराजपद पूजा करों ।।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजौं,तासु फल पुनिसंचये ।।३।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्ध-क्षेत्रेभ्यो अक्षत्तान् नि० ।।३।।

कुंद कमलादिक चमेली गंध कर मधुकर फिरैं ।
मदनबाण विनाशवेको प्रभुचरण आगे धरैं ।।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजों,तासु फल पुनिसंचये ।।४।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्ध-क्षेत्रेभ्यः पुष्पं नि० ।।४।।

नेवज मनोहर थालमें भर, हरषकर ले आवनें ।
करहु पूजा भावसों, नर क्षुधा रोग मिटावने ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्मंहर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजों,तासु फल पुनिसंचये ।।५।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिद्ध-क्षेत्रेभ्यो नैवेद्यं नि० ।।५।।

दीप ज्योति प्रकाश करके, प्रभुके गुण गावनें ।
मोह तिमिर विनाश करके, ज्ञानभानु प्रकाशनें ।।
संम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्मंहर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजों,तासु फल पुनिसंचये ।।६।।

ॐ ह्रीं असंख्यात मुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखर-सिध्दक्षेत्रेभ्यो दीपं नि० ।।६।।

वर धूप सुन्दर ले दशांगी,ज्वलनमांहि सु खेइये।
वसु कर्म नाशनके सु कारण,पूज प्रभुकी कीजिये ।।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्मंहर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजों,तासु फल पुनिसंचये ।।७।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिध्द क्षेत्रेभ्यो धूपं नि० ।।७।।

उत्कृष्ट फल जगमांहि जेते, ढूंढ़ करकें लाइयैं,
जो नेत्र रसना लगैं सुन्दर, फल अनूप चढ़ाइयैं ।
सम्मेदगढ़तैं मुनि असंख्ये, कर्मंहर शिवपुर गये,
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनिसंचये ।।८।।

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिध्द क्षेत्रेभ्यो फलं नि० ।।८।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वसुद्रव्ययुत शुभ अर्घ लेकर, मनप्रफुल्लित कीजिये ।
तुव दास यह वरदान मागें, मोक्षलक्ष्मी दीजिये ॥
सम्मेदगढ़तें मुनि असंख्ये, कर्महर शिवपुर गये ।
सो थान परमपवित्र पूजों, तासु फल पुनिसंचये ॥

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखरसिध्द-क्षेत्रेभ्यो अर्घं नि० ॥९॥

नितकरैं जे नरनारि पूजा, भक्ति भाव सु लायके ।
जिनको सुजस कह कहें, 'जवाहर' हरष मनमें धारके॥
ते ह्वैं सुरेश नरेश खगपति, समझ पूजाफल यही ।
सम्मेदगिरिकी करहुपूजा, पाय हो शिवपुरमही ॥

ॐ ह्रीं असंख्यातमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीसम्मेदशिखर सिद्धक्षेत्रेभ्योः अर्घं नि० ॥१०॥

कवित्त ।

परम शिखरसम्मेद सबहिको है सुख करता ।
बन्दें जे नरनारि तिन्होंके अघ सब हरता ॥
नरकपशु गति टरें सुक्ख जगके बहु पावें ।
नरपति सुरपति होंय फेरि शिवपुरको जावें ॥१॥

दोहा ।

जे तीरथ बन्दै नहीं, सुनें धर्म्म नहिं सार ।
ते भव बनमें भ्रमहिंगे, कबहुँ न पावैं पार ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नरभव उत्तम पायकें, श्रावककुल अवतार ।
पूजा जिनवरकी करें, ते उतरें भवपार ॥३॥
सबविधिजोग जु पायजे, शिखर न बंदें सार ।
रतन पदारथ पाय ते, देत समुदमें डार ॥४॥

नं० ११ आदिनाथसर्वसिद्धवरकूट ।

ढाल कार्तिक ।

प्राणी हो आदीश्वर महराज जी, अष्टापद शिवथान हो ।
पूजत सुरु हरि नर सकल, सो पावे पदनिर्वाण हो ॥
प्राणी हम पूजत इनहीं सदा, यह नाशै भवभव भीति हो ।
प्राणी पूजौ मनबचाय कर अष्टापदसे निर्वान हो ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीऋषभनाथजिनेन्द्रादिदशहजारमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः श्रीकैलाशगिरिसिद्धक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥१॥

नं० १५ वासुपूज्यमंदारगिरि ।

सोरठा ।

वासुपूज्य जिनराज, चम्पापुरतें शिवगये ।
मनबचजोग लगाय, पूजों पदजुग अर्घले ॥२॥

ॐ ह्रीं वासुपूज्यजिनेन्द्रादिएकहजारमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीचंपापुरसिध्दक्षेत्रेभ्येय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नं० २५ नेमिनाथउर्जयंतकूट ।

दोहा ।

नेमीश्वर तजि राजमति, लीनो दीक्षा जाय ।
सिद्ध भये गिरिनारतैं, पूजों अर्घ बनाय ।।३।।

ॐ ह्रीं श्रीनेमिनाथजिनेन्द्रादिसंबुप्रद्युम्नअनिरुध्दइत्यादिवहत्तरकोड़िसातसौमुनिसिध्दपदप्राप्तेभ्यः श्रीगिरिनारसिध्दक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।३।।

नं० २१ महावीर

सुन्दरी छन्द ।

बर्द्धमान जिनेश्वर पूजिये, सकलपातक दूर सु कीजिये ।
गये पावापुरतैं मुक्तकों, तिनही पूजत अर्घसंयुक्त सों ।।४।।

ॐ ह्रीं महावीरजिनेन्द्रादिषर्डत्रिशतमुनिसिद्धपदप्राप्तेभ्यः पावापुरस्थ-पद्मसरोवरेसिध्दक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।

नं० १ चौबीसगणधरप्रथमटोंक ।

दोहा ।

तीर्थंकर चौबीसके, गणनायक हैं जेह ।
तिनको पूजों अर्घले, मनवच धारि सनेह ।।

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतिजिनगणधरचरणकमलेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।।५।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिद्धक्षेत्र जे और हैं, भरत क्षेत्रके ठाँहि ।
और जु अतिशयक्षेत्र हैं, कहे जिनागममांहि ॥
तिनके नाम सु लेतही पापदूर हुइ जाय ।
ते सब पूजों अर्घले भवभवमें सुखदाय ॥६॥

ॐ ह्रीं श्रीभरतक्षेत्रसम्बन्धीसिद्धक्षेत्रोऽतिशयक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥६॥

सोरठा ।

दीप अढ़ाईमांहि सिद्धक्षेत्र जे और हैं ।
पूजों अर्घंचढ़ाय भवभवके अघनाश हैं ॥७॥

ॐ ह्रीं ढाईद्वीपकेविषैंविद्यमानसिध्दक्षेत्रेभ्यो अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥७॥

अडिल्ल ।

पूजों तीस चौबीस परमसुखदाय जू,
भूत भविष्यत वर्त्तमान गुणगाय जू ।
कहे विदेहके बीस नमो शिरनाय जू,
अर्चों अर्घ बनाय सुबिघन पलाय जू ॥८॥

ॐ ह्रीं श्रीभूतभविष्यवर्त्तमानकालसम्बन्धीत्रिंशच्चतुर्विंशतिजिनेन्द्रेभ्यो विदेहक्षेत्रेशास्वतविद्यमानविंशतितीर्थंकरेभ्यश्च अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ॥८॥

दोहा ।

कृत्याकृत्रिम जे कहे तीनलोकके मांय ।
ते सब पूजों अर्घले हाथजोर शिरनाय ॥९॥

ॐ ह्रीं श्रीतीनलोकसम्बन्धीकृत्याकृत्रिमजिनालयजिनबिंबेभ्यो अर्घं निर्व० ॥९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ जयमाल ।

लोलतरंग छन्द ।

मनमोहन तीरथ शुभ जानो पावनपरम सु क्षेत्र प्रमानो ।
उन्नतशिखर अनूपम सोहै देखत ताहि सुरासुर मोहै ।।

दोहा ।

तीरथ परम सुहावनो शिखरसमेद विशाल ।
कहत अल्पबुधि उक्तिसों सुखदायक जयमाल ।।२।।

चौपाई ।

सिद्धक्षेत्र तीरथ सुखदाई, बंदत पाप दूरि हुई जाई ।
शिखर शीश पर कूट मनोज्ञ, कहे बीस अति शोभा योग्य ।।
प्रथम सिद्धवर कूट सुजान, अजितनाथको मुक्ति सुथान ।
कूटतनो दरशन फल एह, कोटि बतीस उपास गिनेह ।।
दूजो धवलकूट है नाम, संभवप्रभु जहँतें शिवधाम ।
दरश कोटि प्रोषध फल जान, लाख वियालिस कहो बखान ।।
आनँदकूट महा सुखदाय, जहँतें अभिनंदन शिवजाय ।
कूटतनो दरशन इम जान, लाख उपासतनो फलमान ।।
अविचल कूट महासुख वेश, मुक्तिगये जहँ सुमतिजिनेश ।
कूट भाव धरि पूजै कोय, एक कोटि प्रोषधफल होय ।।
मोहनकूट मनोहर जान, पद्मप्रभु जहँतें निर्बान ।
कूटपूज फल लेहुसुजान, कोटि उपास कहो भगवान ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मनमोहन है कूट प्रभास, मुक्ति गए जहँ नाथसुपास ।
पूजें कूट महाफल होय, कोटि बतीस उपास जु सोय ।।
चंद्रप्रभुको मुक्त सुधाम, परमविशाल ललित घट नाम ।
कूटतनों दरशन फल जान, प्रोषध सोलह लाख बखान ।।
सुप्रभ कूट महासुखदाय, जहँतें पुष्पदंत शिवपाय ।
पूजें कूट महाफल लेव, कोड़ि उपास कहो जिनदेव ।।
श्रीविद्युतवर कूट महान, मोक्षगये शीतल धरि ध्यान ।
पूजै त्रिविधिजोग कर कोय,कोड़ि उपासतनो फल होय ।।
संकुलकूट महा शुभ जान, श्रीश्रेयांश गये शिवथान ।
कूटतनो दरशन फल सुनो, कोड़ि उपास जिनेश्वरभनो ।।
कूट सुवीर परमसुखदाय, विमलजिनेश जहाँ शिवपाय ।
मनबच दरश करें जो कोय, कोटि उपासतनों फल होय ।।
कूट स्वयंभू सुभग सु नाम, गये अनन्त अमरपुर धाम ।
यही कूटको दरशन करें, कोड़ि उपासतनो फल धरैं ।।
है सुदत्तवर कूट महान, जहँतें धर्मनाथ निरवान ।
परमविशाल कूट है सोय, कोटि उपास दरशफल होय ।।
कूट शाँतिप्रभ सुन्दर कह्यो, शाँतिनाथ जहँतें शिव लह्यो ।
कूट तनो दरशन है सोय, एक कोड़ि प्रोषधफल होय ।।
परम ज्ञानधर है शुभकूट, शिवपुर कुन्थु गये अघछूट ।
जाकों पूजै जो करजोड़ि, फलउपवास कह्यो इक कोड़ि ।।
नाटककूट महाशुभ जान, जहँतें शिवपुर अर भगवान ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दरशन करै कूटको जोय, छयानव कोड़ि वासफल होय ।।
संबलकूट मल्लि जिनराज, जहँतें मोक्ष भये शुभकाज ।
कोड़िदरशफल कहो जिनेश, कोड़ि एक प्रोषध शुभ वेश ।।
निर्जरकूट कहो सुखदाय, मुनिसुव्रत जहँतें शिवजाय ।
कूटतनो अब दरशन सोय, एक कोड़ि प्रोषधफल होय ।।
कूट मित्रधरतैं नमि मुक्त, पुजत पाँय सुरासुर युक्त ।
कूटतनो फल है सुखकन्द, कोटि उपास कहो जिनचन्द ।।
श्रीप्रभु पार्श्वनाथ जिनराज, चहुँगतिसे छूटे महराज ।
सुवरणभद्र कूटको नाम, तासो मोक्ष गये सुखधाम ।।
तीनलोक हितकरन अनूप, बंदत ताहि सुरासुर भूप ।
चिंतामणि सुरवृक्ष समान, ऋद्धि सिद्धि मंगल सुखदान ।।
नवनिधि चित्रा वेलि समान, जातैं सुक्ख अनुपम जान ।
पारश और कामसुरधेन, नानाविधि आनँदको देन ।।
व्याधिविकार जाँहि सब भाज, मनचीते पूरे ह्वैं काज ।
भवदधिरोग विनाशक सोय, औषधि जगमें और न कोय ।।
निरमल परम थान उत्कृष्ट, बंदत पाप भजैं अरु दुष्ट ।
जो नर ध्यावत पुण्य कमाय, जशगावत सबकर्म नशाय ।।
करे अनादिकालके पाप, भजैं सकल छिनमें संताप ।
नरपति इंद्र फणेंद्र जु सबैं, और खगेंद्र मृगेंद्र जु नवैं ।।
नित सुरसुरी करैं उच्चार, नाचत गावत विविधप्रकार ।
बहुबिध भक्ति करैं मनलाय, विविधप्रकार बादित्रबजाँय ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्रम द्रम द्रमता बजै मृदंग, घन घन घंट बजै मुहचंग।
झुनझुन झुनझुन झुनिया झुनै, सर सर सर सारंगी धुनै।।
मुरली बीन बजै धुनि मिष्ट, पटहा तूर सुरान्वित पुष्ट।
सब सुरगण थुति गावत सार, सुरगण नाचत बहुत प्रकार।।
झन नन नन ना नू पुर वान, तन नन नन ना तोरत तान।
ता थिइ थिइ थिइ थेई चाल, सुर नाचन नावत निजभाल।।
गावत नाचत नाना रंग, लेत जहाँ सुर आनँद संग।
नित प्रति सुर जहँ बंदत जाय, नानाबिधके मंगल गाय।।
अनहदधुनिको मोद जु होय, प्रापति वृषकी अति ही होय।
तातैं हमको सुख दे सोय, गिरिवर बन्दो करधरि दोय।।
मारुत मंद सुगंध चलेय, गन्धोदक जहँ नित वरषेय।
जियकी जाति विरोध न होय, गिरिवर बंदो करधरि दोय।।
ज्ञान चरन तप साधन सोय, निज अनुभव को ध्यान जु होय।
शिवमन्दिरको द्वारो सोय, गिरिवर बन्दों करधरि दोय।।
जो भवि बन्दे एक हि वार, नरक निगोद पशु गति टार।
सुरशिवपदकों पावे सोय, गिरिवर बंदो करधरि दोय।।
जाकी महिमा अगम अपार, गणधर कहत न पावें पार।
तुच्छ बुद्धि मैं मति कर हीन, कही भक्तिवश केवल लीन।।

घत्ता छन्द।

श्रीसिधखेतं अति सुखदेतं, शीघ्रहिं भवदधि पार करं।
अरिकर्मविनाशन शिवसुख कारन, जय गिरिबर जगतार वरं

ॐ ह्रीं श्रीसम्मेदशिखरसिद्धक्षेत्रेभ्यः पूर्णार्घं निर्वं० स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा ।

शिखर सु पूजै जो सदा, मनवचतन चितलाय ।
दास 'जवाहर' यों कही, सो शिवपुरको जाय ॥१॥

आशीर्वादः ।

श्रीसम्मेदशिखरमाहात्म्य पूजनविधान समाप्त ।

कवि प्रशस्ति अर्थात् करताका परिचय ।

अडिल्ल ।

पिता सु मोतीलाल "जवाहर" के कहे,
काका हीरालाल गुणन पूरे लहे ।
भारू सूरी गोत जु भारिल जानिये,
शरण जिनेश्वर धर्म यही उर आनिये ॥

दोहा ।

यशके लहने ना कही, कही धर्मके काज
श्री जिनवरकी भक्तिसे, मिलिहै सुक्ख समाज ॥२॥

अडिल्ल ।

रहे छतरपुर शहर जवाहरलाल जी,
मुक्तागिरिको चले हरष उर धार जी ।
बन्दन करि फिर आये पुरु अमरावती,
भामनके घर रहे भई जहँ सुभमती ॥
देखोशिखरविलास सुमति हृदयें धरी,
ताके अब अनुसार शिखर पूजाकरी ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुनिये बुधिजन बिनती बालक मैं सही,
शुद्ध अशुद्ध जु होय समझ लीजै यही ।।
लीज्यो चतुर सुधार सु बुधिजन भव्यजू,
मोहि दोष मत दीज्यो कीज्योशुद्धजू ।
मोमैं नाँहि विवेक सुमति करि हीन हों,
पंडित चतुर सुजान तुमहिं परवीन हो ।।

दोहा ।

अमरावति नगरी विषैं, पूजा पूर्ण सु कीन ।
क्षमा जु सब जन तुम करो, मोहि दोष मति दीन ।।
करि जिन पूजा अष्ट विध, भाव भगति मन लाय ।
मोती सुत अस्तुति करें, हाथ जोरि शिर नाय ।।७।।

स्तुति लावनी ।

प्रभू नहिं समरथ है कोई,
जगसमुद्रयश थारा स्वामी क्यों बरणन होई ।
थके मुनि गणधरसे ज्ञानी,
हमसे मन्द कहा कह सकते बुधिकरि अज्ञानी ।।
यही उर जानत हैं दीना,
अगमअपार कहो जिनमहिमा वरणे को हीना ।
प्रभू तुम त्रिभुवनके नाथा,
जगचंद्रोपमचूड़ामणिसम परमधरम दाता ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करम तुम चूरण कर डारे,
जय शिवकामिनिकन्त जिनेश्वर सबहीके प्यारे।
प्रभू तुम अगणित बलधारी,
अतुलअनन्तचतुष्टयधारक सबको सुखकारी ॥
प्रभू तुम तपलक्ष्मीधरता,
धरमधुरधुंर धीर जिनेश्वर स्वर्गमुक्ति करता।
प्रभू तुम रत्नत्रयधारी,
तारणतरण जिनेश्वरस्वामी सबको हितकारी ॥
प्रभू तुम संशयमदहारी,
निर्विकार निर्दोष जिनेश्वर गुणअनन्तधारी।
प्रभू तुम कामसुभटविजई,
धर संयम व्रतपाल जिनेश्वर चरितदलसजई ॥
प्रभू तुम मोहमल्ल मारो,
क्रोधमानमायाकों त्यागो शिवपदको धारो।
प्रभू गुणसागर है भारी,
ज्ञानजहाज बैठके गणधर पहुँचे नहिं पारी ॥
प्रभू गुणकीरतिबेलि बढ़ी,
यतन विन जगमंडपऊपर आपुहितें जु चढ़ी।
कुदेव यश अब जो नित चाहैं,
पै अपने घरहीके भीतर यशको नहिं लाहैं ॥
प्रभू तुम सबको सुखदाई,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जन्मजन्मके पाप कटतहैं तुमरे गुणगाई ।
जगतमें बहु पदार्थं जानो,
सुरतरुचिंतामणि पारसहै नवनिधिको मानो ।।
अरे इक भव जानो भाई,
जे नियोग ये जियको होई किंचित सुखदाई ।
करें जो प्रभुचरणन सेवा,
जनम जनम सुखदायकप्रभुजी तुमहीहोदेवा ।।
तुमहिं हो कृपानाथ स्वामी,
तुमबांधव जगतात दयानिधि अन्तरकेजामी ।
प्रभू तुम सब शुभके दाता,
जगजीवनको पार लगावत देते सुखदाता ।।१०।।
प्रभु तुम गुणरत्ननखाना,
तुम पुनीत समदर्शी प्रभुजी तुमही सब जाना ।
प्रभु बिन तीनकालमाहीं,
नहिं नहिं शरण जीवको कोई या जगके माहीं ।।
प्रभु तुम करुणानिधि नाथा,
तुमसनमुख हम ठाढ़े निशिदिन जोरे जुगहाथा ।
होय नहिं जबलौं निरबाना,
जगनिवास छूटै अब नाहीं दुखको जोदाना ।।
प्रभु तुम चरणाम्बुजवासा,
भवभव मिलै, करत या अरजीहै 'जवार' दासा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

और नहिं मांगत प्रभु तुमसो,
हैं दयाल दीजै वरदाना खुशी होयहमसों ॥१३॥

दोहा ।

त्रिभुवनपति अरजी सुनो, कृपानाथ गुणखान ।
भवसागरतें काढ़िये, शिवपददे भगवान ॥१॥

अथ बैसाख वदी नवमी शुभ जानिये ।
शुक्रवारके दिना समापत मानिये ॥
कवसु नवको अङ्क एक अब फिर लिखो ।
सम्वत यही प्रमाण सरस मनमें लखो ॥

दोहा ।

जे नर नारी भावसों, पूजैं श्रीजिनदेव ।
नाना बिध सुख भोगके, पावे शिव स्वयमेव ॥२॥
तिहँको इक दृष्टान्तहै, सुनो भव्य जन लोय ।
श्रद्धातैं पूजा करै रत्न समान जु होय ॥३॥
बिन श्रद्धा पूजा करैं, कांच समानसु जान ।
रतन बड़ो है मोल्ल को, थुरमोलो कांच समान ॥४॥
बहुत करी तो क्या भई, भाव न मनमें लाय ।
श्रद्धा से थोरी करौ, पावे पद सुख दाय ॥५॥
श्रद्धा सैं थोरी करौ, लेहु बहुत कर मान ।
प्रापति हौवै पुण्यकी, पावे पद निरबान ॥६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुच्छ बुद्धि मेरी सही पंडित करो विचार।
भूल चूक अब होय जो, लीज्यो चतुर सुधार॥

सवैया ३१ मात्रा।

शुद्ध करनको ज्ञान न मोमैं, तातैं शोधि पढ़ौ धीमान।
क्षमाभाव मो ऊपर कीजौ, सतपुरुषनकी यही सुबान॥
रक्षा तैलऽरुजलतैं कीजै, पावकहूतैं दूरि सुजान।
मूरख हस्त न दीजौ कबहूं, हाथजोरि बिनती मो मान॥१॥

वैशाख वदी ९ शुक्रवार संवत् १८९१ को पूर्ण करी।

श्री रक्षाबन्धन (सलूना) पूजा

प्रथम श्री अकंपनाचार्यादि सप्तशत मुनि पूजा प्रारभ्यते

अडिल्ल छन्द।

श्री अंकपन आदि सबे मुनि सातसं। करबिहार हथनापुर आये सातसै॥ तहाँ भयो उपसर्ग बड़ो दुखकारजू। शांतभाव से सहन कियो मुनिराज जू॥१॥ मितिजु पन्द्रस श्रावन शुक्ल प्रमानिये। ध्यानारूढ सुतिष्ट सर्वमुनि मानिये॥ हुए उपसर्ग जुदूर धन्य घड़ी आजजी। नित प्रति शीश नमाय पूज मुनिराजजी॥२॥ तिनकी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूजा रचूं भाव अरु भक्ति से। दिवस सलूना भयो यही इस युक्ति से ।। आह्वानन संस्थापन सन्निधि कर्णजी। तिष्ठ गुरु इत आय करूँ पद अर्चजी ।।३।।

ॐ ह्रीं श्री अकंपनाचार्यादि सप्तशतमुनीश्वराः समूह अत्र अवतर अवतर संवौषट्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। अत्रमम सन्निहितो भव भव वषट् ।।

चाल जोगीरासा।

शीतल प्राशुक उज्ज्वल जल ले, कंचन झारी लाऊँ जन्म जरा मृतु नाश करन को, तुमरे चरण चढ़ाऊँ ।। श्री अकंपन गुरु आदि दे, मुनिसप्तसै जानों। तिनकी पूज रचूं सुखकारी, भवभव के अघहानों ।।

ॐ ह्रीं श्री अकंपनाचार्यादिसप्तशत मुनिभ्यो जलं ।।

चंदनकेसर मिश्रित करके, नीको चन्दन लाऊँ। भव आताप जु दूर करन को, गुरु के चरण चढ़ाऊँ ।। श्री अकंपन गुरु० ।। चन्दनं ।। चन्द्रकिरणसम उज्वल अक्षत, भावभक्ति से लीने। पुंज मनोहर श्रीगुरु सन्मुख, श्रद्धा करजु धरीजे ।। श्री अकंपन गुरु० ।। अक्षतान् ।। बेल चमेली श्री गुलाब के ताजे पुष्प सु लाऊँ। काम बाण के नाश करन को श्री गुरु चरन चढ़ाऊँ ।। श्री अकंपन गुरु० ।। पुष्पं ।। गुंजा फेनी मोदक लाडू, ताजे तुरत बनाऊँ। श्री गुरुवर के चरन चढ़ाकर, हर्ष हर्ष गुण गाऊँ ।। श्री अकंपन गुरु० ।। नैवेद्यं ।। घृत कपूर की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उत्तम जोतिसु, स्वर्ण कटोरी धारूँ। श्री मुनिवर की पूज करूँ मैं मोह कर्म को जारूँ ।। श्री अकंपन गुरु० ।। दीपं ।। धूप सुगन्ध सुवासित लेकर, धूपायन में खेऊँ। अष्ट कर्म के नाश करन को, आनन्द मंगल लेऊँ ।। श्री अकंपन गुरु० ।। धूपं ।। लोंग लायची श्रीफल पिश्ता, अरु बादाम मंगाऊँ। सेव संतरा खट्टा मीठा, श्रीगुरु चरन चढ़ाऊँ ।। अकंपन गुरु० ।। फलं ।। जल फल आठों द्रव्य मिलाकर, भावभक्ति से लाया। हे गुरु हमको भवसे तारो, ताते चरन चढ़ाया ।। श्री अकंपन गुरु० ।। अर्घं ।।

अथ जयमाला ।

दोहा ।

अकंपन मुनि आदि सब, सप्त सैकड़ा जान ।
तिनकी यह जयमाल सुनि भाषा करूँ बखान ।।

चौपाई ।

जीव दया पाले गुरु स्वामी, दे धर्मोपदेश बहुनामी ।
छहों काय की रक्षा पाले, तपकर आठ कर्म को टाले ।।
झूंठ न रंच मात्र मुख बोले, जो मन होय बचन सो खोले ।
महा सत्य व्रत के मुनि धारी, तिनके पाँयन धोक हमारी ।।
तृण जल भी अदत्त नहिं लेवे, धन कंचन सब तृण सम जोवे ।
महा अचौर्य व्रत के गुरु धारी, तिनके पाँयन धोक हमारी ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अठारह सहस शीलके भेदा, निर्भय धारन हो सु अखेदा।
शील महाव्रत के मुनि धारी, तिनके पाँयन धोक हमारी।।
चौबिस भेद परिग्रह गाये, सर्व त्याग बनवास कराये।
परिग्रह त्याग महाव्रत धारी, तिनके पाँयन धोक हमारी।।

पद्धड़ी छन्द।

सुभावत भावन बारह नित्त, विचारत धर्म सदा सुपवित्त।
जय ग्यारह अंगसु पढ़त पाठ, संसार भोग को त्याग ठाठ।।
पञ्चेन्द्रिय दमन करे महान, मन वचन कायकर शुद्ध ध्यान।
जय मुनिवर वन्दो शान्त चित्त, संसार देह भोगन विरत्त।।
जय मौन धारि मुनि तपकरंत, तब कर्म काठ सबही जरंत।
जय आनँद कन्द विधान रूप, जय ध्यावत गुरु आतम सरूप।।
संसार कष्ट काटो मुनीन्द्र, तुम चरन नमें सब देव इन्द्र।
जय मुनिवर वन्दों कर्मकाट, शिवनारि वरनका करत ठाट।।
मैं अल्पमती अज्ञान बुद्ध, प्रभु क्षमा करो जो हो अशुद्ध।
रघुवर सुत वंदत शीशनाय, श्री गुरुके गुण गाये बनाय।।

घत्ता।

मुनि सब गुण धारं, जग उपकारं कर भव पारं सुखकारं।
कर कर्म जु नाशा आतम शासा, सुख परकाशा दातारं।।

ॐ ह्रीं अकंपनादि सप्तशत मुनिभ्यो महार्घं।।

दोहा।

भक्ति भाव मन लायकर, पूजे बांचे जोय।
बाबूलाल सु स्वर्ग पद, निश्चय ताको होय।।

इत्याशीर्वाद।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री विष्णुकुमार मुनि की पूजा

अडिल्ल छन्द ।

विष्णुकुमार मुनीश्वर को ऋद्धि भई, नाम विक्रिया तास सकल आनन्द ठई । सो मुनि आये हथनापुर के बीच में, मुनी बचाये रक्षा कर बन बीच में ।।१।। तहाँ भयो आनन्द सर्व जीवन घनो, जिम चिन्ता मणिरत्न रंक पायो मनो । सब पुर जै जै कार शब्द उचरत भये, मुनि को देय अहार आप करते भये ।।२।।

ॐ ह्रीं श्री विष्णुकुमार मुनि अत्र अवतर अवतर संवौषट् । अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः । अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

अथाष्टकं ।

चाल सोलह कारन पूजा की ।

गंगा जल सम उज्वल नीर, पूजों विष्णुकुमार सुधीर । दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर जान, रक्षा करी विष्णु भगवान । दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ।।१।।

ॐ ह्रीं श्री विष्णुकुमार मुनयेनमः जलं ।।

मलयागर चन्दन शुभ सार, पूजों श्री गुरुवर निर्धार दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनि० ।। चंदनं ।। श्वेत अखंडित अक्षत लाय, पूजों श्री मुनिवर के पाय दयानिधि हो, जय जगबन्धु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर० ।। अक्षतान् ।। कमल केतकी पुष्प चढ़ाय, मेटो काम बाण दुखदाय, दयानिधि हो, जय जगबन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर० ।। पुष्पं ।। लाडू फेनी घेवर लाय, सब मोदक मुनि चरन चढ़ाय, दयानिधि हो, जय जगबन्धु दया-निधि हो ।। सप्त सैंकडा मुनिवर० ।। नैवेद्यं ।। घृत कपूर का दीपक जोय, मोह तिमिर सब जावे खोय, दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर० ।। दीपं ।। अगर कपूर सु धूप बनाय, जारें अष्ट करम दुखदाय, दयानिधि हो जय जग बन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर० ।। धूपं ।। लोंग लायची श्री फल सार, पूजों श्री मुनि सुख दातार, दयानिधि हो जय जगबन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा मुनिवर० ।। फलं ।। जल फल आठों दरब संजोय श्री मुनिवर पद पूजों दोय, दयानिधि हो, जय जग बन्धु दयानिधि हो ।। सप्त सैंकड़ा ।। अर्घं ।।

दोहा ।

श्रावण सुदी सु पूर्णिमा मुनि रक्षा दिन जान ।
रक्षक विष्णुकुमार मुनि, तिन जयमाल बखान ।१।

चाल छन्द–भुजंग प्रयान

श्री विष्णु देवा, करूं चर्णसेवा । हरो जग की बाधा सुनो टेर देवा ।। सुगजपुर पधारे महा सुखकारी,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धरो रूप बासन सु मन में विचारी ॥ २ ॥ गये पास बलि के हुवा वो प्रसन्ना, जो मांगो सो पावो दिया ये बचन्ना ॥ मुनी तीन डग मांगि धरनी सु तापै, दई ताने तत्क्षण सु नहिं ढील थापै ॥ ३ ॥ करी विक्रिया मुने सु काया बढ़ाई, जगह सारी लेली सु डग दो के माहीं ॥ धरी तीसरी डग सु बलि पीठ माही, सु मांगों क्षमा तब ब्रली ने बनाई ॥ ४ ॥ जल की सु वृष्टि करी सुखकारी, सरब अग्नि क्षण में भई भस्म सारी ॥ टरे सर्व उपसर्ग श्री विष्णुजी से भई जै जै कारा सरव नग्र ही से ॥५॥

चौपाई ।

फिर राजा के हुक्म प्रमान । रक्षा बंधन बन्धी सुजान ॥ मुनिवर घर घर कियो बिहार । श्रावक जन तिन दियो अहार ॥६॥ जा घर मुनि महीं आये कोय । निज दरवाजे चित्र सुलोय ॥ स्थापन कर तिन पूज रचाय । फिर सब भोजन कियो बनाय ॥७॥ तब से नाम सलूना सार, जैन धर्म का है त्योहार ॥ शुद्ध क्रिया कर मानों जीव । जासो धर्म सु बढ़े अतीव ॥८॥ धर्म पदारथ जग में सार, धर्म बिना झूंठो संसार ॥ सावनसुद पूनम जब होय, यह दो पूजन कीजे लोय ॥९॥ सब भाइन को दो समझाय, रक्षा बंधन कथा सुनाय । पर्व प्रवर्तक विष्णुकुमार, तिनकी भक्ती हृदय में धार ॥१०॥ सब के रक्षा बन्धन बांध, जैन मुनिन की रक्षा साध ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस विधि से मानों त्यौहार, नाम सलूना जग में सार ॥११॥ या पूजन कवि नहिं रची कोय। जो रची देख पाई न सोय ॥ तातें या पूजन रची सार। पढ़ियो सुभव्य भूले सम्हार ॥१२॥ श्री विष्णु गुरु के चरण दोय, तनुज नमें नित मन संजोय ॥ "नगले सरूप" वासी जु दास, मुनि चरन सेव की करत आस ॥१३॥

घत्ता

मुनि दीन दयाला, सब दुख टाला, आनन्द माला सुखकारी ॥ रघु सुत नित बन्दे, आनन्द कन्दे, सुख करंदे हितकारी ॥१४॥ महार्घं।

दोहा।

विष्णु कुमार मुनीचरन, जो पूजे धर प्रीति।
रघु सुत पावे स्वर्गपद, लहे पुण्य नवनीत ॥

इत्याशीर्वादः

अथ पंचपरमेष्ठी जयमाला (प्राकृत)

मणुय-णाइंद-सूरधरियछत्तत्तया, पंचकल्लाणसुक्खावली पत्तया। दंसणं णाण झाणंअणंतं बलं, ते जिणादिंतु अम्हं बरं मंगलं ॥ जेहि झाणग्गिवाणेहिं अइथद्धयं, जम्मजरमरण णयरत्तयं दद्धयं। जेहिं पत्तं सिवं सासयं ठाणयं, ते महा दिंतु सिद्धा वरं णाणयं ॥ पंचहाचारपंचग्गिसंसाहया, बारसंगाइ सुयजलहिं अवगाहया। मोक्खलच्छी महंती

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महंते सया, सूरिणो दिंतु मोक्खं गया संगया । घोर संसारभीमाडवीकाणणं, तिक्खवियरालणहपावपंचाणणे ।। णट्ठमग्गाण जीवाण पहदेसया, बंदिमो ते उवज्झाय अम्हे सया । उग्गतवयरणकरणेहिं झीणं गया, धम्मवर झाणसुक्केक्कझाणं गया । णिब्भरं तवसिरीए समालिं गया, साहओ ते महामोक्खपहमग्गया । एण थोतेण जो पंचगुरु बंदए, गुरुयसंसारघणवेल्लि सो छिंदए । लइइ सो सिद्धसुक्खाइ वरमाणणं, कुणइकम्मिंधणं पुंजपज्जालणं ।

आर्य्या ।

अरिहा सिध्दाइरिया, उवज्झाया साहु पंचपरमेष्ठी ।
एयाण णमुक्कारो, भवे भवे मम सुहं दिंतु ।।

ॐ ह्रीं अर्हंत्सिद्धाचार्योपाध्याय सर्व साधुपंचपरमेष्ठिभ्योऽर्घ्यं ।

इच्छामि भंते पंचगुरुभत्ति काओसग्गो कओ, तस्सालोचेओ अट्ठमहापाडिहेरसंजुत्ताणं अरहंताणं । अट्ठगुणसंपण्णाणं उडढलोयम्मि पइट्ठियाणं सिद्धाणं । अट्ठपवयणमाउसंजुत्ताणं आइरियाणं । आयारादिसुदणाणोवदेसयाणं । उवज्झायाणं । तिरयणगुणपालणरयाणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अच्चेमि पूज्जेमि बंदामि णमस्सामि, दुःक्खक्खओ कम्मक्खओ बोहिलाहो सुगइगमणं समाहिमरणं जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं ।

यहां पंच महा गुरु भक्ति कार्योत्सर्ग करे ।

(इत्याशीर्वाद. । पुष्पांजलिं क्षिपेत्)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथ शान्तिपाठः प्रारभ्यते ।

(शान्तिपाठ बोलते समय दोनों हाथों से पुष्पवृष्टि करते रहना चाहिये)

शांतिजिनं शशिनिर्मलवक्त्रं, शीलगुणव्रतसंयम पात्रम् ।
अष्टशतार्चितलक्षणगात्रं, नौमिजिनोत्तम मम्बुजनेत्रम् ।१।
पंचमभीप्सितचक्रधराणां, पूजितमिन्द्र नरेन्द्र गणैश्च ।
शान्तिकरंगणशान्तिमभीप्सुः,षोडषतीर्थंकरं प्रणमामि ।२।
दिव्यतरुः सुरपुष्पसुवृष्टि दुन्दुभिरासनयोजनघोषौ ।
आतपवारणचामरयुग्मे, यस्य विभातिच मण्डलतेजः ।३।
तं जगदर्चितशान्तिजिनेन्द्रं, शान्तिकरं शिरसा प्रणमामि ।
सर्वगणाय तु यच्छतु शान्तिं, मह्यमरं पठते परमांच ।४।

बसन्त तिलका छन्द ।

येऽभ्यर्चिता मुकुटकुण्डलहाररत्नैः ।
शक्रादिभिः सुरगणैः स्तुतपादपद्माः ।।
ते मे जिनाः प्रवरवंशजगत्प्रदीपास् ।
तीर्थंकराः सततशान्तिकरा भवन्तु ।।५।।

संपूजकानां प्रतिपालकानां, यतीन्द्रसामान्यतपो धनानाम् ।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु शांतिं भगवत जिनेन्द्र ।।

(जलधारा ३ बार छोड़नी चाहिये)

स्रग्धरावृत्तम् ।

क्षेमं सर्वप्रजानां प्रभवतु बलवान धार्मिको भूमिपालः
काले काले च सम्यग्वर्षंतु मघवाव्याधयो यान्तु नाशम् ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुर्भिक्षं चौरमारी क्षणमपि जगतां मास्म भूज्जीवलोके ।
जैनेन्द्रं धर्मचक्रं प्रभवतु सततं सर्व सौख्यप्रदायि ॥७॥

अनुष्टुप ।

प्रध्वस्तघातिकर्माणः केवलज्ञान भास्कराः ।
कुर्वन्तु जगतः शान्तिं वृषभाद्या जिनेश्वराः ॥८॥

(चन्दन की धारा ३ बार छोड़नी चाहिये)

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः ।

अवेष्ठ प्रार्थना ।

शास्त्राभ्यासो जिनपतिनुतिः संगतिः सर्वदार्यैः ।
सद्‌वृत्तानां गुणगणकथा, दोषवादे च मौनम् ॥
सर्वस्यापि प्रियहितवचो, भावना चात्मतत्त्वे ।
सम्पद्यं तां मम भवभवे, यावदेतेऽपवर्गः ॥९॥

आर्यावृत्तम ।

तव पादौ मम हृदये, मम हृदयं तव पदद्वये लीनम् ।
तिष्ठतु जिनेन्द्र! तावद्यावन्निर्वाण सम्प्राप्तिः ॥१०॥
अक्खरपयत्थहीणं मत्ताहीणं च जं मए भणियं ।
तं खमउ णाणदेव य मज्झवि दुःक्खक्खयं दिंतु ॥११॥
दुक्खखओ कम्मखओ समाहिमरणं चं बोहिलाहो य ।
मम होउ जगत-बान्धव तव जिणवर चरणसरणेण ॥१२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शान्तिपाठ भाषा ।

चौपाई ।

शांतिनाथ मुख शशि उनहारी, शील गुण व्रत संजम धारी । लखन एकसौ आठ विराजें, निरखत नयन कमलदल लाजै ।।१।। पंचमचक्रवर्तिपदधारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी । इन्द्रनरेन्द्र पूज्य जिननायक, नमौं शांतिहित शांतिविधायक ।।२।। दिव्य विटपि पहुपनकी वरसा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा । छत्र चमर भामंडल भारी, ये तुव प्रतिहार्य मनहारी ।।३।। शांति जिनेश शांति सुखदाई, जगतपूज्य पूजों सिरनाई । परम-शांति दीजे हम सबको, पढ़ें तिन्हें पुनि चार संघको ।।४।।

वसन्ततिलका ।

पूजें जिन्हें मुकुट हार किरीट लाके ।
इन्द्रादिदेव अरु पूज्य पदाब्ज जाके ।।
सो शांतिनाथ वरवंशजगत्प्रदीप ।
मेरे लिये करहिं शांति सदा अनूप ।।५।।

इन्द्रवज्रा ।

संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनको औ यतिनायकों को । राजा प्रजा राष्ट्र सुदेशको ले, कीजे सुखी हे जिन शांतिको दे ।।६।।

(जलधारा ३ बार छोड़नी चाहिये)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्त्रग्धरा ।

होवे सारी प्रजाको सुख बलयुत हो धर्मधारी नरेशा ।
होवे वर्षा समैपै तिलभर न रहे व्याधियोंका अंदेशा ।।
होवे चोरी न जारी सुसमय वरतै हो न दुष्काल मारी ।
सारेही देश धारें जिनवर वृषको जो सदा सौख्यकारी ।।

दोहा ।

घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज ।
शांति करें सो जगतमें, वृषभादिक जिनराज ।।८।।

(चन्दन की धारा ३ वार छोड़ना चाहिये)

मन्दाक्रान्ता ।

शास्त्रोंका हो पठन सुखदा लाभ सत्संगतीका ।
सद्‌वृत्तोंके सुगुन कहके, दोष ढांकूं सभीका ।।
बोलूं प्यारे वचन हितके, आपको रूप ध्याऊं ।
तौलौं सेऊं चरन जिनके मोक्ष जौलौं न पाऊं ।।९।।

आर्या ।

तुवपद मेरे हियमें ममहिय तेरे पुनीत चरणोंमें ।
तबलों लीन रहें प्रभु, जबलों पाया न मुक्तिपद मैंने ।।१०।।
अक्षरपद मात्रा से, दूषित जो कछु कहा गया मुझसे ।
क्षमा करो प्रभु सो अब, करुणा करि पुनि छुडाहु भवदुखसे ।।
हे जगबंधु जिनेश्वर पाऊं तवचरण शरण बलिहारी ।
मरणसमाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी ।।

परिपुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाषा स्तुति पाठ ।

तुम तरनतारन भवनिवारन, भविकमनआनंदनो ।
श्रीनाभिनंदन जगतवंदन, आदिनाथ निरंजनो ॥१॥
श्री आदिनाथ अनादि सेऊं, सेय पदपूजा करूं ।
कैलासगिरिपररिषभजिनवर, पदकमल हिरदे धरूं ॥२॥
तुम अजितनाथ अजीत जीते, अष्टकर्म महाबली ।
यह विरद सुनकर सरन आयो, कृपा कीजे नाथजी ॥३॥
तुम चंद्रवदन सु चन्द्रलच्छन, चंद्रपुरिपरमेश्वरो ।
महासेननंदन जगतवंदन, चंद्रनाथ जिनेश्वरो ॥४॥
तुम शांति पांच कल्याण पूजूं, शुद्धमनवचकायजू ।
दुर्भिक्ष चोरीपापनाशैं, विघन जाय पलायजू ॥५॥
तुम बालब्रह्म विवेकसागर, भव्यकमलविकाशनो ।
श्रीनेमिनाथ पवित्र दिनकर, पापतिमिर बिनाशनो ॥६॥
जिन तजी राजुल राजकन्या, कामसैन्या वश करी ।
चारित्र रथ चढ़ि भये दूलह, जाय शिवरमणी वरी ॥७॥
कंदर्प दर्प सुसर्पलच्छन, कमठ शठनिर्मद कियो ।
अश्वसेननन्दन जगतवंदन, सकलसंघ मंगल कियो ॥८॥
जिन धरी बालक पणे दीक्षा, कमठमानविदारकैं ।
श्रीपार्श्वनाथ जिनेन्द्रके पद, मैं नमों सिरधारकैं ॥९॥
तुम कर्मघाता मोक्षदाता, दीन जानि दया करो ।
सिद्धार्थनंदन, जगतवंदन महावीर जिनेश्वरो ॥१०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्रय छत्र सोहे सुर नर मोहै वीनती अब धारिये ।
कर जोड़ि सेवक वीनवै प्रभु, आवागमन निवारिये॥११॥
अब होउ भव भव स्वामि मेरे, मैं सदा सेवक रहूं
कर जोड़ यो बरदान मांगूं, मोक्षफल जावत लहूँ ॥१२॥
जो एकमाहीं एक राजै, एकमाँहि अनेकनो ।
इक अनेककी नहीं संख्या, नमो सिद्धनिरंजनो ॥१३॥

अथ विसर्जनम् ।

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि शास्त्रोक्तं न कृतं मया ।
तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादाज्जिनेश्वराः ॥१॥
आव्हाननं नैव जानामि नैव जानामि पूजनं ।
त्वद् भक्त्यं न जानामि क्षमस्व परमेश्वर ॥२॥
मंत्रहीनं क्रियाहीनं द्रव्यहीनं तथैव च ।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव रक्ष रक्ष जिनेश्वर ॥३॥
सर्व मंगल मांगल्यं सर्व कल्याण कारकम् ।
प्रधानं सर्वधर्माणाम् जैनं जयतु शासनम् ॥४॥

पुष्पांजलिं क्षिपेत् ।

चौपाई ।

मैं तुम चरणकमलगुणगाय,बहुविधि भक्ति करूं मनलाय ।
जनम जनम प्रभु पाऊं तोहि, यह सेवाफल दीजे मोहि ॥
कृपा तिहारी ऐसी होय, जामन मरन मिटावो मोय ।
बार बार मैं विनती करूं, तुम सेयें भवसागर तरूं ॥१५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाम लेत सब दुख मिट जाय, तुमदर्शन देख्या प्रभुआय ।
तुम हो प्रभु देवन के देव, मैं तो करूं चरण तव सेव ।।
मैं आयो पूजन के काज, मेरो जनम सफल भयो आज ।
जो मुझ सेवक की अरदास, सो सब रही ज्ञान में भास ।।
याते नहिं कुछ कहनी परे। तुमही ते सब कारज सरे ।।
तुमरागुणांको स्वामी अंत न पार तुम बिन कौन लगावे पार।।
तार तार बिल मत कर देव एही विरद सुन तारनएव ।।
पूजा करके नवाऊं शीस। मुझ अपराधक्षमहुँ जगदीश ।।

दोहा ।

दर्शन करते देवका, आदि मध्य अवसान ।
स्वर्गन के सुख भोगकर, पावे मोक्ष निदान ।।
जैसी महिमा तुमविषैं और धरे नहिं कोय ।
जो सूरज में ज्योति है तारन में नहिं सोय ।।
नाथ तिहारे नाम तैं अघ छिनमांहि पलाय ।
ज्यों दिनकर परकाशतैं, अंधकार विनशाय ।।
बिनु मतलब बहुते अधम, तार दिये स्वमेव ।
ज्यों मेरा कारज सफल कर देवन के देव ।।
बहुत प्रशंसा क्या करूं, मैं प्रभु बहुत अजान ।
पूजाविधि जानू नहीं, सरन राखि भगवान ।।

आगम अभ्यास चाहूँ सेवा सर्वज्ञ तेरी संगति सदैव मिलो साधर्म्मी जननकी। संतनि के गुणन को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बखान यह बान परो मेटो टेब देव पर औगुन के कथन की ॥ सबही सों ऐन सुख दैन मुख बैन भाषूं–भावना त्रिकाल राखूं आत्मिक धन की । जौलों कर्म काक खोलूं मोक्ष के कपाट तोलों एही बात हूजो प्रभू पूजो आस मन की ॥

इति भाषास्तुतिपाठ समाप्त ।

शिक्षाप्रद भजन, कीर्तन और प्रभात फेरियां

(१)

जगत में शील से बढ़कर, न कोई भी सहारा है ।
मिली जिसको शरण इसकी; बना वोही सितारा है ॥
सती सीता ने जब इसको, वचन मन काय से पाई ।
जमीं थर्रा उठी थर थर; अनल जलरूप धारा है ॥
सती सोमा की क्या पूछो; जगत में नाम है रोशन ।
सर्प से माल होजाना; शील व्रत का नजारा है ॥
युधिष्ठर, भीम, अर्जुन से, बली भू पर हुए सारे ।
सभी ने शीलव्रत से ही, महाव्रततप सम्हारा है ॥
दिखा दी द्रोपदी ने भी, जगत को शील की महिमा ।
थका वह दुष्ट दुःशाशन, न पाया चीर पारा है ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अगर तुम चाहते "मुन्ना" जगत में वीर सम बनना।
तो अब भी शीलव्रत धारो, यही भव सिंधु तारा है ॥

(२)

उठो वीरो! पड़े क्या हो, तुम्हें अब काम करना है।
तुम्हें निज जाति के खातिर, खुशी से आज मरना है।
अगर पीछे हटे कुछ भी, तो तुम कायर कहाओगे।
दिखादो आज दुनियां को, न आता हमको डरना है ॥
हैं हम उस वीर की संतान, कि जो दुनियां के रहवर थे।
उन्हीं के मार्ग के कांटे, हमें अब दूर करना है ॥
हा! अपनी जाति के दुःखियों के दुःख को जो नहीं हरते।
हमें ऐसे अकर्मण्यों में, पौरुष आज भरना है ॥
पड़े क्या चद्दरा ताने, जरा ऊपर को तो देखो।
निकल सूरज गया तुम्हारा, न उठने का ठिकाना है ॥
जगत की जातियां हिलमिल के, अपने काम में जुटरहीं।
उठो "मुन्ना" कमर कस के, भवोदधि पार करना है ॥

(३)

हमें जैन झण्डा उठाना पड़ेगा।
घर घर में इसको घुमाना पड़ेगा ॥१॥
बहुत सो चुके ख्वा व गफलत से मित्रो।
सोते हुओं को जगाना पड़ेगा ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न समझें इसे धर्म अपना हक़ीकी ।
अजैनों को जैनी बनाना पड़ेगा ॥३॥
इसी जैन झंडे की छाया में इक दिन ।
हजारों को अब तो बुलाना पड़ेगा ॥४॥
बतावें उन्हें जैन कहते हैं किसको ।
शास्त्रों को उनको दिखाना पड़ेगा ॥५॥
यही "प्रेम" की आखरी आरज़ू है ।
छिपा राज इसका बताना पड़ेगा ॥६॥

(४)

हमें जैन झंडा उठाना पड़ेगा,
हाँ, सोते हुओं को जगाना पड़ेगा ।
समझ जो रहे स्वार्थी आज हमको,
उन्हें मार्ग अपना बताना पड़ेगा ॥
बनायेंगे फिर धर्मको विश्वव्यापी,
अजैनों को जैनी बनाना पड़ेगा ।
जो स्वारथमें दीपक बुझा जा रहा है,
उसे आज फिरसे जलाना पड़ेगा ।
नहीं भय 'हरी' कुछ भी आवे मुसीबत,
यही पाठ सबको पढ़ाना पड़ेगा ॥

(५)

वीरो ये जैन झंडा नीचे नहीं झुकाना ।
भूले हुओंको अपना मारग सुगम बताना ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गर वीर पुत्र हो तुम तो वीर पाठ सीखो ।
पढ़कर उदार शिक्षा फिर विश्वको पढ़ाना ।।
अन्यायियों की चोटें सहनी पड़ें अनेकों ।
हटना कदम न पीछे निज खूनको बजाना ।।
परवाह क्या अगर है गर प्राण चले जाँयें ।
पर खुद जयी पताका संसार में उड़ाना ।।
त्रषितों को सहारा हो झण्डेकी लहर अपने ।
'हरि' अपनी प्रतिज्ञा को इस रूपकी बनाना ।।

(६)

श्री जिनेन्द्र कीर्तन—

जिनवर जय जिनवर जय जिनवर जय जिनवर जय ।
तीन लोक हितकारी हो । जन मन रंजन हारी हो ।
तुम हो शान्ति प्रदाता हरदो भय हरदो भय ।।
जिनवर जय जिनवर जय ।।१।।
सीता के उपकारी तुम हो । अंजन के अघहारी तुम हो
कीजे शीघ्र हमारे अघ का क्षय अघ का क्षय ।
जिनवर जय जिनवर जय ।।२।।
अजा नकुल गज नाग उबारे । भक्त जनों के संकट टारे ।
प्रभु भक्ति में करदो सबको लय सबको लय ।
जिनवर जय जिनवर जय ।।३।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पार करो भक्तों की नैया। तुम समान नहिं और खिवैया।
"सिद्धि" मिलकर बोलो। जिनवर जय जिनवर जय।
जिनवर जय जिनवर जय ॥४॥

(७)

वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं।
वीरा कर्मों को जीत महावीर भया वीरा तूं वीरा तूं।
वीरा तूं वीरा तूं।
अपने भक्तों के दिल में मेरे वीर प्रभु भाया तूं भाया तूं
भाया तूं भाया तूं।
जब कि होती थी दुनियाँ में हिंसा बुरी, मूक पशुओं की
गर्दन पै चलती छुरी।
उस वक्त के संकट में आया है तूं आया तूं आया तूं
आया तूं आया तूं।
वीरा कर्मों को जीत महावीर भया महावीर भया
वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं।
आके दुनियां को सत उपदेश दिया, मिटा जीवों का
सारा क्लेश दिया।
"सिद्धि" मुक्ति का मारग लाया तूं लाया तूं।
लाया तूं लाया तूं।
वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं वीरा तूं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(८)

जय वीर कहो महावीर कहो त्रिशलानंदन अतिवीर कहो ।
हर साँस यही झनकार उठे । पृथिवी नभ सब गुंजार उठे ।
प्राणी का प्राण पुकार उठे । जयवीर कहो महावीर०॥१॥
ये दुनियां एक कहानी है । दरिया का बहता पानी है ।
बस दो दिन की जिंदगानी है । जयवीर कहो महावीर०॥२॥
है तीन भुवनका सार यही । जीवों को सुखदातार यही ।
बस लगातार तूं तार यही । जयवीर कहो महावीर०॥३॥
ये संकटमोचन हारा है । भक्तों को तन से प्यारा है ।
"सिद्धि" जिनराज सहारा है । जयवीर कहो महावीर०॥४॥

स्तुति संग्रह

१—दौलतरामकृत स्तुति ।

दोहा ।

सकल ज्ञेय ज्ञायक तदपि, निजानन्दरसलीन ।
सो जिनेन्द्र जयवंत नित, अरिरज रहसविहीन ॥

जय वीतराग विज्ञानपूर । जय मोहतिमिर को हरनसूर ॥ जय ज्ञान अनन्तानन्तधार । दृग सुख वीरज-मण्डित अपार ॥१॥ जय परमशांति मुद्रा समेत । भवि-जनको निज अनुभूति हेत ॥ भविभागनबचजोगेवशाय ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुमधुनि ह्वै सुनि विभ्रम नसाय ।।३।। तुम गुण चिंतत निजपरविवेक, प्रगटैं विघटैं आपद अनेक । तुम जग-भूषण दूषण वियुक्त । सब महिमायुक्त विकल्पमुक्त ।।४।। अविरुद्ध शुद्ध चेतनस्वरूप । परमात्म परम पावन अनूप ।। शुभअशुभविभाव अभाव कोन । स्वाभाविकपरि-णतिमय अछीन ।।५।। अष्टादशदोषविमुक्त धीर । स्व-चतुष्टयमय राजत गम्भीर।। मुनिगणधरादि सेवत महंत । नवकेवललब्धिरमा धरंत ।।६।। तुम शासन सेय अमेय जीव । शिव गए जाहिं जैहैं सदीव । भवसागर में दुख छार वारि । तारनको अवर न आप टारि ।।७।। यह लखि निज दुखगदहरणकाज । तुमही निमित्तकारण इलाज जाने तातैं मैं शरण आय । उचरों निज दुख जो चिर लहाय ।।८।। मैं भ्रम्यो अपनपो विसरि आप, अप-नाये विधिफल पुण्य पाप । निजको परको करता पिछान । पर में अनिष्टता इष्टि ठान ।।९।। आकुलित भयो अज्ञान धारि। ज्यों मृग मृगतृष्णा जानि वारि ।। तनपरिणति में आपो चितार । कबहुं न अनुभयो स्वपदसार ।।१०।। तुमको बिन जाने जो कलेश । पाये सो तुम जानत जिनेश । पशु-नारकनर सुरगतिमझार । भव धर धर मरयो अनंतबार ।।११।। अब काललब्धिबलतैं दयाल । तुम दर्शन पायभयो खुश्याल ।। मन शांत भयो मिटि सकल द्वंद । चाख्यो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वातमरस दुखनिकंद ।।१२।। तातैं अब ऐसी करहु नाथ। बिछुरैं न कभी तुअ चरण साथ। तुम गुण गणको नहिं छेव देव। जग तारन को तुअ विरद एव ।।१३।। आतम के अहित विषय कषाय। इनमें मेरी परिणति न जाय ।। मैं रहूँ आपमें आप लीन। सो करो होउ ज्यों निजाधीन ।।१४।। मेरे न चाह कछु और ईश। रत्नत्रयनिधि दीजे मुनीश। मुझ कारज के कारन सु आप। शिव करहु, हरहु मम मोहताप।।१५।। शशि शांतकरन तपहरन हेत। स्वयमेव तथा तुम कुशल देत। पीवत पीयूष ज्यों रोग जाय, त्यों तुम अनुभवतें भव नशाय ।।१६।। त्रिभुवन तिहुँकाल मंझार कोय। नहिं तुम बिन निज सुखदाय होय। मो उर यह निश्चय भयो आज। दुखजलधि उतारन तुम जिहाज ।।१६।।

दोहा

तुम गुणगणमणि गणपती, गणत न पावहिं पार ।
'दौल' स्वल्पमति किम कहैं, नमूं त्रियोग संभार ।।

२–बुधजनकृत स्तुति।

प्रभु पतितपावन मैं अपावन, चरण आयो शरणजी।
यो विरद आप निहार स्वामी, मेट जामन मरन जी ।।
तुम ना पिछान्या आनमान्या, देव विविध प्रकारजी। या

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बुद्धि सेती निज न जाण्या, भ्रम गिण्यो हितकारजी ॥१॥ भवविकट वनमें करम बैरी, ज्ञानधन मेरो हरयो। तव इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय, अनिष्टगति, धरतो फिरचो ॥ धन घड़ी यो धन दिवस योही, धन जनम मेरो भयो। अब भाग मेरो उदय आयो, दरश प्रभुजी को लखि लयो ॥२॥ छवि वीत-रागी नगनमुद्रा दृष्टि नासापैं धरैं। बसु प्रातिहार्य अनन्त गुणयुत, कोटि रवि छविको हरैं॥ मिट गयो तिमिर मिथ्यात मेरो, उदयरवि आतम भयो। मो उर हरष ऐसो भयो, मनु रङ्क चिन्तामणि लयो ॥३॥ मैं हाथ जोड़ नवाय मस्तक, बीनऊं तव चरनजी सर्वोत्कृष्ट त्रिलोकपति जिन, सुनो तारन तरनजी ॥ जांचूं नहीं सुरवास पुनि नरराज परिजन साथजी। "बुध" जाचहूं तुव भक्ति भव भव दीजिये शिवनाथजी ॥४॥

दुःखहरण विनती।

(शैंरकी रीतिमें तथा और रागनियों में भी बनती है)

श्रीपति जिनवर करुणायतनं,दुखहरन तुमारा बाना है। मत मेरी बार अबार करो,मोहि देहु विमल कल्याना है ॥ टेक ॥ त्रैकालिक वस्तु प्रत्यक्ष लखो, तुमसौं कछु बात न छाना है। मेरे उर आरत जो बरतै,निहचै सब सो तुम जाना है ॥ अवलोक विथा मत मौन गहो, नहिं मेरा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहीं ठिकाना है। हो राजिवलोचन सोचविमोचन, मैं तुमसौं हित ठाना है ।। श्री० ।।१।। सब ग्रन्थनिमें निरग्रंथनिमें, निरधार यही गणधार कही । जिननायक ही सब लायक हैं, सुखदायक सायक ज्ञानमही ।। यह बात हमारे कान परी, तब आन तुमारी सरन गही । क्यों मेरी बार विलंब करो, जिननाथ कहो वह बात सही ।। श्री० ।।२।। काहूको भोग मनोग करो,काहूको स्वर्गविमाना है। काहूको नागनरेशपती, काहूको ऋद्धि निधाना है ।। अब मोपर क्यों न कृपा करते, यह क्या अंधेर जमाना है। इत्तसाफ करो मत देर करो, सुखवृन्द भरो भगवाना है ।। श्री० ।।३।। खल कर्म मुझे हैरान किया, तब तुमसों आन पुकारा है । तुम ही समरत्थ न न्याव करो,तब बंदेका क्या चारा है ।। खल घालक पालक बालकका नृपनीति यही जगसारा है । तुम नीतिनीपुन त्रैलोकपति, तुमही लगि दौर हमारा है ।।श्री ।।४।। जबसे तुमसे पहिचान भई, तबसे तुमहीको माना है । तुमरे ही शासनका स्वामी, हमको शरना सरधाना है।। जिनको तुमरी शरनागत है, तिनसौं जमराज डराना है । यह सुजश तुम्हारे सांचेका, सब गावत वेद पुराना है ।।श्री० ।।५।। जिसने तुमसे दिलदर्द कहा, तिसका तुमने दुख हाना है। अघ छोटा मोटा नाशि तुरत, सुख दिया तिन्हें मनमाना है ।। पावकसों शीतल नीर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किया, और चीर बढ़ा असमाना है। भोजन था जिसके पास नहीं, सो किया कुवेर समाना है ।। श्री० ।। ६ ।। चिंतामन पारस कल्पतरू,सुखदायक ये परधाना है। तब दासनके सब दास यही, हमरे मनमें ठहराना है ।। तुम भक्तनको सुरइंद्रपदी,फिर चक्रपतीपद पाना है । क्या बात कहों बिस्तार बडी,वे पावैं मुक्ति ठिकाना है ।।श्री०।।७।। गति चार चुरासी लाखविषैं, चिन्मूरत मेरा भटका है। हो दीनबन्धु करुणानिधान, अबलौं न मिटा वह खटका है ।। जब जोग मिला शिवसाधनका, तब विघन कर्मने अटका है। तुम विघन हमारे दूर करो सुख देहु निराकुल घटका हैं ।: श्री० ।। ८ ।। गजग्राहग्रसित उद्धार लिया, ज्यों अंजन तस्कर तारा है। ज्यों सागर गोपदरूप किया, मैनाका संकट टारा है ।। ज्यों सूलीतें सिंहासन औ, बेडीको काट बिडारा है। त्यौं मेरा संकट दूर करो, प्रभु मोकू आस सुम्हारा है ।। श्री० ।।९।। ज्यों फाटक टेकत पांय खुला, औ सांप सुमन कर डारा है। ज्यों खड्ग कुसुमका माल किया, बालकका जहर उतारा है ।। ज्यों सेठ विपत चकचूरि पूर,घर लक्ष्मीसुख विस्तारा है। त्यों मेरा संकट दूर करो प्रभु, मोकूं आस तुमारा है ।। श्री० ।।१०।। यद्यपि तुमको रागादि नहीं, यह सत्य सर्वथा जाना है। चिनमूरति आप अनन्तगुनी, नित शुद्धदशा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शिवथाना है ॥ तद्दपि भक्तन की भय भीति हरो, सुख देत तिन्हें जु सुहारा हैं । यह शक्ति अचिंत तुम्हारीका, क्या पावै पार सयाना है ॥ श्री० ॥११॥ दुखखंडन्न श्रीसुखभंडन्नका, तुमरा प्रन परम प्रमाना है । बरदान दया जस कीरतका, तिहुँलोकधुजा फहराना है, कमलाधरजी ! कमलाकरजी ! करिये कमला अमलाना है । अब मेरि विथा अवलोकि रमापति, रंच न बार लगाना है ॥ श्री० ॥१२॥ हो दीनानाथ अनाथहितू, जन दीन अनाथ पुकारी है । उदयागत कर्मविपाक हलाहल, मोह विथा विस्तारी है ॥ ज्यों आप और भवि जीवनकी, ततकाल विथा निरवारी है । त्यों वृन्दावन' यह अर्ज करै प्रभु आज हमारी बारी है ॥१३॥

दोहा ।

प्रभु तुम दीनानाथ हो, मैं अनादि दुख द्वन्द ।
सुनि सेवक की वीनती, हरो जगत दुख द्वन्द ॥

जिनेंद्र स्तुति ।

(चौपाई १६ मात्रा)

जै जगपूज परमगुरु नामी । पतितउधारन अंतर-जामी ॥ दासदुखी तुम अति उपगारी । सुनिये प्रभु ! अरदास हमारी ॥१॥ यह भव-घोर-समुद्र महा है । भुधर-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भ्रम-जल-पूर रहा है। अंतर दुख दुःसह बहुतेरे। ते बड-वानल साहिब मेरे ॥२॥ जनमजरागदमरन जहाँ है। ये ही प्रबल तरंग तहाँ है। आवत विपति नदीगन जामें। मोह महान मगर इक तामें ॥३॥ तिहमुख जीव परयो दुख पावै। हे जिन ! तुम बिन कौन छुडावै। अशरन-शरन अनुग्रह कीजै। यह दुख मेटि मुकति मुहि दीजै ॥४॥ दीरघकाल गया विललावै। अब ये सूल सहे नहिं जावै॥ सुनियत यों जिनशासनमाहीं। पंचमकाल परमपद नाहीं ॥५॥ कारन पांच मिलै जब सारे। तब शिव सेवक जाँहि तिहारे॥ तातै यह विनती अब मेरी। स्वामी ! शरण लई हम तेरी ॥६॥ प्रभु आगे चित चाह प्रकासौं॥ भव भव श्रावककुल अभिलासौं॥ भव भव जिन आगम अवगाहौं। भव भव भक्ति चरणकी चाहौं ॥७॥ भव भवमें सत संगति पाऊँ। भव भव साधनके गुन गाऊँ॥ परनिंदा मुख भूलि ज भाखूँ। मैत्रीभाव सबनसौं राखूँ॥ ॥८॥ भव भव अनुभव आतमकेरा। होहु समाधिमरण नित मेरां॥ जबलों जनम जगतमें लाधौं। काल लब्धि-बल लहि शिवसाधौं ॥९॥ तबलों ये प्रापति मुझ हूजो, भक्ति प्रताप मनोरथ पूजौं॥ प्रभु सब समरथ हम यह लोरैं। 'भूधर' अरज करत कर जोरैं ॥१०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूधरकृत स्तुति।

ढाल परमादी

अहो जगतगुरु एक,सुनिये अरज हमारी। तुम प्रभु! दीनदयाल, मैं दुखिया संसारी ॥ इस भववनके माँहि, काल अनादि गमायौ। भ्रमत चहूं गतिमाँहि, सुख नहिं दुख बहु पायो ॥ कर्म महारिपु जोर,एक न कान करैंजी। मनमानों दुख देंहि, काहूसों न डरैं जी ॥ कबहुं इतर निगोद, कबहूँ नरक दिखावैं। सुर नर पशुगतिमांहि, बहुविधि नाच नचावैं॥ प्रभु! इनके परसंग,भव भवमांहि बुरे जी। जो दुख देखे देव! तुम सौं नांहि दुरेजी॥ एक जनमकी बात, कहि न सकौं सुनि स्वामी। तुम अनंत परजाय, जानत अन्तरजामी ॥ मैं तो एक अनाथ, ये मिलि दुष्ट घनेरे। कियो बहुत बेहाल सुनियौं साहिब मेरे। ज्ञान महानिधि लूटि, रंक निबल करिडारचो। इन्हीं तुम मुझमांहि, हे जिन! अंतर पारचो॥ पाप पुण्यकी दोय, पाँयनि बेडी डारीं। तनकाराग्रहमाहि, मोहि दियो दुख भारी॥ इनको नेक बिगार, मैं कछु नांहि कियो जी। बिन कारन जगबंद्य,बहुविधि वैर लियौजी॥ अब आयौ तुम पास,सुन जिन सुजस तिहारौ। नीति-निपुन महाराज, कीजै न्याव हमारौ॥ दुष्टनि देहु निकास साधुनिको रखि लीजै। बिनवै 'भूधरदास' हे प्रभु ढील न कीजै॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भूधरकृत पार्श्वनाथ स्तुति ।

दोहा

कर जिनपूजा अष्टविधि, भावभक्ति जिन भाय ।
अब सुरेश परमेश थुति, करौं शीश निज नाय ।।

प्रभु इस जग समरथ ना कोय । जासों तुम यश वर्णन होय ।। चार ज्ञानधारी मुनि थकैं । हमसे मंद कहा कहि सकैं ।। १ ।। यह उर जानत निश्चय कीन । जिनमहिमा वर्णन हम हीन । पर तुम भक्तिथकी वाचाल । तिस वश हो गाऊँ गुणमाल ।। २ ।। जय तीर्थंकर त्रिभुवनधनी । जय चंद्रोपम चूड़ामनी ।। जय जय परम धरमदातार । कर्मकुलाचल-चूरनहार ।।३।। जय शिवकामिनिकंत महंत । अतुल अनंत चतुष्टयवंत ।। जय जय आश-भरन बडभाग । तपलछमीके सुभग सुहाग ।।४।। जय जय धर्मध्वजाधर धीर। स्वर्ग-मोक्षदाता वर वीर । जय रत्नत्रय रतनकरंड । जय जिन तारन-तरन तरंड ।।५।। जय जय समवसरन-श्रङ्गार। जय संशयवन-दहन तुषार।। जय जय निर्विकार निर्दोष । जय अनंतगुणमाणिककोष ।। ६ ।। जय जय ब्रह्मचर्यदलसाज । कामसुभटविजयी भटराज ।। जय जय मोहमहातरु करी। जय जय मद कुंजर केहरी।। क्रोधमहानल मेघ प्रचंड । मानमहीधर दामिनिदंड ।। माया वेली धनंजय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दाह । लोभसलिलशोषण-दिननाह ॥८ ॥ तुम गुणसागर अगम अपार । ज्ञान-जहाज न पहुँचे पार ॥ तट हो तट-पर डोलैं सोय । कारज सिद्ध तहाँ नहिं होय, तुम्हरी कीर्ति बेल बहु बढ़ी । यत्न बिना जगमंडप चढ़ी ॥ और कुदेव सुयश निज चहैं । प्रभु अपने थल ही यश लहैं ॥१०॥ जगत जीव घूमैं विन ज्ञान । कीनौं मोहमहा-विषपान ॥ तुम सेवा विषनाशक जरी । यह मुनिजन मिलि निश्चय करी ॥११॥ जन्मलता मिथ्यामत मूल । जनम मरण लागैं तहँ फूल ॥ सो कबहूँ बिन भक्ति कुठार । कटै नहीं दुखफलदातार ॥१२॥ कल्पतरुवर चित्रावेलि । कामपोरषा नवनिधि मेलि ॥ चिंतामणि पारस पाषान । पुण्य पदारथ और महान ॥१३॥ ये सब एक जन्म संजोग । किंचित सुख दातार नियोग ॥ त्रिभुवननाथ तुम्हारी सेव । जन्म जन्म सुख-दायक देव ॥ तुम जगबांधव तुम जगतात । अशरण शरण विरद विख्यात ॥ तुम सव जीवनके रखवाल । तुम दाता तुम परम दयाल ॥ तुम पुनीत तुम पुरुष प्रमाण । तुम समदर्शी तुम सब-जान ॥ जय जिन यज्ञ पुरुश परमेश तुम व्रम्हा तुम विष्णु महेश ॥ तुम जग-भर्ता तुम जगजान । स्वामि स्वयम्भू तुम अमलान ॥ तुम बिन तीन काल तिहुँ लोय । नाहीं शरण जीवको कोय यातैं अब करुणानिधि नाथ । तुम सम्मुख हम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जोड़ें हाथ ।। जबलौं निकट होय निर्वान। जगनिवास छूटै दुखदान ।।

तवलौं तुम चरणांबुज बास। हम उर होउ यही अरदास ।।
और न कुछ बाँछा भगवान। हो दयाल दीजै बरदान।।१९।।

दोहा

इहिविधि इन्द्रादिक अमर, कर बहु भक्ति विधान।
निज कोठे बैठे सकल, प्रभु सम्मुख सुख मान ।।२०।।
जीत कर्मरिपु जे भये, केवल लब्धि निवास।
सो श्रीपार्श्वप्रभू सदा करो, विघ्नघन नास ।।२१।।

जिनवाणी माताकी स्तुति।

शास्त्रजी बाँचनेके बाद बोलनेकी। शिखरिणी छंद।

अकेला ही हूं मैं, करम सब आये सिमटिकें। लिया है मैं तेरा, शरण अब माता सटकिकें।। भ्रमावत है मोकों, करम दुख देता जनमका। करों भक्ति तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ।।१।। दुखी हुआ भारी, भ्रमत फिरता हूं जगत में। सहा जाता नाहीं, अकल घबरानी भ्रमनमें ।। करों क्या मा मोरी, चलत वश नाहीं मिटनका। करों भक्ति तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ।।४।। सुनो माता मोरी, अरज करता हूं दरदमें। दुखी जानों मोकों, डरप कर आयो शरनमें। कृपा ऐसी कीजे, दरद

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिट जावै मरनका। करो भक्ती तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ॥३॥ पिलावै जो मोकों, सुबुधिकर प्याला अमृतका। मिटावै जो मेरा, सरब दुख सारा फिरनका। परों पावां तेरे, हरो दुख सारा फिकरका। करों भक्ती तेरी, हरो दुख माता भ्रमनका ॥४॥

सवैया

मिथ्यातम नाशिवेको ज्ञानके प्रकाशवेको, आपा-परभासवेको भानुसी बखानी है। छहों द्रव्य जानवेको बंधविधि भानवेको स्वपर पिछानवेको परम प्रमानी है ॥५॥ अनुभौ बतायवेको जीवके जतायवेको, काहू न सतायवेको भव्य उर आनी है। जहां तहां तारवेको पारके उतारवेको, सुख विसतारवेको येही जिन-वानी है ॥६॥

दोहा

यह जिनवानीकी थुती, अल्पबुद्धि परमान।
पन्नालाल बिनती करें, दे माता मोहि ज्ञान ॥७॥

हे जिनवानी भारती, तोहि जपौं दिन रैन।
तो तेरा शरना गहै, सो पावै सुख चैन ॥८॥
जा वानी के ज्ञानतैं, सूझै लोकालोक।
सो वानी मस्तक चढ़ो, सदा देत हों धोक ॥९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शारदा स्तवन ।

प्रभाती

केवलिकन्ये वाङ्मय गंगे, जगदंबे अघ नाश हमारे। सत्य स्वरूपे मंगलरूपे, मनमन्दिरमें तिष्ठ हमारे ।।टेक।। जंबू-स्वामी गौतम गणधर, हुये सुधर्मा पुत्र तुम्हारे। जगतैं स्वयं पार ह्वै करके, दे उपदेश बहुत जन तारे ।।१।। कुंद-कुंद अकलंक देव अरु, विद्यानंदि आदि मुनि सारे। तब कुलकुमुद चंद्रमा ये शुभ, शिक्षामृत दे स्वर्ग सिधारे ।।२।। तूने उत्तम तत्व प्रकाशे, जगके भ्रम सब क्षय कर डारे। तेरी ज्योती निरख लज्जावश, रवि शशि छिपते नित्य विचारे। भवभय पीड़ित व्यथित चित्त जन, जब जो आए सरन तिहारे। छिन भरमें उनके तब तुमने, करुणाकरि संकट सब टारे ।।४।। जब तक विषय कषाय नशैं नहिं, कर्मशत्रु नहिं जाय निवारे। तब तक "ज्ञानामंद" रहैं नित, सब जीवनतैं समता धारे ।।५।।

जिनवाणी स्तुति ।

वीर हिमाचलतैं निकरी, गुरु गौतमके मुखकुंड ढरी है। मोहमहाचल भेद चली, जगकी जड़तातप दूर करी है ।। ज्ञान पयोनिधिमाँहि रली, बहु भंगतरंगनिसों उछरी है। ता शुचि शारद गंगनदी प्रति, मैं अंजुलिकर शीश

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धरी है ॥१॥ या जगमंदिरमें अनिवार अज्ञान अंधेर छयो अति भारी। श्रीजिनकी धुनि दीपशिखासम, जो नहीं होत प्रकाशन हारी ॥ तो किसभाँति पदारथ पाँति, कहाँ लहते रहते अविचारी। या विधि संत कहैं धनि है, धनि हैं, जिनबैन बड़े उपकारी ॥२॥

द्यानतरायजी कृत

पार्श्वनाथ स्तोत्र

[भुजंगप्रिया छन्द]

नरेन्द्रं फणीन्द्रं सुरेंद्रं अधीसं। शतेन्द्रं सु पूजें भजें नाय शीसं ॥ मुनीन्द्रं गणेन्द्रं नमै जोड़ि हाथं। नमोदेव देवं सदा पार्श्वनाथं ॥१॥ गजेन्द्रं मृगेन्द्रं गह्यो तू छुड़ावे। महा आग ते नाग ते तू बचावे ॥ महावीर ते युद्ध में तू जितावे। महा रोग ते बन्ध ते तू छुड़ावे ॥२॥ दुखी दुःखहर्त्ता सुखी सुख कर्ता। सदा सेवकों को महानन्द भर्त्ता ॥ हरे यक्ष राक्षस्य भूतं पिशाचं। विषं डाकनी विघ्न के भय अवाचं ॥३॥ दरिद्रीन को द्रव्य के दान दीने। अपुत्रीन को ते भले पुत्र कीने ॥ महा संकटों से निकाले विधाता। सबे सम्पदा सर्व को देहि दाता ॥४॥ महा चोर को वज्र को भय निवारे। महा पौन के पुंज ते तू उवारे ॥ महा क्रोध की अग्नि को मेघ धारा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महा लोभ शैलेश को वज्र भारा ॥५॥ महा मोह अंधेर को ज्ञान भानुं । महा कर्म कान्तार को दो प्रधानं ॥ किये नाग नागिन अधोलोक स्वामी । हरो मान तू दैत्य का हो अकामी ॥६॥ तुही कल्पवृक्षं तुही कामधेनुं । तुही दिव्य चिन्तामणी नाग एनं ॥ पशू नर्क के दुःख से तू छुड़ावे । महा स्वर्ग में मुक्ति में तू बसावे ॥७॥ करैं लोह को हेम पाषाण नामी । रटे नाम से क्यों न हो मोक्षगामी ॥ करे सेव ताकी करे देव सेवा ॥ सुने बैनसो ही लहे ज्ञान मेवा ॥८॥ जपे जाप ताको नहीं पाप लागे धरे ध्यान ता के सबै दोष भागे ॥ बिना तोहि । जाने धरे भव घनेरे । तुम्हारी कृपा तैं सरैं काज मेरे ॥९॥

दोहा

गणधर इन्द्र न कर सके, तुम विनती भगवान ।
द्यानत प्रीति निहार के, कीजे आप समान ॥१०॥इति

मेरी भावना

(पं० जुगलकिशोरजी मुख्तार कृत)

जिसने रागद्वेष कामादिक जीते, सब जग जान लिया ।
सब जीवों को मोक्ष मार्ग का, निस्पृह हो उपदेश दिया ॥
बुद्ध, वीर, जिन, हरि, हर, ब्रह्मा या उसको स्वाधीन कहो[1] ।
भक्ति-भाव से प्रेरित हो, यह चित्त उसी में लीन रहो ॥१॥

१ 'महावीर, अतिवीर, सन्मति, वर्धमान या वीर कहो ।' ऐसा भी पाठ है ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषयों की आशा नहिं जिनके, साम्य-भाव धन रखते हैं।
निज, परके हित साधन में जो, निशि दिन तत्पर रहते हैं॥
स्वार्थ-त्याग की कठिन तपस्या, बिना खेद जो करते हैं।
ऐसे ज्ञानी साधु जगत के, दुख समूह को हरते हैं॥२॥
रहे सदा सत्संग उन्हीं का, ध्यान उन्हीं का नित्य रहे।
उन ही जैसी चर्या में यह चित्त सदा अनुरक्त रहे॥
नहीं सताऊं किसी जीव को, झूठ कभी नहिं कहा करूं।
परधन वनिता[1] पर न लुभाऊं, संतोषामृत पिया करूं॥३॥
अहंकार का भाव न रक्खूं, नहीं किसी पर क्रोध करूं।
देख दूसरों की बढ़ती को, कभी न ईर्षा-भाव धरूं॥
रहे भावना ऐसी मेरी, सरल-सत्य-व्यवहार करूं।
बने जहाँ तक इस जीवन में, औरों का उपकार करूं॥४॥
मैत्री भाव जगत में मेरा, सब जीवों से नित्य रहे।
दीन-दुखी जीवों पर मेरे, उर से करुणा-स्रोत बहे॥
दुर्जन क्रूर-कुमार्गरतों पर, क्षोभ नहीं मुझको आवे।
साम्य-भाव रक्खूं मैं उन पर, ऐसी परिणति हो जावे॥५॥
गुणीजनों को देख हृदय में, मेरे प्रेम उमड़ आवे।
बने जहाँ तक उनकी सेवा, करके यह मन सुख पावे॥
होऊँ नहीं कृतघ्न कभी मैं, द्रोह न मेरे उर आवे।
गुण-ग्रहण का भाव रहे नित, दृष्टि न दोषों पर जावे॥६॥
कोई बुरा कहो या अच्छा, लक्ष्मी आवे या जावे।
लाखों वर्षों तक जीऊँ या, मृत्यु आज ही आ जावे॥
अथवा कोई कैसा ही भय, या लालच देने आवे।
तो भी न्याय मार्ग से मेरा, कभी न पद डिगने पावे॥७॥
होकर सुखमें मग्न न फूले, दुख में कभी न घबरावे।
पर्वत नदी-श्मशान-भयानक, अटवी से नहिं भय खावे॥

१ महिलाएं 'वनिता' के स्थान पर 'पर नर' पढ़ें।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहे अडोल-अकम्प निरंतर, यह मन दृढ़तर बन जावे।
इष्ट वियोग-अनिष्ट योग में, सहनशीलता दिखलावे ॥८॥
सुखी रहें सब जीव जगत के, कोई कभी न घबरावे।
बैर पाप अभिमान छोड़ जग, नित्य नये मंगल गावे ॥
घर घर चर्चा रहे धर्म की, दुष्कृति दुष्कर हो जावे।
ज्ञान-चरित्र उन्नत कर अपना, मनुज-जन्म फल सब पावे ॥९॥
ईति-भीति व्यापै नहिं जगमें, वृष्टि समय पर हुआ करे।
धर्म-निष्ट होकर राजा भी, न्याय प्रजा का किया करे ॥
रोग-मरी-दुर्भिक्ष न फैले, प्रजा शान्ति से जिया करे।
परम अहिंसा-धर्म जगत में, फैल सर्व हित किया करे ॥१०॥
फैले प्रेम परस्पर जग में, मोह दूर पर रहा करे।
अप्रिय कटुक-कठोर शब्द नहिं, कोई मुख से कहा करे ॥
बनकर सब 'युग-वीर' हृदय से, देशोन्नति-रत रहा करे।
वस्तु स्वरूप विचार खुशी से, सब दुख-संकट सहा करें ॥११॥

पाठ संग्रह

(१)

छहढाला।

सोरठा

तीन भुवनमें सार, वीतराग विज्ञानता।
शिवस्वरूप शिवकार नमौं त्रियोग सम्हारिकैं ॥1॥

पहिली ढाल। चौपाई (१५ मात्रा)

जे त्रिभुवनमें जीव अनंत। सुख चाहैं दुखतैं भयवंत ॥
तातैं दुखहारी सुखकारि। कहैं सीख गुरु करुणा धारि ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ताहि सुनो भवि मन थिर आन। जो चाहो अपनो कल्यान।। मोह महामद पियो अनादि। भूलि आपको भरमत वादि ।।३।। तास भ्रमनकी है बहु कथा। पै कछु कहूँ कही मुनि जथा।। काल अनंत निगोद मझार। बीत्यो एकेंद्रिय-तन धार।।४।। एक स्वासमें अठदश बार। जन्म्यो मर्यो भर्यो दुख भार।। निकसि भूमि जल पावक भयो। पवन प्रतेक वनस्पति थयो।।५।। दुर्लभ लहि ज्यों चिंतामणी। त्यों परजाय लही त्रसतणी।। लटपिपीलि अलि आदि शरीर। धरधर मर्यो सही बहु पीर।।६।।कबहूं पंचेंद्रिय पशु भयो। मन बिन निपट अज्ञानी थयो।। सिंहादिक सैंनी ह्वै क्रूर। निर्बल पशु हति खाये भूर।।७।। कबहूं आप भयो बल-हीन। सबलनिकरि खायो अतिदीन।। छेदन भेदन भूख पियास। भारबहन हिम आतप त्रास।।८।। बध बंधन आदिकदुख घने। कोटि जीभतैं जात न भने।। अति संक्लेश भावतैं मर्यो। घोर शुभ्रसागरमें पर्यो।।९।। तहां भूमि परसत दुख इस्यो। बीछू सहस्र डसैं तन तिस्यो।। तहां राधशोणितबाहिनी। कृमिकुलकलित देह-दाहिनी।।१०।। सेमरतरुजुत दल असिपत्र। असि ज्यों देह विदारैं तत्र।। मेरुसमान लोह गलिजाय। ऐसी शीत उष्णता थाय।।११।। तिलतिल करहिं देहके खंड। असुर भिडावैं दुष्टप्रचंड।। सिंधुनीरतैं प्यास न जाय।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तौ पण एक न बूंद लहाय ॥१२॥ तीन लोक को नाज जु खाय। मिटै न भूख कणा न लहाय। ये दुख बहु सागरलौं सहै। कर्मजोगतैं नरतन लहै ॥१३॥ जननी उदर बस्यो नवमास। अंग सकुचतैं पाइ त्रास ॥ निकसत जे दुख पाये घोर। तिनको कहत न आवै ओर ॥१४॥ बालपनेमें ज्ञान न लह्यो। तरुणसमय तरुणीरत रह्यो ॥ अर्धमृतकसम बूढ़ापनों। कैसे रूप लखै आपनो ॥१५॥ कभी अकामनिर्जरा करै भवनत्रिकमें सुरतन धरै ॥ विषय चाह दावानल दह्यो। मरत विलाप करत दुख सह्यो ॥१६॥ जो विमानवासी हू थाय। सम्यकदर्शन बिन दुख पाय ॥ तहँतैं चय थावरतन धरै। यों परिवर्तन पूरे करै ॥१७॥

दूसरी ढाल। पद्धरि छंद।

ऐसे मिथ्या दृगज्ञानचरन। वश भ्रमत भरत दुख जन्म मरण ॥ तातैं इनको तजिये सुजान। सुन तिन संछेप कहूँ बखान ॥१॥ जीवादि प्रयोजनभूत तत्व। सरधै तिन माँहि विपर्ययत्व ॥ चेतनको है उपयोगरूप। बिन मूरति चिनमूरति अनूप ॥२॥ पुदगल नभ धर्म अधर्मकाल। इनतैं न्यारी है जीवचाल ॥ ताकों न जान विपरीत मान। करि, करै देहमें निज पिछान ॥३॥ मैं सुखी दुखी मैं रंक राव। मेरो धन गृह गोधन प्रभाव ॥ मेरे सुत तिय मैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सबल दीन । वे रूप सुभग मूरख प्रवीन ॥४॥ तन उपजत अपनी उपज जानि । तन नशत आपको नाश मान ॥ रागादि प्रगट जे दुःखदैन । तिनहीको सेवत गिनहि चैन ।५॥ शुभ-अशुभ बंधके फल मझार । रति अरति करै निजपद विसार ॥ आतमहितहेतु विराग ज्ञान । ते लखै आपको कष्टदान ॥६॥ रोकी न चाह निजशक्ति खोय । शिवरूप निराकुलता न जोय । याही प्रतीतजुत कछुक ज्ञान । सो दुखदायक अज्ञान जान ॥७॥ इनजुत विषयनिमें जो प्रवृत्त ताको जानो मिथ्याचरित्त ॥ या मिथ्यात्वादि निसर्ग जेह । अब जे गृहीत सुनिये सु तेह ॥ जो कुगुरु कुदेव कुधर्म सेव । पोषैं चिरदर्शन मोह एव ॥ अंतररागादिक धरैं जेह । बाहर धन अंवरतैं सनेह ॥९॥ धारैं कुलिंग लहि महतभाव । ते कुगुरु जनमजल उपलनाव ॥ जे रागरोषमलकरि मलीन । बनितागदादिजुत चिन्हचीन ॥१०॥ ते हैं कुदेव तिनकी जु सेव । शठ करत न तिन भवभ्रमनछेव ॥ रागादिभाव हिंसा समेत । दर्वित त्रसथावर मरनखेत ॥११॥ जे क्रिया तिन्हैं जानहु कुधर्म । तिन सरधै जीव लहे अशर्म ॥ याकौं गृहीतमिथ्यात जान । अब सुन गृहीत जो है कुज्ञान ॥१२॥ एकांतवाद दूषित समस्त । विषयादिकपोषक अप्रशस्त ॥ कपिलादिरचित श्रुतको अभ्यास । सो है कुबोध बहु देन त्रास ॥१३॥ जो ख्यातिलाभ पूजादि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चाह । धरि करत विविधविध देहदाह । आतम अनातम के ज्ञानहीन । जे जे करनी तनकरछीन ।।१४।। ते सब मिथ्याचारित्र त्यागि । अब आतमके हितपंथ लागि ।। जगजालभ्रमनको देय त्यागि । अब दौलत, निज आतम सुपागि ।।१५।।

तीसरी ढाल । नरेंद्र छंद (जोगीरासा)

आतमको हित है सुख सो सुख आकुलता बिन कहिये । आकुलता शिवमाँहि न तातैं, शिवमग लाग्यो चहिये । सम्यकदर्शन ज्ञान चरन शिव-मग सो दुविध विचारो । जो सत्यारथ रूप सु निश्चय, कारन सो व्यवहारो ।।१।। परद्रव्यनितैं भिन्न आपमें रुचि,सम्यक्त भला है । आप रूपको जानपनो, सो सम्यकज्ञानकला है ।। आपरूप में लीन रहै थिर सम्यकचारित सोई । अब व्यवहार मोक्षमग सुनिये, हेतु नियतको होई ।।२।। जीव अजीव तत्व अरु आस्रव, बंधरु संवर जानो । निर्जर मोक्ष कहे जिन तिनको,ज्योंको त्यों सरधानो ।। है सोई समकित व्यवहारी,अब इन रूप बखानो । तिनको सुनि सामान्यविशेषैं,दृढ़ प्रतीत उर आनो ।।३।। बहिरातम अंतरआतम परमातम जीव त्रिधा है। देह जीवको एक गिनै,बहिरातमतत्व मुधा है ।। उत्तम मध्यम जघन त्रिविधिके अंतरआतमज्ञानी । द्विविध संगबिन शुध-उपयोगी, मुनि उत्तम निजध्यानी ।४।। मध्यम अन्तरआतम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं जे,देशवती आगारी । जघन कहे अविरतसमदृष्टी तीनों शिवमगचारी ।। सकल निकल परमातम द्वैविध तिनमें घाति निवारी । श्री अरहंत सकल परमातम लोकालोकनिहारी ।५।। ज्ञानशरीरी त्रिविध कर्ममल-वर्जित सिद्ध महंता । ते हैं निकल अमल परमातम, भोगैं शर्म अनंता ।। बहिरातमता हेय जानि तजि,अंतरआतम हूजै । परमातमको ध्याय निरंतर, जो नित आनँद पूजै ।।६।। चेतनता विन सो अजीव हैं, पंच भेद ताके हैं । पुदगल पंच वरन--रस, गंध दु, फरस बसु जाके हैं ।। जीव पुद्गलको चलन सहाई, धर्मद्रव्य अनुरूपी । तिष्ठत होय अधर्म सहाई, जिन विनमूर्ति निरूपी ।।७।। सकल द्रव्यको वास जासमें, सो आकाश पिछानौं । नियत वरतना निशिदिन सो व्यवहारकाल परिमानों । यों अजीव अब आस्रव सुनिये, मनवचकाय त्रियोगा। मिथ्या अविरत अरु कषाय परमादसहित उपयोगा ।८।। ये ही आतमके दुखकारन, तातैं इनको तजिये। जीवप्रदेश बँधे विधिसों सो बंधन कबहुँ न सजिये ।। शमदमसों जो कर्म न आवैं, सो संवर आदरिये । तपबलतैं विधिझरन निरजरा, ताहि सदा आचरिये ।।९।। सकल करमतैं रहित अवस्था, सो शिव थिरसुखकारी । इहिविधि जो सरधा तत्त्वनकी, सो समकित व्योहारी ।। देव जिनेन्द्र गुरू परिग्रह बिन, धर्म दयाजुत सारी । यहू

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मान समकितको कारन, अष्टअंगजुत धारी ॥१०॥ वसु-मद टारि निवारि त्रिशठता, षट अनायतन त्यागो। शंका-दिक वसुदोष विना, संवेगादिक चित पागो। अष्ट अंग-अरु दोष पचीसों, अब संक्षेपहु कहिये बिन जानेतैं दोष गुननको, कैसे तजिये गहिये ॥११॥ जिनवचमैं शंका न धारि वृष, भवसुखवांछा भानैं। मुनितन मलिन न देख घिनावै, तत्त्व कुतत्त्व पिछानैं॥ निजगुन अर पर अवगुन ढाकै, वा जिनधर्म बढावै। कामादिककर वृषतैं चिगते, निज परको सु दिढावै॥१२॥ धर्मीसों गउबचछप्रीतिसम, कर जिनधर्म दिपावै। इन गुनतैं वितरीत दोष वसु, तिनको सतत खिपावै॥ पिता भूप वा मातुल नृप जो, होय तो न मद ठानै। मद न रूपको मद न ज्ञान को धन बलको मद भानै॥१३॥ तपको मद न मद जु प्रभुताको करै न सो निज जानै। मद धारै तौ येहि दोष वसु, समकितको मल ठानै॥ कुगुरुकुदेवकुवृषसेवककी नहिं प्रशंस उचरै है। जिनमुनि जिनश्रुत विन कुगुरादिक तिन्हैं न नमन करै है ॥१४॥ दोषरहित गुनसहित सुधी जे, सम्यकदरश सजे हैं। चरितमोहवश लेश न संजम पै सुरनाथ जजे हैं॥ गेहीपै गृहमें न रचै ज्यों, जलमें भिन्न कमल है नगरनारिको प्यार यथा, कादे में हेम अमल है ॥१५॥ प्रथम नरक बिन षटभू ज्योतिष, वान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भवन षंड नारी। थावर विकलत्रय पशु में नहिं उपजत समकितधारी ॥ तीनलोक तिहुँ कालमाँहि नहिं, दर्शनसम सुखकारी। सकल धरमको मूल यही, इस विनकरनी दुखकारी। ॥१६॥ मोक्षमहलकी परथम सीढी, या विन ज्ञान चरित्रा। सम्यकता न लहै सो दर्शन, धारो भव्य पवित्रा। 'दौल' समझ सुन चेत सयाने, काल वृथा मत खोवै। यह नरभव फिर मिलन कठिन है, जो सम्यक नहिं होवै ॥१७॥

5265

चौथी ढाल

दोहा।

सम्यक श्रद्धा धारि पुनि, सेवहु सम्यकज्ञान।
स्वपर अर्थ बहु धर्मजुत, जो प्रकटावन भान ॥१॥

रोला छन्द

सम्यकसाथै ज्ञान होय, पै भिन्न अराधो। लक्षण श्रद्धा जान, दुहूमें भेद अबाधो ॥ सम्यककारण जान, ज्ञान कारज है सोई। युगपद होतैं हू, प्रकाश दीपकतैं होई ॥१॥ तास भेद दो हैं परोक्ष, परतछ तिनमाहीं। मति श्रुत दोय परोक्ष, अक्ष मनतैं उपजाहीं ॥ अवधिज्ञानमनपर्जय, दो हैं देशप्रतच्छा। द्रव्यक्षेत्रपरिमान लिये जानैं जिय स्वच्छा ।२॥ सकल द्रव्यके गुन अनंत, परजाय अनंता। जानैं एकै काल, प्रगट केवलिभगवंता ॥ ज्ञान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समान न आन, जगतमें सुखको कारन । इह परमामृत जन्म जरामृत रोग निवारन ॥३॥ कोटि जनम तप तपैं, ज्ञान बिन कर्म झरैं जे । ज्ञानीके छिनमांहि त्रिगुप्तितैं सहज टरैं ते । मुनिव्रत धार अनंत बार, ग्रीवक उपजायो । पै निजआतमज्ञान बिना सुख लेश न पायो ॥४॥ तातै जिनवरकथित, तत्त्व अभ्यास करीजै । संशय विभ्रम मोह, त्याग आपो लखि लीजै ॥ यह मानुष पर्याय, सुकुल सुनिवो जिनवानी । इहविधि गये न मिलै, सुमणि ज्यों उदधिसमानी ॥५॥ धन समाज गज बाज राज, तो काज न आवै । ज्ञान आपको रूप भये फिर अचल रहावै । तास ज्ञान को कारन,स्वपरविवेक बखान्यो । कोटि उपाय बनाय, भव्य ताको उर आन्यो ॥६॥ जे पूरब शिवगये, जांय अब आगैं जै हैं । सो सब महिमा ज्ञानतनी, मुनिनाथ कहै हैं ॥ विषयचाह-दव-दाह, जगतजन अरनि दझावै । तासु उपाय न आन ज्ञानघनघान बुझावै ॥७॥ पुण्यपाप-फल माँहिं, हरख विलखौ मत भाई । यह पुद्गल परजाय, उपजि विनसैं थिर थाई ॥ लाख बातकी बात,यहै निश्चय उर लावो ॥ तोरि सकल जगदंदफंद,नित आतम ध्यावो ॥८॥ सम्यक-ज्ञानी होइ, बहुरि दृढ चारित लीजै । एकदेश अरु सकल-देश, तस भेद कहीजै ॥ त्रसहिंसाको त्याग वृथा, थावर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न संधारै। परवधकार कठोर निंद्य नहिं बयन उचारै ॥९॥ जल मृतिका बिन और नाहिं कछु गहै अदत्ता। निज बनिताविन, सकल नारिसौं रहै विरत्ता॥ अपनी शक्ति विचार परिग्रह थोरो राखे। दश दिशि गमन-प्रमान, ठान तसु सीम न नाखै ॥१०॥ ताहूमें फिर ग्राम गली गृह बाग बजारा। गमनागमन प्रमान ठान अन सकल निवारा॥ काहू की धनहानि, किसी जय-हार न चिंतैं। देय न सो उपदेश, होय अघ बनज कृषीतैं ॥११ कर प्रमाद जल भूमि, वृक्ष पावक न विराधै॥ असि धनु हल हिंसोपकरन, नहिं दे जस लाधै॥ रागद्वेष-करतारकथा, कबहूं न सुनीजै। औरहु अनरथदंड हेतु अघ तिन्हैं न कीजै ॥१२॥ धर उर समताभाव सदा, सामयिक करिये। पर्वचतुष्टयमाहिं पाप तजि प्रोषध धरिये॥ भोग और उपभोग नियमकरि ममतु निवारै। मुनि को भोजन देय फेर, निज करहि अहारै ॥१३॥ बारहव्रतके अती-चार, पन पन न लगावै। मरणसमै सन्यास धारि, तसु दोष नशावै॥ यों श्रावक व्रत पाल स्वर्ग, सोलम उप-जावै। तहतैं चय नरजन्म पाय मुनि ह्वै शिव जावै ॥१४॥

पांचवी ढाल। सखीछंद (मात्रा २४)

मुनिसकलवृती बडभागी, भवभोगनतैं वैरागी। वैराग्य उपावन माई, चिंतो अनुप्रेक्षा भाई ॥१॥ इन चिंतत समरस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जागै, जिमि ज्वलन पवनके लागै । जवही जिय आतम जानै, तबही जिय शिवसुख ठानै ॥२॥ जोबन गृह गोधन नारी । हय गय जन आज्ञाकारी । इन्द्रिय भोग छिन थाई, सुरधनु चपला चपलाई ॥३॥ सुर असुर खगाधिप जेते । मृग ज्यों हरि काल दले ते । मणि मंत्र तंत्र बहु होई, मरते न बचावै कोई ॥४॥ चहुँगति दुख जीव भरे हैं, परिवर्तन पंच करै हैं, सबविधि संसार असारा, यामें सुख नाहिं लगारा ॥५॥ शुभ अशुभ करमफल जेते, भोगैं जिय एकहि तेते । सुत दारा होय न सीरी, सब स्वारथके हैं भीरी ॥६॥ जलपय ज्यों जियतन मेला, पै भिन्न-भिन्न नहिं भेला । तो प्रगट जुदे धन धामा, क्यों ह्वै इक मिलि सुत रामा ॥७॥ पल-रुधिर राध-मल-थैली । कीकस वसादितें मैली । नवद्वार बहैं घिनकारी, अस देह करै किम यारी ॥८॥ जो जोगनकी चपलाई, तातें है आस्रव भाई। आस्रव दुखकार घनेरे, बुधिवंत तिन्हें निरवेरे ।९॥ जिन पुण्यपाप नहिं कीना, आतम अनुभव चित दीना ॥ तिन ही विधि आवत रोके, संवरलहि सुख अवलोके।१०॥ निज काल पाय विधि झरना, तासों निजकाज न सरना । तप करि जो कर्म खपावै, सोई शिवसुख दरसावै ।११॥ किनहू न करयो न धरै को, षटद्रव्यमयी न हरै को ॥ सो लोकमाहिं विन समता, दुख सहैं जीव नित भ्रमता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

।।१२।। अंतिम ग्रीवकलौंकी हद, पायो अनंतविरियां पद ।।
पर सम्यकज्ञान न लाध्यो, दुर्लभ जिनमें मुनि साध्यो
।।१३।। जे भाव मोहते न्यारे, दृग ज्ञान व्रतादिक सारे ।।
सो धर्म जबै जिय धारै, तबही सुख सकल निहारै ।।१४।।
सो धर्म मुनिनकरि धरिये, तिनकी करतूति उचरिये ।।
ताको सुनिकै भवि प्रानी, अपनी अनुभूति पिछानी ।।१५।।

छठी ढाल (हरिगीता छन्द)

षटकाय जीव न हननतैं सबविधि दरवहिंसाटरी, रागादि भाव निवारतैं हिंसा न भावित अवतरी। जिनके न लेश मृषा न जल तृण हू बिना दीयो गहैं, अठदशसहस विधि शीलधर चिदब्रह्ममें नित रम रहैं ।।१।। अंतर चतुर्दश भेद बाहिर संग दशधातैं टलैं, परमाद तजि चउकर मही लखि समिति ईर्यातैं चलैं। जग सुहितकर सब अहितहर श्रुति-सुखद सब संशय हरैं, भ्रमरोग-हर जिनके वचन मुखचंद्रतैं अमृत झरैं ।।२।। छ्यालीस दोष बिना सुकुल श्रावकतणे घर अशनको, लें तप बढ़ावन हेत नहिं तन पोषते तजि रसन को। शुचि ज्ञान संजम उपकरन लखिकें गहें लखिकें धरैं, निर्जंतु थान विलोकि तन-मलमूत्र-श्लेषम परिहरैं ।।३।। सम्यक् प्रकार निरोधि मन-वच-काय आतम ध्यावते, तिन सुथिर मुद्रा देखि मृगगण उपल खाज खुजावते। रसरूप-गंध तथा फरस अरु शब्द शुभ असुहावने, तिनमें न राग

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विरोध पचेंद्रियजयन पद पावने ।।४।। समता सम्हारैं थुति उचारैं बंदना जिनदेवको, नित करैं श्रुतिरति धरैं प्रतिक्रम तजैं तन अहमेवको । जिनके न न्हौन न दंतधोवन लेश अंबर आवरन, भूमाहि पिछली रयनिमें कछु शयन एकाशन करन ।।५।। इक बार दिन में लें अहार खड़े अलप निज पानमें, कचलोंच करत न डरत परिषहसों लगे निज ध्यानमें । अरिमित्र महल मसान कंचन काच निंदन थुति करन, अर्घावतारन असिप्रहारनमें सदा समताधरन ।।६।। तप तपैं द्वादस धरैं वृष दश रतनत्रय सेवें सदा, मुनि साथ में वा एक विचरैं चहैं नहिं भवसुख कदा । यों है सकल संजम चरित सुनिये स्वरूपाचरन अब, जिस होत प्रगटै आपनी निधि मिटै परकी प्रवृत्ति सब ।।७।। जिन परम पैनी सुबुधि छैनी डारि अंतर भेदिया, वरनादि अरुरागादितैं निज भाव को न्यारा किया । निज माँहि निज के हेतु निजकर आपको आपै गह्यो गुनगुनी ज्ञाता ज्ञेय मझार कछु भेद न रह्यो ।।८।। जहँ ध्यान ध्याता ध्येय को न विकल्प वच भेद न जहाँ, चिद्भाव कर्म चिदेश करता चेतना किरिया तहाँ । तीनों अभिन्न अखिन्न शुध उपयोगकी निश्चल दशा, प्रकटी जहाँ दृगज्ञान व्रत ये तीनधा एकै लशा ।।९।। परमान नय निक्षेपको न उदोत अनुभव में दिखै, दृग-ज्ञान-सुख-बलमय सदा नहिं आन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाव जु मो विखैं। मैं साध्य साधक मैं अबाधक कर्म अरु तसु फलनितैं, चित पिंड चंड, अखण्ड, सुगुन, करंड च्युत पुनि कलनितैं ॥१०॥ यों चित्य निजमें थिर भये तिन अकथ जो आनन्द लह्यो, सो इन्द्र नाग नरेन्द्र व अहमिंद्र नाहीं कह्यो, तब ही शुकलध्यानाग्निकरि चउघाति विधि-कानन दह्यो। सब लख्यो केवलज्ञानकरि भविलोकको शिवमग कह्यो११पुनि घाति शेष अघाति विधि छिनमाँहि अष्टमभू बसैं, वसुकर्म विनसैं सुगुन वसु सम्यक्त्व आदिक सब लसैं। संसार खार अपार पारावार तिर तीरहिं गये। अविकार अकल अरूप शुध चिद्रूप अविनाशीभये ॥१२॥ निजमांहि लोक अलोक गुन परजाय प्रतिबिंबित थये। रहि हैं अनंतानंतकाल यथा तथा शिव परनये। धनि धन्य है जे जीव नरभव पाय यह कारज किया। तिनही अनादि भ्रमन पंचप्रकार तजि वह सुख लिया ॥१३॥ मुख्योपचार दुभेद यों बड़भागि रत्नत्रय धरैं। अरु धरेंगे ते शिव लहैं तिन सुजस जल जगमल हरैं॥ इमि जानि आलस हानि साहस ठानि यह सिख आदरो। जबलों न रोग जरा गहै तबलों झटिति निज हितकरो ॥१४॥ यह राग आग दहै सदा तातैं समामृत सेइये। चिर भजे विषय कषाय अब तौ त्याग निजपद बेइये॥ कहा रच्यो परपदमें न तेरो पद यहै क्यों दुख सहै। अब दौल, होउ सुखी स्वपद रचि दाव मत चूको यहै ॥१५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहा

इक[१] नव[९] वसु[८] इक[१] वर्षकी, तीज शुक्ल वैशाख ।
करयो तत्व उपदेश यह लखि बुधजनकी भाख ॥१६॥
लघुधी तथा प्रमादतैं, शब्द अर्थकी भूल ।
सुधी सुधार पढो सदा, जो पावो भवकूल ॥१७॥

इति श्री पं० दौलतरामजीकृत छहढाला समाप्त ।

समाधिमरण भाषा छोटा

(३)

गौतम स्वामी बन्दों नामी मरण समाधि भला है । मैं कब पाऊं निसदिन ध्याऊं गाऊं वचन कला है ॥ देव धरम गुरु प्रीति महा दृढ़ सात व्यसन नहिं जाने । त्यागि बाइस अभक्ष संयमी बारह व्रत नित ठाने ॥१॥ चक्की उखरी चूलि बुहारी पानी त्रस न विरोधे । बनिज करे पर द्रव्य हरे नहिं छहो करम इमि साधे ॥ पूजा शास्त्र गुरुनकी सेवा संयम तप चहुँदानी । परउपकारी अल्प अहारी सामायिक विधि ज्ञानी ॥ जाप जपे तिहूँ योग धरे दृग तन की ममता टारै । अन्त समय वैराग्य सम्हारे ध्यान समाधि बिचारै ॥ आग लगे अरु नाव डूबे जब धर्म विघन जब आवे । चार प्रकार अहार त्यागिके मन्त्र सुमन में ध्यावे ॥३॥ रोग असाध्य जहां

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहु देखे कारण और निहारे। बात बड़ी है जो बनि आवे भार भवनको डारे ।। जो न बने तो घरमें रह करि सबसों होय निराला। मात पिता सुत त्रियको सौंपे निज परिग्रह इहि काला ।।४।। कछु चैत्यालय कछु श्रावक जन कछु दुखिया धन देई। क्षमा क्षमा सबहीसों कहिके मनकी शल्य हरेई ।। शत्रुन सों मिलि निज कर जोरे मैं बहु करी है बुराई। तुमसे प्रीतमको दुख दीने ते सब बकसो भाई ।।५।। धन धरती जो मुखसो मांगे सो सब दे संतोषे। छहों कायके प्राणी ऊपर करुणा भाव विशेषे।। ऊंच नीच घर बैठ जगह इक कछु भोजन कछु पेंले। दूधा धारी क्रम क्रम तजिके छाछ अहार पहेले ।।६।। छाछ त्यागिके पानी राखे पानी तजि संथारा। भूमि मांहि फिर आसन माड़े साधर्मी ढिग प्यारा।। जब तुम जानो यह न जपै है तब जिनवाणी पढ़िये। यों कहि मौन लियो सन्यासी पंच परम पद गहिये ।।७।। चौ आराधन मनमें ध्यावे। बारह भावन भावे। दशलक्षण मन धर्म विचारे रत्नत्रय मन लावे।। पैंतिस सोलह षट पन चारों दुई इक ब रन विचारे। काया तेरी दुखकी ढेरी ज्ञानमई तू सारे ।।८।। अजर अमर निज गुण सो पूरे परमानंद सुझावै। आनन्दकन्द चिदानन्द साहब तीन जगतपति ध्यावे ।। क्षुधा तृषादिक होई परिषह सहै भाव सम राखै। अती-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चार पांचों सब त्यागे ज्ञान सुधारस चाखै ॥९॥ हाड़ मांस सब सूखी जाय जब धर्मलीन तन त्यागे। अद्भुत पुण्य उपाय सुरगमें सेज उठे ज्यों जागे। तहंतैं आवै शिवपद पावे विलसे सुख अनन्तो। द्यानत यह गति होय हमारी जैनधरम जयवन्तो ॥१०॥

समाधिमरण भाषा बड़ा।

पं० सूरजचन्दजी रचित। नरेन्द्रछन्द।

बंदों श्री अरहंत परमगुरु, जो सबको सुखदाई। इस जगमें दुख जो मैं भुगते, सो तुम जानो राई॥ अब मैं अरज करूं प्रभु तुमसे, कर समाधि उरमाहीं। अंत समय में यह वर मागूं, सो दीजै जगराई ॥१॥ भवभवमें तनधार नये मैं, भव भव शुभ संग पायो। भवभवमें नृपरिद्धि लई मैं, मात पिता सुत थायो॥ भवभवमें मैं तन पुरुषतनों धर, नारी हू तन लीनों। भवभव मैं भयो नपुंसक, आतमगुण नहिं चीनो॥ भवभव में सुरपदवीपाई, ताके सुख अति भोगे। भवभव में गति नरकतनी धर, दुख पाये विधि योगे॥ भवभव में तिर्यंच योनिधर, पायो दुख अति भारी। भवभवमें साधर्मीजन को, संगमिल्यो हितकारी ॥३॥ भवभवमें जिनपूजन कीनी, दान सुपात्रहिं दीनो। भवभवमें मैं समवशरणमें, देख्यो जिनगुण भीनो। एती वस्तु मिली भवभव में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्यकगुण नहिं पायो। ना समाधियुत मरण कियो मैं, तातैं जग भरमायो ॥४॥ काल अनादि भयो जग भ्रमतें-सदा कुमरणहिं कीनो। एकबार हूँ सम्यकयुत मैं, निज आतम नहिं चीनो ॥ जो निजपरको ज्ञान होय तो, मरण समय दुख कांइं। देह विनासी मैं निजभासी, जोतिस्वरूप सदाई ॥५॥ विषयकषायनके वश होकर, देह आपनो जान्यो। कर मिथ्यासरधान हिये विच, आतम नाहिं पिछान्यो ॥ यों क्लेश हियधार मरणकर, चारों गति भरमायो। सम्यकदर्शन-ज्ञान-चरन ये, हिरदेमें नहिं लायो ॥६॥ अब या अरज करूं प्रभु सुनिये, मरण समय यह मांगों। रोगजनित पीड़ा मत होवो, अरु कषाय मत जागो। ये मुझ मरणसमय दुखदाता, इन हरसाता कीजं। जो समाधियुत मरण होय मुझ, अरु मिथ्यागद छीजै ॥७॥ यह तन सात कुधातमई है, देखत ही घिन आवै। चर्म-लपेटी ऊपर सोहै, भीतर विष्टा पावै ॥ अतिदुर्गंध अपा-वनसों यह मूरख प्रीति बढ़ावै। देह निवासी जिय अवि-नासी नित्यस्वरूप कहावै ॥८॥ यह तन जीर्ण कुटीसम आतम, यातैं प्रीति न कीजै। नूतन महल मिलै जब भाई तब यामें क्या छीजै, मृत्युहोने से हानि कौन है, याको भय मत लावो। समतासे जो देह तजोगे, तो शुभतन तुम पावो ॥९॥ मृत्यु मित्र उपकारी तेरो, इस अवसरके माहीं। जीरन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तनसे देय नयो यह, या सम साहू नाहीं ।। या सेती इस मृत्युसमयपर, उत्सव अति ही कीजै । क्लेशभावको त्याग सयाने समताभाव धरीजै ।।१०।। जो तुम पूरव पुण्य किये हैं,तिनको फल सुखदाई । मृत्युमित्र बिन कौन दिखावै, स्वर्गसंपदा भाई ।। रागरोषको छोड़ सयाने, सात व्यसन दुखदाई । अंतसमयमैं समता धारो, परभवपंथ सहाई ।।११।। कर्म महादुठ बैरी मेरो, तासेती दुख पावै । तन पिंजरमें बंध कियो मोहि, यासों कौन छुडावै ।। भूख तृषा दुख आदि अनेकन, इस ही तनमें गाढै । मृत्युराज अब आय दयाकर, तनपिंजरसोंकाढै ।।१२।। नाना वस्त्राभूषण मैंने, इस तनको पहराये । गंधसुगंधित अतर लगाये, षटरस असन कराये ।। रात दिना मैं दास होयकर, सेव करी तन केरी । सो तन मेरे काम न आयो, भूल रह्यो निधि मेरी ।।१३।। मृत्युरायको शरन पाय तन, नूतन ऐसो पाऊँ । जामें सम्यकरतन तीन लहि आठों कर्म खपाऊँ ।। देखो तन सम और कृतघ्नी, नाहिं सु या जगमाहीं । मृत्युसमयमें ये ही परिजन सब ही हैं दुखदाई ।।१४।। यह सब मोह बढ़ावन हारे, जियको दुर्गति दाता । इनसे ममत निवारो जियरा, जो चाहो सुख साता ।। मृत्यु-कल्प-द्रुम पाय सयाने, माँगों इच्छा जेती । समता धरकर मृत्यु करो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तो पावो संपति तेती ॥१५॥ चौआराधन सहित प्राण तज, तौ ये पदवी पावो । हरि प्रतिहरि चक्री तीर्थेश्वर स्वर्गमुकतिमें जावो ॥ मृत्युकल्पद्रुम सम नहिं दाता, तीनों लोक मझारे । ताको पाय कलेश करो मत, जन्म जवाहर हारे ॥१६॥ इस तनमें क्या राचे जियरा, दिन दिन जीरन हो है ॥ तेजकांति बल नित्य घटत है, या सम अथिर सु को है । पाँचों इन्द्री शिथिल भई अब, स्वास शुद्ध नहिं आवै । तापर भी ममता नहिं छोड़े, समता उर नहिं लावे ॥१७॥ मृत्यु राज उपकारी जियको, तनसों तोहि छुड़ावै । नातर या तन बंदीग्रह में, परचो परचो बिललावै ॥ पुदगलके परमाणु मिलकैं, पिंडरूप तन भासी । या ही मूरतमें अमूरती, ज्ञानजोति गुणखासी ॥१८॥ रोगशोक आदिक जो वेदन, ते सब पुदगललारैं । मैं तो चेतन व्याधि बिना नित, हैं सो भाव हमारे ॥ या तनसों इस क्षेत्र संबंधी, कारण आन बन्यो है । खानपान दे याको पोष्यो, अब सम भाव ठन्यो है ।१९। मिथ्यादर्शन आत्मज्ञान बिन, यह तन अपनों जान्यो । इन्द्रीभोग गिने सुख मैंने, आपों नाहिं पिछान्यो ॥ तन विनशनतैं नाश जानि निज, यह अयान दुखदाई । कुटुम आदिको अपनो जान्यो, भूल अनादी छाई ॥२०॥ अब निजभेद जथारथ समझयो, मैं हूं ज्योतिस्वरूपी ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपजै विनसै सो यह पुद्गल, जान्यौ याको रूपी ॥ इष्टऽनिष्ट जेते सुख दुख हैं, सो सब पुद्गल सागै । मैं जब अपनो रूप विचारों, तब वे सब दुख भागैं ॥२१॥ बिन समता तनऽनंत धरे में, तिनमैं ये दुख पायो । शस्त्रघाततैंऽनन्त बार मर, नाना योनि भ्रमायो ॥ बार अंनत हि अग्नि माँहि जर, मूवो सुमति न लायो । सिंह व्याघ्र अहिनन्त बार मुझ, नाना दुःख दिखायो ॥२२॥ विन समाधि ये दुःख लहे मैं, अब उर समता आई । मृत्युराजको भय नहिं मानो, देवै तन सुखदाई ॥ यातैं जब लग मृत्यु न आवै, तबलग जपतप कीजै । जपतप-बिन इस जग के माहीं, कोई भी ना सीजै ॥ स्वर्गसंपदा तपसों पावें, तपसों कर्म खिपावै । तपहीसों शिवकामिनि-पति ह्वै, यासों तप चित लावै ॥ अब मैं जानी समता बिन मुझ कोऊ नाहिं सहाई । मात पिता सुत बांधव तिरिया ये सब हैं दुःखदाई ॥२४॥ मृत्यु समयमें मोह करैं ये, तातैं आरत हो है । आरततैं गति नीची पावै, यों लख मोह तज्यो है ॥ और परिग्रह जेते जग में तिनसों प्रीत न कीजे । परभवमें ये संग न चालैं, नाहक आरत कीजे ॥२५॥ जे जे वस्तु लखत हैं ते पर, तिनसों नेह निवारो । परगतिमें ये, साथ न चालै, ऐसो भाव विचारो ॥ जो परभवमें संग चलै तुझ, तिनसों प्रीत

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सु कीजै । पंच पाप तज समता धारो, दान चार विध दीजै ॥२६॥ दशलक्षणमयधर्म धरो उर अनुकंपा उर लावो । षोडशकारण नित्य विचारो, द्वादश भावन भावो ॥ चारौं परवी प्रोषध कीजै, अशन रातको त्यागो । समता धर दुरभाव निवारो, संयमसों अनुरागो ॥२७॥ अंतसमयमें यह शुभ भावहि, होवैं आनि सहाई । स्वर्ग-मोक्षफल तोहि दिखावैं, ऋद्धि देंहि अधिकाई । खोटेभाव सकल जिय त्यागो, उरमें समता लाकैं । जासेती गतिचार दूरकर, वसहु मोक्षपुर जाकैं ॥२८॥ मनथिरता करकै तुम चितो, चौ आराधन भाई । येही तोकों सुखकी दाता, और हितू कोउ नाहीं ॥ आगैं बहु मुनिराज भये हैं तिन गहि थिरता भारी । बहु उपसर्ग सहे शुभपावन, आराधन उरधारी ॥२९॥ तिनमें कछुइक नाम कहूं मैं, सो सुन जिय चित लाकै । भावसहित अनुमोदे तासों, दुर्गति होय न ताकै ॥ अरु समता निज उरमें आवै, भाव अधीरज जावै । यों निशदिन जो उन मुनिवरको, ध्यान हिये बिच लावै ॥ धन्य धन्य सुकुमाल महामुनि, कैसे धीरज धारी । एक श्यालनी जुगबच्चाजुत, पांव भक्ष्यो दुखकारी ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी । तौ तुमरे जिय कौन दुःख हैं ? मृत्यु महोत्सव भारी ॥३१॥ धन्य धन्य जु सुकोशल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वामी, व्याघ्रीने तन खायो। तौ भी श्रीमुनि नेक डिगे नहिं, आतम सों हित लायो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी। तौ तुमरे० ॥३२॥ देखो गजमुनिके शिर ऊपर, विप्र अगिनि बहु बारी। शीश जलैं जिम लकड़ी तिनको, तो भी नाहिं चिगारी ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी। तौं तुमरे० ॥३३॥ सनतकुमार मुनीके तनमें, कुष्ट वेदना व्यापी। छिन्न भिन्न तन तासों हूवो, तब चिंत्यो गुण आपी। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित-धारी। तौ तुमरे० ॥३४॥ श्रेणिक सुत गंगामें डूबयो, तब जिननाम चितारयो। धर सलेखना परिग्रह छोडयो, शुद्ध भाव उर धारयो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित धारी। तौ तुमरे० ॥३५॥ समंतभद्रमु-निवरके तनमें, क्षुधावेदना आई। तौ दुखमें मुनिनेंक न डिगियो, चिंत्यो निजगुण भाई ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी। तौ तुमरे० ॥३६॥ ललितघटादिक तीस दोय मुनि, कौशांबीतट जानो। नद्दी में मुनि बहकर मूवे, सो दुख उन नहीं मानो ॥ यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी। तौ तुमरै० ॥३७॥ धर्मघोष मुनि चंपानगरी, बाह्य ध्यान धर ठाड़ो। एक मासकी कर मर्यादा, तृषा दुःख सह

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गाढ़ो ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित-धारी ।। तौ तुमरे० ।।३८।। श्रीदत्तमुनि को पूर्वजन्मको, बैरी देव सु आके । विक्रय कर दुख शीततनोसो, सह्यो साध मन लाके ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आरा-धन चितधारी । तौ तुमरे० ।।३९।। वृषभसेन मुनि उष्ण शिलापर, ध्यान धरयो मनलाई । सूर्य घाम अरु उषण पवनकी, वेदन सहि अधिकाई ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४०।। अभयघोषमुनि काकंदीपुर, महावेदना पाई । बैरी चंडने सब तन छेद्यो, दुख दीनो अधिकाई ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४१।। विद्युतचरने बहु दुख पायो, तौ भी धीर न त्यागी । शुभ भावनसों प्राण तजे निज, धन्य और बड़भागी ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४२।। पुत्र चिलाती नामा मुनिको, बैरीने त[illegible] घाता । मोटे मोटे कीट पड़े तन, तापर निज गुण राता ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।। ४३।। दंडकनामा मुनिको देही, बाणन कर अरि भेदी । तापर नेक डिगे नहिं वे मुनि कर्म महारिपु छेदी ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन, चितधारी । तौ तुमरे० ।।४४।। अभिनंदन मुनि आदि पांचसौ, घानी पेलि जु मारे । तौ भी श्रीमुनि समता धारी, पूरवकर्म

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विचारे ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चित-धारी । तौ तुमरे० ।।४५।। चाणक मुनि गौघरके माहीं, मूंद अगिन परजाल्यो । श्री गुर उर समभाव धारके अपनो रूप सम्हाल्यो । यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आरा-धन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४६।। सातशतक मुनिवर दुख पायो, हथनापुर में जानो । बलिब्राह्मणकृत घोर उप-द्रव सो मुनिवर नहिं मानो ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४७।। लोहमयी आभूषण गढ़के, ताते कर पहराये । पांचों पांडव मुनिके तनमें, तौ भी नाहि चिगाये ।। यह उपसर्ग सह्यो धर थिरता, आराधन चितधारी । तौ तुमरे० ।।४८।। और अनेक भये इस जग में, समता-रस के स्वादी । वे ही हमको हो सुखदाता, हर हैं टेव प्रमादी ।। सम्यकदर्शन ज्ञान चरन तप, ये आराधन चारों । येही मोकों सुखकी दाता इन्हें सदा उर धारों ।।४९।। यो समाधि उरमाहीं लावो, अपनो हित जो चाहो । तज ममता अरु आठों मद को जोतिस्वरूपी ध्यावो ।। जो कोई नित करत पयानो, ग्रामान्तर के काजै सो भी शकुन विचारै नीके, शुभके कारण साजै ।।५०।। मातापितादिक सर्व कुटुम सब, नीके शकुन बनावै । हल्दी धनिया पुंगी अक्षत, दूध दही फल लावै । एक ग्राम जाने के कारण, करैं शुभाशुभ सारे । जब परगति को करत पयानो, तब नहिं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सोचो प्यारे। ।।५१।। सर्वकुटुम जब रोवन लागै तोहिं रुलावे सारे। ये अपशकुन करैं सुन तोकों, तू यों क्यों न विचारै ।। अब परगतिको चालत बिरियां, धर्मध्यान उर आनो, चारों आराधन मन में आराधो, मोहतनो दुख हानो ।।५२।। होय निःशल्य तजो सब दुविधा, आतमराम सुध्यावो। जब परगतिको करहु पयानो, परम तत्व उर लावो ।। मोह जालको काट पियारे, अपनो रूप विचारो। मृत्युमित्र उपकारी तेरो, यों उर निश्चय धारो ।।५३।।

दोहा

मृत्युमहोत्सव पाठको, पढ़ौ सुनों बुधिवान।
सरधा धर नित सुख लहो, सूरचंद शिवथान ।।५४।।
पंच उभय नव एक नभ, संवत सो सुखदाय।
आश्विन श्यामा सप्तमी, कह्यो पाठ मन लाय ।।५५।।

इति श्रीसमाधिमरण पाठ भाषा समाप्त ।।

संक्षिप्त सूतकविधि।

सूतकमें देव शास्त्र गुरुकी पूजन प्रक्षालादिक करना, तथा मंदिरजीकी जाजम वस्त्रादिको स्पर्श नहीं करना चाहिये। सूतकका समय पूर्ण हुये बाद पूजनादि करके पात्रदानादि करना चाहिये।

१—जन्मका सूतक दश दिन तक माना जाता है।

२—यदि स्त्रीका गर्भपात (पांचवे छठे महिने में) हो तो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जितने महीनेका गर्भपात हो उतने दिनका सूतक माना जाता है।

३—प्रसूता स्त्रीको ४५ दिनका सूतक होता है कहीं-कहीं चालीस दिनका भी माना जाता है। प्रसूतिस्थान एक मास तक अशुद्ध है।

४—रजस्वला स्त्री चौथे दिन पतिके, भोजनादिकके लिये शुद्ध होती है परन्तु देवपूजन, पात्रदान के लिये पाँचवें दिन शुद्ध होती है। व्याभिचारिणी स्त्रीके सदा ही सूतक रहता है।

५—मृत्युका सूतक तीन पीढ़ीतक १२ दिनका माना जाता हैं। चौथी पीढ़ीमें छह दिनका, पांचवीं छट्ठी पीढ़ी तक चार दिनका, सातवीं पीढ़ींमें तीन, आठवीं, पीढ़ीमें एक दिन रात, नवमी पीढ़ीमें स्नानमात्रसे शुद्धता हो जाती है।

६—जन्म तथा मृत्युका सूतक गोत्रके मनुष्यको पांच दिनका होता है। तीन दिनके बालककी मृत्युका एक दिनका, आठ वर्षके बालककी मृत्युका तीन दिन तक का माना जाता है। इसके आगे १२ दिनका।

७—अपने कुलके किसी गृहत्यागी का सन्यास, मरण, वा किसी कुटुम्बीका संग्राममें मरण हो जाय तो एकदिनका सूतक माना जाता है।

८—यदि अपने कुलका कोई देशांतरमें मरण करे और १२ दिन पहले खबर सुनेतो शेष दिनों का ही सूतक मानना चाहिये, यदि १२ दिन पूर्ण हो गये हों तो स्नानमात्र सूतक जानो।

९—गौ, भैंस, घोड़ी आदि पशु अपने घरमें जनै तो एक दिनका सूतक और घर के बाहर जनै तो सूतक नहीं होता है। दासी दास तथा पुत्रीके घर में प्रसूति होय तो एक दिन, मरण हो तो तीन दिनका सूतक होता है। यदि घर से बाहर हो तो सूतक नहीं। जो कोई अपने को अग्नि आदिक में जलाकर वा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विष शस्त्रादिसे आत्महत्या करे तो छह महिने तकका सूतक होता है। इसी प्रकार और भी विचार हैं सो आदिपुराणसे जानना।

१०—बच्चा हुये बाद भैंसका दूध १५ दिन तक, गाय का दूध १० दिन तक, बकरी का ८ दिन तक अभक्ष्य (अशुद्ध) होता है। देशभेदसे सूतक विधान में कुछ न्यूनाधिक भी होता है परन्तु शास्त्र की पद्धति मिलाकर ही सूतक मानना चाहिये।

बारहभावना भूधरदासकृत

अनित्य भावना। (दोहा)

राजा राणा छत्रपति, हथियन के असवार।
मरणा सबको एक दिन, अपनी अपनीवार ॥१॥

अशरण भावना।

दल बल देवी देवता, मात पिता परिवार।
मरती बिरियाँ जीव को, कोई न राखनहार ॥२॥

संसार भावना।

दाम बिना निर्धन दुःखी, तृष्णा वश धनवान।
कहीं न सुख संसार में, सब जग देख्यो छान ॥३॥

एकत्व भावना।

आप अकेला अवतरे, मरे अकेला होय।
यों कबहूँ इस जीव का, साथी सगा न कोय ॥४॥

अन्यत्व भावना।

जहाँ देह अपनी नहीं, तहाँ न अपना कोय।
घर संपति पर प्रगटये, पर हैं परिजन लोय ॥५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अशुचि भावना ।

दिपे चाम चादर मढ़ी, हाड पींजरा देह ।
भीतर या सम जगत् में, और नहीं घिन गेह ॥६॥

आश्रव भावना । (सोरठा)

मोह नींद के जोर जगवासी घूमें सदा ।
कर्म चोर चहुँ ओर, सरवस लूटें सुध नहीं ॥७॥

संवर भावना ।

सत्गुरु देय जगाय, मोह नींद जब उपशमैं ।
तब कुछ बने उपाय, कर्म चोर आवत रुकें ॥८॥

निर्जरा भावना । (दोहा)

ज्ञान दीप तप तेल भर, घर सौधैं भ्रम छोर ।
या विधि बिन निकसे नहीं, बैठे पूरब चोर ॥९॥
पंचमहाव्रत संचरण, समिति पंच परकार ।
प्रबल पंच इन्द्री विजय, धार निर्जरा सार ॥१०॥

लोक भावना ।

चौदह राजू उतंग नभ, लोक पुरुष संठान ।
तामें जीव अनादि ते, भरमत हैं बिन ज्ञान ॥११॥

धर्म भावना ।

जांचे सुर तरु देह सुख, चिन्तत चिन्ता रैन ।
बिन जांचे बिन चिन्तयें, धर्म सकल सुख दैन ॥१२॥

बोधिदुर्लभ भावना ।

धन कन कंचन राज सुख, सबैं सुलभ कर जान ।
दुर्लभ है संसार में, एक यथारथ ज्ञान ॥१३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बाईस परीषह ।

(भूधरदासजी कृत)

छप्पय ।

क्षुधा तृषा हिम उष्ण दंशमशक दुःख भारी । निरावरण तन अरति खेद उपजावत नारी ।। चर्या आसन शयन दुष्टवाधक वधबंधन । यांचें नहीं अलाभ रोग तृण स्पर्श निबन्धन । मलजनितमानसन्मान वशप्रज्ञा और अज्ञानकर । दर्शन मलिन बाईस सब साधु परीषह जान नर ।।

दोहा ।

सूत्रपाठ अनुसार ये. कहे परीषह नाम ।
इनके दुख जे मुनि सहैं, तिन प्रति सदा प्रणाम ।।

१ क्षुधा परीषह (सवैया)

अनशन ऊनोदर तप पोषत पक्ष मास दिन बीत गये हैं । जो नहीं बने योग्य भिक्षा विधि सूख अंग सब शिथिल भये हैं ।। तब तहां दुस्सह भूख की वेदन सहित साधु नहीं नेक नये हैं । तिनके चरण कमल प्रति २ दिन हाथ जोड़ हम सीस नये हैं ।

२ तृषा परीषह ।

पराधीन मुनिवर की भिक्षा पर घर लेंय कहें कुछ नाहीं । प्रकृति विरुद्ध पारणा भुंजत बढ़त प्यास की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्रास तहां ही ।। ग्रीषमकाल पित्त अति कोपे लोचन दोय फिरें जब जाहीं । नीर न चहैं तिससे मुनि जयवन्तों वरतो जग माहीं ।।

३ शीत परीषह ।

शीतकाल सब ही जन कम्पैं खड़े जहां वन वृक्ष दहे हैं । झंझा वायु बहे वर्षा ऋतु बर्षत बादल झूम रहे ।। तहां धीर तटिनी तट चौपट ताल पाल पर कर्म दहे हैं ।। सहैं सम्हाल शीत की बाधा ते मुनि तारण तरण कहे हैं ।।

४ उष्ण परीषह

भूख प्यास पीड़े उर अन्तर प्रज्वले आंत देह सब दागे । अग्नि स्वरूप धूप ग्रीषम की ताती बाल झालसी लागे ।। तपै पहाड़ ताप तन उपजै कोप पित्त दाहज्वर जागे । इत्यादिक गर्मी की बाधा सहैं साधु धैर्य्य नहीं त्यागे ।।

५ दंशमशक परीषह ।

दंशमशक माखी तनु काटें पीड़ें बन पक्षी बहुतेरे ।
डसें व्याल विषहारे बिच्छू लगें खजूरे आन घनेरे ।।
सिंघ स्याल शुण्डाल सतावें रीछ रोज दुःख दें घनेरे ।
ऐसे कष्ट सहैं समभावन ते मुनिराज हरो अघ मेरे ।।

६ नग्न परीषह ।

अन्तर विषय वासना वर्त्ते बाहिर लोक लाज भय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

